खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 07 मई 2025 । वर्ष –69 । अंक –171 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ कौन चाहता है युद्ध और...
■ जातिवार जनगणना से जुड़ी... 04
■ यूएनएससी में मदद मांगना पाकिस्तान को...
■ हूतियों ने इजरायल को उकसाया, अब... 09
■ फेड बैठक से पहले सोने में तूफानी...
■ बजट ने 3 दिन से जारी बढ़त का सिलसिला... 11
■ केकेआर के लिए...
■ नेतृत्व की मांगों को... 10

### मुख्यमंत्री ने घोषित किए 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम

# फिर अव्वल रहीं बेटियां

## 10वीं में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल पूरे प्रदेश में अव्वल

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं क्लास के रिजल्ट मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जारी कर दिए। 10वीं में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया। रीवा के आयुष द्विवेदी 499 अंक के साथ सेकंड व जबलपुर की शैजाह फातिमा 498 अंक के साथ थर्ड टॉपर रहीं। मेरिट में 212 स्टूडेंट्स हैं, जिसमें 145 लड़कियां शामिल हैं।

### 76.22 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए



### प्रदेश भर में 10वीं में ये रहे तीन टॉपर

- *सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल-500 अंक*
- *मऊगंज के आयुष द्वीवेदी-499 अंक*
- *जबलपुर की शैजाह फातिमा-498 अंक*

इस साल 9 लाख 53 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से 76.22 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। सीएम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि असफल स्टूडेंट्स स्वयं को फेल न समझें उनको परीक्षा का एक और मौका मिलेगा। माशिमं की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज का कहना है कि जो छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत की गई। इस तरह का प्रयोग करने वाला मध्यप्रदेश देश का तीसरा राज्य बन गया है। मध्यप्रदेश सरकार व मंडल ने छात्रों से अपील की है कि वे सही और अधिकृत पोर्टल्स का उपयोग करें। किसी अफवाह या अनाधिकारिक वेबसाइट पर भरोसा न करें।

**प्रज्ञा ने कहा लक्ष्य तय कर पढ़ाई करती**–सिंगरौली की टॉपर प्रज्ञा जायसवाल ने कहा कि मैं हर दिन लक्ष्य तय कर पढ़ाई >>शेष पृष्ठ 2 पर

## 12वीं में मैहर की प्रियल द्विवेदी प्रदेश में सबसे आगे



### प्रदेश में 12वीं में अव्वल रहे तीन विद्यार्थी

- *सतना की प्रियल द्विवेदी अंक-492*
- *ग्वालियर की रिमझम करोठिया अंक-491*
- *सतना के हर्ष पाण्डे अंक-490*

माध्यमिक शिक्षा मंडला की 12वीं में इस वर्ष 7 लाख 6 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें इनमें से 74.48 प्रतिशत स्टूडेंट्स उत्तीर्ण हुए है। मैहर की प्रियल द्विवेदी ने मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। प्रियल कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल अमरपाटन की स्टूडेंट हैं। प्रियल सिविल सर्विसेज में जाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि रेगलुर स्कूल जाएं, मन लगाकर पढ़ाई करें तो सफलता जरूर मिलती है।

### 74.48 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए

**भिंड की योग्यता होमसाइंस की स्टेट टॉपर**–भिंड जिले में लहार कस्बे के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा योग्यता टांक ने होमसाइंस स्ट्रीम में 500 में से 478 अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया है। योग्यता का कहना है कि मैं हर रोज आठ से दस घंटे पढ़ाई करती थी। रतलाम के सेंट स्टीफन हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा नेहा मालव ने 12वीं बायोलॉजी समूह से >>शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रदेश में नरसिंहपुर जिले का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ

हायर सेकेंडरी के रिजल्ट में नरसिंहपुर जिला सबसे बेहतर रहा, यहां 91.91 प्रतिशत रेगुलर व 50.85 फीसदी प्राइवेट स्टूडेंट उत्तीर्ण हुए हैं। इस लिस्ट में दमोह जिला सबसे नीचे हैं। यहां 48.05 प्रतिशत रेगुलर व 8.13 प्रतिशत प्राइवेट स्टूडेंट पास हुए हैं।

# युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायु सेना आज और कल करेगी युद्धाभ्यास

## पाकिस्तान बॉर्डर के पास हवाई अभ्यास करेगा भारत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है। युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायुसेना भारत-पाक सीमा के दक्षिणी भाग पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले का अभ्यास करेगी। ये हवाई एयर एक्सरसाइज बुधवार और गुरुवार को होगा।

जानकारी के अनुसार, भारत ने भारत-पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी भाग पर 7 और 8 मई को होने वाले बड़े पैमाने के हवाई अभ्यास के लिए एयरमेन को नोटिस जारी किया है। यह अभ्यास भारत की नियमित परिचालन तत्परता अभ्यास का हिस्सा है, जिसमें भारतीय वायु सेना राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर युद्धाभ्यास करेगी। नॉटम के अनुसार, यह अभ्यास 7 मई को रात 9:30 बजे शुरू होगा और 8 मई को सुबह 3:00 बजे तक जारी रहेगा। इससे प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी जहाज और ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी।

**राफेल, सुखोई कई विमान करेंगे युद्धाभ्यास**–भारतीय वायुसेना अधिकारी के एक अधिकारी ने कहा कि एयरफोर्स 7 मई से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में युद्धाभ्यास करेगी जिसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी फाइटर जेट शामिल होंगे। युद्धाभ्यास का समय और स्थान महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस क्षेत्र में हाल ही में सीमा पार की घटनाओं के बाद तनाव बढ़ गया है।

**प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे डोभाल**–पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय बैठक जारी है। मंगलवार को उनसे मिलने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां उनकी काफी देर बातचीत हुई है।

**मशालें, मोमबत्तियां, नकदी तैयार रखें**–गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जाएगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां अपने घरों पर रखें। इसके अलावा कैश भी साथ रखें, क्योंकि इमरजेंसी में मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं।

### *देश के 250 से ज्यादा जिलों में होगी ब्लैक आउट की रिहर्सल*

*देश के 250 से ज्यादा जिलों में 7 मई बुधवार को एक बड़ी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। मॉक ड्रिल के दौरान घोषित शहरों में ब्लैक आउट की रिहर्सल भी होगी। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखें। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ 'मॉक' अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे "नए और जटिल खतरों" को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है। सभी राज्यों में अधिकारी मॉक ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारियों, अस्पताल कर्मचारियों, रेलवे और मेट्रो अधिकारियों के अलावा पुलिस, अर्धसैनिक और रक्षा बलों के वर्दीधारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे।*



◆ आज रात को 9:30 बजे शुरू होगा युद्धाभ्यास

### *चिनाब का प्रवाह रोकने से पाकिस्तान में पानी की किल्लत*

***इस्लामाबाद।*** *भारत की ओर से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोके जाने के बाद नदी का जलस्तर कई गुना कम हो गया है, जिससे इस्लामाबाद में पानी की काफी किल्लत हो गयी है। पाकिस्तान ने भारत पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'जल युद्ध' में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने सोमवार को इस्लामाबाद को सूचित किए बिना जम्मू के बगलिहार और सलाल पनबिजली बांधों के माध्यम से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा देश दहशत में आ गया।*

### आईपीएल में आज



कोलकाता विरूद्ध चेन्नई (कोलकाता)
7.30 शाम से

### बिरादरी की बातें

**चूहा-सुनती हो**- खड़गे अब कह रहे हैं पहलगाम हमले की खुफिया सूचना मोदी जी के पास पहले थी, इसलिए कश्मीर दौरा रद्द किया।
**चुहिया- हां प्रिये**- पक्ष-विपक्ष पहले यह तय कर लें कि दुश्मन से लड़ना है या आपस में ?

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

## नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय लिया गया। पचमढ़ी नगर का नजूल क्षेत्र जिसका रकबा 395.931 हेक्टेयर है, जो साडा के प्रशासनिक नियंत्रण में है, को पचमढी अभयारण्य की सीमा से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व अधिसूचना 22 दिसम्बर 2017 द्वारा पचमढ़ी अभयारण्य की परिधि पर स्थित 11 ग्रामों को अभयारण्य से बाहर किया और कुछ ग्रामों को इन्क्लोजर में रखा गया है।

मंत्रि-परिषद द्वारा पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50-50 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि दिये जाने का अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पैरा-ओलम्पिक-2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाडियों को 50 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जिससे कुल सम्मान राशि 1 करोड़ रूपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा पैरा-ओलम्पिक खिलाडी सुश्री रूबिना फ्रांसिस और कपिल परमार को पैरा-ओलम्पिक खेल में >>शेष पृष्ठ 2 पर



◆ पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय
◆ पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि दिये जाने का अनुमोदन

### स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत

**कटिहार।** बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद जिस घर में खुशी का माहौल था, वह मातम में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, करीब एक बजे सड़क पर मक्के से लदी ट्रैक्टर को स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई है। वहीं, दो लोग घायल बताए जा रहे हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का दावा

# मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी

### सवाल : अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए गए ?

**रांची, (एजेंसियां)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था।

उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी। इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी। झारखंड की राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी। उन्होंने पूछा, 'क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है।' उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है।

उन्होंने सरकार से तीखे सवाल करते हुए कहा कि आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट होने के बाद भी केंद्र ने पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए? क्या केंद्र को पहलगाम हमले में जानमाल के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुद खुफिया चूक स्वीकार कर ली है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है।

### विनय नरवाल के घर पहुंचे राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को हरियाणा के करनाल में नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार से 1 घंटा 35 मिनट तक मुलाकात की। मुलाकात के बारे में परिवार के सदस्य ने कहा कि राहुल गांधी ने हमारी फैमिली से दुख साझा किया। उन्होंने विनय के बचपन और पढ़ाई के बारे में पूछा। इसके साथ विनय की स्कूल की मार्कशीट और बचपन की फोटो भी देखी। उन्होंने सुरक्षा में चूक की भी बात कही, जिसके चलते इतनी बड़ी घटना हुई।




Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### अदालत

## सुप्रीम कोर्ट के जज की बड़ी टिप्पणी

# "आरक्षण रेलगाड़ी के डिब्बे जैसा है, जो लोग इसमें चढ़ गए वे दूसरों को घुसने देना नहीं चाहते"

**नई दिल्ली।** देश में जाति आधारित आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जज की अहम टिप्पणी सामने आई है। जज ने कहा कि रिजर्वेशन रेलगाड़ी के डिब्बे जैसा हो गया है और जो लोग इस डिब्बे में चढ़ते हैं, वे दूसरों को इसमें नहीं घुसने देना चाहते।

**ओबीसी आरक्षण को लेकर की टिप्पणी**–सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। बता दें कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव आखिरी बार 2016-2017 में हुए थे। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए कोटा को लेकर कानूनी लड़ाई में पदों पर देरी का मुख्य कारण रहा था। 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटा लागू करने के महाराष्ट्र सरकार के अध्यादेश को रद कर दिया।

**याचिकाकर्ता ने क्या दी थी दलील?**–याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि राज्य के बंठिया आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण दिया, बिना यह पता लगाए कि वे राजनीतिक रूप से पिछड़े हैं या नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि राजनीतिक पिछड़ापन सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन से अलग है और ओबीसी को स्वचालित रूप से राजनीतिक रूप से पिछड़ा नहीं माना जा सकता। बात यह है कि इस देश में आरक्षण का कारोबार रेलवे की तरह हो गया है। जो लोग बोगी में घुस गए हैं, वे नहीं चाहते कि कोई और घुसे। यही पूरा खेल है। याचिकाकर्ता का भी यही खेल है। इस पर शंकरनारायणन ने कहा कि अब इसके पीछे भी बोगियां जोड़ी जा रही हैं। **आरक्षण के कारण स्थानीय निकायों के चुनाव में देरी क्यों?**–न्यायमूर्ति कांत ने मौखिक रूप से कहा कि जब आप समावेशिता के सिद्धांत का पालन करते हैं, तो राज्य अधिक वर्गों की पहचान करने के लिए बाध्य होते हैं। सामाजिक रूप से पिछड़ा वर्ग, राजनीतिक रूप से पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग होगा।

उन्हें लाभ से वंचित क्यों रखा जाना चाहिए? इसे एक विशेष परिवार या समूहों तक ही सीमित क्यों रखा जाना चाहिए? सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य में स्थानीय निकायों के लंबे समय से लंबित चुनावों को ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के कारण और विलंबित नहीं किया जा सकता है। पीठ ने राज्य के विचार सुनने के लिए सुनवाई टाल दी।



# देश-विदेश

## कश्मीर के कई होटल और रिसार्ट 'फार सेल' की सूची में

**जम्मू।** पहलगाम में हुए टूरिस्टों के नरसंहार का खामियाजा कश्मीर को भुगतना पड़ रहा है। नब्बे परसेंट से अधिक टूरिस्ट बिजनेस खत्म हो जाने का परिणाम है कि कई होटल और रिसार्ट वाले अपनी प्रापर्टी बेचने को मजबूर होने लगे हैं। जम्मू कश्मीर के पर्यटन उद्योग के हितधारकों को चिंतित करने वाले एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में, पिछले सप्ताह श्रीनगर और अन्य पर्यटन केंद्रों में बड़ी संख्या में होटल और टूरिस्ट संपत्तियां बिक्री के लिए सूचीबद्ध की गई हैं – जिससे क्षेत्र के टूरिस्ट क्षेत्र में बड़े बैंक ऋण वाले नए प्रवेशकों की आर्थिक स्थिरता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

## भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

### प्रधानमंत्री मोदी व कीर स्टार्मर ने किया स्वागत



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण 'मुक्त व्यापार समझौते' (एफटीए)' और 'दोहरा योगदान सम्मेलन समझौते' को अंतिम रूप दे दिया है। यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटेन के समकक्ष कीर स्टार्मर से बातचीत के बाद इसकी घोषणा की।

एफटीए एक ऐसा समझौता है, जिसमें दो देश एक-दूसरे के साथ वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार आसान और सस्ता बनाते हैं। इसमें कर (आयात शुल्क) कम किए जाते हैं या हटाए जाते हैं, जिससे दोनों देशों के कारोबारियों को फायदा होता है। भारत और यूके के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और डबल योगदान संधि के तहत कई लाभ प्राप्त होंगे। साथ ही यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा।

**मजबूत साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम: मोदी-** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इससे दोनों देशों के छोटे और बड़े व्यवसायों को फायदा होगा। नौकरी के नए मौके बनेंगे, खासकर युवा पेशेवरों और उद्यमियों के लिए। द्विपक्षीय व्यापार में बड़ा इजाफा होगा, जिससे दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि एक मजबूत और गहरी साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम है।


## पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सात साल की सजा

**-अवैध खनन केस में दी गई सजा**
**-सीबीआई ने हिरासत में लिया**

**बेंगलुरु, (एजेंसियां)।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें जनार्दन रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों रुपये का नुकसान सरकार को पहुंचाया।

इस केस में जांच एजेंसियों ने बताया कि जनार्दन रेड्डी की कंपनी ने सीमा के बाहर जाकर भी खनन किया और इसके लिए जरूरी अनुमति नहीं ली थी। इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ। अब कोर्ट ने माना कि पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा और इसलिए उन्हें सात साल की कैद और जुर्माना भी भरना होगा। पूर्व मंत्री रेड्डी पर भारत में घोटाला कर उन पैसों का कई देशों में निवेश करने का आरोप है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच सितंबर 2011 को रेड्डी और उनके रिश्तेदार बी.वी श्रीनिवास रेड्डी को बेल्लारी से गिरफ्तार किया था। श्रीनिवास रेड्डी ओबलापुरम माइनिंग कंपनी (ओएमसी) के प्रबंध निदेशक थे।

## सड़क हादसे में घायल लोगों को अब पूरे देश में मिलेगा मुफ्त इलाज



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पूरे देश में कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम (नकद रहित इलाज योजना) लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके तहत सड़क दुर्घटना के शिकार हर व्यक्ति को प्रति हादसा अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, यह योजना 5 मई, 2025 से लागू हो गई है।

**किसी भी सड़क पर हुए हादसे में मिलेगा इलाज-** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, अगर किसी भी व्यक्ति का सड़क हादसा मोटर वाहन के कारण होता है, तो उसे इस स्कीम के तहत देश के किसी भी हिस्से में इलाज की सुविधा मुफ्त में मिलेगी। हादसे के शिकार व्यक्ति को सरकारी या नामित अस्पतालों में इलाज के लिए कोई पैसे नहीं देने होंगे।

**राष्ट्र ीय स्वास्थ्य प्राधिकरण योजना को लागू करेगा-** इस योजना को लागू करने की जिम्मेदारी नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (हअ) को सौंपी गई है। यह संस्था पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगी ताकि स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

**राज्य स्तर पर रोड सेफ्टी काउंसिल होगी नोडल एजेंसी-** हर राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल इस योजना की नोडल एजेंसी होगी। यह काउंसिल इस बात की निगरानी करेगी कि योजना को ठीक से लागू किया जाए, अस्पतालों को योजना से जोड़ा जाए, पीड़ितों का इलाज हो और भुगतान की प्रक्रिया सही ढंग से चले।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 10वीं में सिंगरौली की....

की करती थी। इससे मेरे लिए सिलेबस कम्प्लीट करना आसान हो जाता था। **यूपीएससी की तैयारी करेगी टॉपर प्रज्ञा-** एमपी बोर्ड 10वीं में टॉप करने वाली छात्रा प्रज्ञा जायसवाल यूपीएससी की तैयारी करेंगी। प्रज्ञा ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और ग्लोरियस स्कूल के सभी टीचर्स को दिया। प्रज्ञा ने बताया कि बिना किसी कोचिंग के उन्होंने टॉप किया है। **नर्मदापुरम की साक्षी को 8वां स्थान-** नर्मदापुरम के पिपरिया के मास्टरमाइंड उच्चतर माध्यमिक स्कूल की छात्रा साक्षी कुशवाहा ने प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया है। साक्षी को 500 में से 493 अंक प्राप्त हुए है। रीवा के अनिमेष को 500 में से 496 अंक मिले-रीवा के अनिमेष वर्मा ने 10वीं बोर्ड में 500 में से 496 अंक हासिल किए हैं। उन्हें प्रदेश में पांचवां स्थान मिला है। अनिमेष अपने परिवार के साथ अभी शहडोल के बाणसागर देवलोंद में हैं। **इटारसी की श्रद्धा के 95 प्रतिशत अंक-** नर्मदापुरम जिले के इटारसी के रेनबो पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा श्रद्धा नामदेव ने कक्षा 10वीं 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनके 500 में से 476 नंबर आए हैं। छात्रा के पिता बृजेश नामदेव ऑटो चलाते हैं।

**छतरपुर की पल मिश्रा ने 8वें स्थान पर बनाई जगह-** छतरपुर के महाराजा बहु उमा उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा पल मिश्रा ने 10वीं में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। पल के 500 में से 493 नंबर आए हैं। उनके 98.6 प्रतिशत बने हैं। **दमोह सबसे पीछे-** एमपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में दमोह जिला प्रदेश में सबसे पीछे है। जिले में एक छात्रा कक्षा दसवीं के टॉप 10 में शामिल हुई है। न्यू बुंदेलखंड पब्लिक स्कूल की छात्रा तरन्नुम रंगरेज ने 500 में से 496 अंक हासिल किए हैं। तरन्नुम ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में 5 में स्थान प्राप्त किया है। **मऊगंज के आयुष द्विवेदी को 500 में से 499 नंबर-** मऊगंज जिले के आयुष द्विवेदी ने एमपी बोर्ड 10वीं की में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इन्हें 500 में से 499 अंक मिले हैं। **उज्जैन की चौथी टॉपर सुहानी बोली पूरे साल भर मेहनत की-** एमपी बोर्ड 10वीं में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली सुहानी प्रजापति ने बताया कि सालभर मेहनत की थी। दिनभर में सिर्फ एक घंटे मोबाइल चलाती थी। जूडो व बैडमिंटन खेलती थी, लेकिन 10वीं को लेकर छोड़ दिया था। दीदी ने पढ़ाया था साथ ही पेरेंट्स ने भी बहुत सपोर्ट किया। **जिलों में नरसिंहपुर टॉप पर, नीमच को दूसरा स्थान-** डिस्ट्रिक्ट लेवल पर 10वीं के रिजल्ट में नरसिंहपुर के छात्रों ने बाजी मारी। ये जिला टॉप पर है। दूसरे स्थान पर नीमच और तीसरे पर मंडला रहा।

### 12वीं में मैहर की....

95 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट लिस्ट में 9वां स्थान प्राप्त किया। नेहा के 500 में से 475 अंक आए हैं। नेहा ने बताया कि सेल्फ स्टडी की है। वॉट्सएप व इंस्टाग्राम से दूरी बनाकर रखी। **खरगोन की शांभवी बायोलॉजी की मेरिट में सातवें स्थान पर-** 12वीं बोर्ड के नतीजों में खरगोन जिले की शांभवी येवले ने बायोलॉजी विषय में 500 में से 477 अंक हासिल किए हैं। 95.4 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान बनाया है। **एग्रीकल्चर टॉपर हरिओम-** 12वीं के कृषि संकाय में स्टेट में पहला स्थान हासिल करने वाले हरिओम साहू छिंदवाड़ा के रहने वाले हैं। हरिओम ने 500 में से 484 अंक हासिल किए हैं।

**इंदौर की वैदेही मंडलोई आर्ट में प्रदेश भर में चौथा स्थान प्राप्त किया-** 12वीं के कला समूह में इंदौर की वैदेही मंडलोई ने प्रदेशभर में चौथा स्थान बनाया है। वैदेही को 500 में 484 अंक मिले हैं। वे शासकीय बाल विनय मंदिर की छात्रा हैं। किंजल किंगरानी छठवें नंबर रही हैं। किंजल केबी पटेल गुजराती कन्या उमा विद्यालय की छात्रा हैं। दसवें नंबर पर नंदा नगर स्थित जेबीएम स्कूल के साहिल व 11वें नंबर पर क्लॉथ मार्केट कन्या उमावि गणेशगंज की छात्रा गौरीषी यादव हैं। गौतमपुरा के दुष्यंत मावर को जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 480 अंक हासिल हुए। दुष्यंत को मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान मिला है।

**निवाड़ी के अबीर बायोलॉजी की मेरिट में 8वें स्थान पर-** निवाड़ी के अबीर सोनी ने 500 में से 476 अंक पाकर बायोलॉजी ग्रुप की मेरिट लिस्ट में प्रदेशभर में में आठवां स्थान हासिल किया है। अबीर ब्राइट कैरियर कॉन्वेंट स्कूल पृथ्वीपुर में पढ़ते हैं। पिता अज्जू सोनी नगर परिषद पृथ्वीपुर में कर्मचारी हैं। **मंदसौर की रिद्धि भट्ट बायोलॉजी की मेरिट में छठे नंबर पर-** 12वीं के जीव विज्ञान समूह की मेरिट लिस्ट में मंदसौर की रिद्धि भट्ट ने छठीं पोजिशन बनाई है। रिद्धि ने एनएस सिंघवी स्कूल से पढ़ाई की है। उन्हें 500 में से 478 नंबर मिले हैं। **बायोलॉजी स्ट्रीम में दमोह की गार्गी नंबर वन-** एमपी बोर्ड की 12वीं क्लास के जीव विज्ञान संकाय में दमोह की गार्गी अग्रवाल पहले नंबर पर रही हैं। उन्होंने परिजन के साथ अपनी सफलता का जश्न मनाया। **धार के सरफराज गणित की मेरिट में दूसरे नंबर पर-** धार के सरफराज पटेल ने गणित समूह में प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरी पोजिशन बनाई है। उनके 500 में से 490 नंबर आए हैं। वे खाचरोदा गांव के रहने वाले हैं। पिता खेती करते हैं। **रतलाम की मुस्कान जायसवाल मेरिट लिस्ट में सातवीं-** रतलाम के सेंट मीरा कॉन्वेंट स्कूल की मुस्कान जायसवाल ने एमपी की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान पाया है। मुस्कान का सब्जेक्ट कॉमर्स है। उन्होंने 500 में से 484 नंबर लाकर 96.8 प्रतिशत हासिल किए हैं। **टीकमगढ़ की उन्नति बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रदेश में चौथे स्थान पर रही-** टीकमगढ़ की उन्नति अग्रवाल ने बायोलॉजी संकाय में प्रदेश में चौथी रैंक हासिल की है। उन्नति ने 500 में 480 अंक हासिल किए हैं। उन्नति शहर के शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। **ग्वालियर की रिमझिम कॉमर्स स्ट्रीम में टॉपर-** ग्वालियर की रिमझिम करोठिया ने 12वीं के कॉमर्स स्ट्रीम में प्रदेशभर में पहला स्थान पाया है। रिमझिम ने 500 में से 491 अंक पाकर 98.2 प्रतिशत के साथ यह रैंक बनाई है। रिमझिम बहोड़ापुर के सागरताल रोड स्थित समर्थ बाल मंदिर स्कूल की छात्रा हैं।

### नक्सल प्रभावित....

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 1 करोड़ रूपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की थी। पेरिस, फ्रांस में आयोजित पैरा ओलम्पिक खेल, 28 अगस्त से 8 सितंबर 2024 में म.प्र. की खिलाडी सुश्री रूबिना फ्रांसिस ने शूटिंग खेल में कांस्य पदक एवं कपिल परमार ने ब्लाइंड जुडो खेल में कांस्य पदक अर्जित किया था। **नक्सल प्रभावित तीन जिलों के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के लिये के 850 पद स्वीकृत-** मंत्रि-परिषद ने नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के लिये एक वर्ष के लिए 850 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। **पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन-** मंत्रि-परिषद द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन करने के निर्णय को स्वीकृति दी गई। राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल को पेंशन प्रकरणों के निराकरण से संबंधित समस्त प्रकिया के लिए अधिकृत किया जायेगा। संभागीय और जिला स्तर के कार्यालयों तथा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की सुविधा के लिए अस्थायी रूप से 2 वर्ष के लिए वर्तमान संभागीय और जिला पेंशन कार्यालयों को पेंशन समाधान केन्द्र के रूप में सीमित संरचना के साथ रखा जायेगा। पदों का युक्तियुक्तकरण किया जायेगा। इससे राज्य शासन पर अनावर्ती व्यय भार 5 करोड़ रूपये होगा। मंत्रि-परिषद द्वारा नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी। तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गयी।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं वृषल कुमार पोपटभाई रफालिया पिता जीनल वृषल कुमार रफालिया निवासी म.नं. 10 उत्सव विहार, शास्त्री ब्रिज के पास, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री उम्र 15 वर्ष का नाम त्रुटिवश जीनल रफालिया हो गया है। सुधार के पश्चात मेरी पुत्री का सही नाम जीनल वृषल कुमार रफालिया है। जो कि आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर सही है। मैं अपनी पुत्री का नाम सुधार वास्ते यह शपथ पत्र पेश कर रहा हूँ।

**गलत नाम-**
**जीनल रफालिया**
**सही नाम-**
**जीनल वृषल कुमार रफालिया**

### आम सूचना

No. 14815260A रैंक सिपाही नाम - धर्मेन्द्र कुशवाहा S/O स्व. देवराज कुशवाहा निवासी ग्रा. राघोपुर पो.ताजपुर माझा तहसील - जमानिया जिला गाजीपुर (उ.प्र.) 232340 - हामु. 1276 डी.एस.सी प्लाटून (एमसीएमएम) का शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि उपरोक्त पर कार्यरत हूँ। यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम अतुल कुशवाहा दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं शिक्षा के रिकार्ड में उसका नाम अतुल कुमार सिंह दर्ज है। यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम सुधार करते हुए अतुल कुशवाहा के स्थान पर अतुल कुमार सिंह दर्ज किया जाये।

शपथकर्ता
धर्मेन्द्र कुशवाहा,
1276 डॉ.एस.सी. प्लाटून
C/O 56 ए.पी.ओ

र.नं. 328

---

आदेशिका क्रमांक-442/25
आर.सी.एस.-ए 38/2025
पेशी दिनांक-18/06/25
आदेश 5 नियम 20 (क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के तहत नोटिस

**न्यायालय राहुल सोनी प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खण्ड जुन्नारदेव के न्यायलय के अतिरिक्त न्यायधीश जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा**

सुंदिया उर्फ बुन्दिया पिता मंगल पति बिसनलाल उम्र करीब 70 वर्ष करीब जाति कतिया निवासी ग्राम वार्ड नं. कोल्हिया, तहसील जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.......................... वादी

विरूद्ध

1. श्रीमान जिलाधिकारी (कलेक्ट्र) महोदय छिंदवाड़ा तहसील व जिला छिंदवाड़ा म.प्र.
2. सर्वसाधारण जिसका इससे संबंध हो ...........प्रतिवादीगण

बनाम

क्योंकि वादी ने अपनी कृषि भूमि पुरैना खालसा प.ह.नं.-38 रा.नि.मं. दमुआ तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा म.प्र. में खसरा नं. 177/4, रकबा 0.781 हे. के राजस्व रिकार्ड दुरूस्ती हेतु सुंदिया उर्फ बुंदिया एक ही व्यक्ति होकर वादी का नाम होने की घोषणा हेतु इस न्यायालय में आवेदन किया है।

और क्योंकि इस आवेदन पत्र की सुनवाई दिनांक-19/06/2025 के दिन सुबह 11.00 बजे होगी। हम हर आम खास को ताकिद करते है कि उक्त प्रकरण में तुम्हें कोई हक हासिल है, ऐसा तुम दावा करते हो तो तुम कैफियत के साथ स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस तारीख को न्यायालय में हाजिर हो जाओ, यदि तुम हाजिर नहीं होंगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में प्रकरण की सुनवाई होगी। यदि पेशी दिनांक को अवकाश होता है तो ऐसी स्थिति में अगले कार्य दिवस को प्रकरण की सुनवाई होगी। आज दिनांक 05/05/25 को इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जुन्नारदेव
दिनांक-05/05/2025

(राहुल सोनी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**// चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-94 Date 06/05/2025<br>2025_UAD_421397_1 | संभाग क्रमांक-11 वार्ड क्र. 79 में पिपरिया पंचाय भवन में वाचनालय खोले जाने हेतु भवन की रिपेयरिंग एवं आवश्यक मरम्मत कार्य। | 02 माह<br>3.84 लाख | 2,000/-<br>3845/- | 15/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

---

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 05/05/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माधुरी सुल्लेरे पिता राजेन्द्र प्रसाद सुल्लेरे निवासी विजय नगर के द्वारा मौजा ब्लाक 13 स्थित भूमि खसरा नंबर 175/11, 175/1 में से रकवा 80.3 वर्गफुट भूमि धरमचंद पिता बेनीप्रसाद की दिनांक ... को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 5/5/25
पेशी दिनांक : 20/05/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर
र.नं.- 346

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2245/अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, शलभ सेठी पिता श्री सोहन लाल सेठी निवासी फ्लैट नं. 505 दिव्या ज्योति अपार्टमेंट, ब्लॉक सी सेक्टर 19 रोहिणी नाथ वेस्ट दिल्ली द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 10/03/2014 के पश्चात मौजा गोरखपुर नं. ब. 605 प.ह.नं. 29 शीट नं. 292, डाय. प्लाट नं. 525/1 का भाग अवि. 529.78 वर्गफुट विक्रेता पर अपना व अन्य का नाम श्रीमती वर्षा कोहली एवं श्री हरीश कोहली की मृत्यु के उपरांत उक्त भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वसीयतनामा/ मृत्यु प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 19/5/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 5/5/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 5/5/2025
पेशी दिनांक- 19/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर, जबलपुर
र.नं.- 344

---

फौती

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0053/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रुदीप सिंह डडियाला/ सरदार हरजीत सिंह डडियाल निवासी- सी-3 अशोका अपार्टमेंट गुप्तेश्वर रोड मदनमहल ने रकवा 2312 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्यागपत्र/ वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक मृत्यु दिनांक 14/07/2021, 20/07/2022, 20/07/2020 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं..... प्लाट नं. ..... रकवा 2312 व.फु./ अवि. हिस्सा... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 244/1/4 रकवा 2312 व.फु./ पूरनचंद खत्री, रमेश चन्द्र खत्री, भरत भूषन खत्री बगै. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 09/05/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/04/2025
पेशी दिनांक 09/05/2025

तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं.- 349

---

### नाम परिवर्तत सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम परिमिता तिवारी (Parimita Tiwari) पिता सुधीर तिवारी (sudhir tiwari) उम्र 25 वर्ष निवासी म.नं. 1384, नागपुर रोड शास्त्री नगर, त्रिपुरी वार्ड, पुरवा जबलपुर म.प्र. की निवासी हूं। मेरे समस्त शासकीय अशासकीय एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम उम्र 25 वर्ष निवासी म.नं. 1384, नागपुर रोड शास्त्री नगर, त्रिपुरी वार्ड, पुरवा जबलपुर म.प्र. में दर्ज है, लेकिन मेरा आधार कार्ड अपडेट कराते समय मेरा नाम गलती से खुशी तिवारी (Khushi Tiwari) पिता सुधीर तिवारी (sudhir tiwari) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरे समस्त शासकीय अशासकीय एवं शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड मे मेरा नाम परिमिता तिवारी (Parimita Tiwari) दर्ज किया जाए एवं प्रकाान के पश्चात मुझे परिमिता तिवारी (Parimita Tiwari) पिता सुधीर तिवारी (sudhir tiwari) उम्र 25 वर्ष निवासी म.न. 1384, नागपुर रोड शास्त्री नगर, त्रिपुरी वार्ड, पुरवा, जबलपुर म.प्र. के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा-लिखा दर्ज एवं मान्य किया जावे।

पुराना नाम- खुशी तिवारी (Khushi Tiwari)
पिता सुधीर तिवारी (sudhir tiwari)
नयाा नाम- परिमिता तिवारी (Parimita Tiwari)
पिता सुधीर तिवारी (sudhir tiwari)

र.नं.- 350

---

### MAHARASHTRA INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION, JABALPUR

**Run by:** Maharashtra Shikshan Mandal, Jabalpur (M.P.)
**Affiliated to:** Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur (M.P.)
**Approved by:** BCI New Delhi

**The College invites the applications under the self-Financing Scheme for the Post of Principal (Law)**

Under College Code 28 As per M.P. University Act 1973

Ph.D. & Experience as per UGC & BCI norms. Selection and Reservation Process will apply as per UGC & M.P. Govt. norms.

Submit your application with complete Bio-data, 2 recent passport size photographs and Rs. 500/- in office of, Maharashtra Institute of Higher Education, Jabalpur at following address up to **23/05/2025**

**Maharashtra Institute of Higher Education**
Near Saheed Smarak Gate No. 02, Beside Omega Children Hospital, Gol Bazar, Jabalpur, Pin-482002
Phone No-0761-2480162, Email-mihejbp@rediffmail.com

SHRIRANG

---

### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स शिव कंस्ट्रक्शन, शॉप नं. 2 यंग ब्लड प्रेस काम्पलेक्स, प्रथम तल, उखरी रोड, चेरीताल जबलपुर म.प्र. पंजीयन क्रमांक 4/14/01/0250/24 दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को पंजीकृत है। उक्त फर्म में शुरू में 1. श्री विभाष कुमार दुबे आत्मज श्री सुबोध कुमार दुबे, 2. श्रीमती शिखा दुबे पति श्री विक्रम दुबे पिता श्री राघवेंद्र चतुर्वेदी, 3. रश्मी दुबे पति श्री सुबोध कुमार दुबे, पिता श्री ओमप्रकाश उपाध्याय 4. विक्रम दुबे पिता श्री सुबोध कुमार दुबे भागीदार थे। फर्म में दिनांक 27/01/2025 को उक्त भागीदारों में से 1. श्री विभाष कुमार दुबे आत्मज श्री सुबोध कुमार दुबे, 2. श्रीमती शिखा दुबे पति श्री विक्रम दुबे पिता श्री राघवेंद्र चतुर्वेदी 3. रश्मी दुबे पति श्री सुबोध कुमार दुबे पिता श्री ओमप्रकाश उपाध्याय स्वेच्छा से अलग हो गए हैं। एवं श्री पंकज कुमार गुप्ता आत्मज श्री राम गोपाल गुप्ता आपसी शामिल हो गए हैं। वर्तमान में फर्म में कुल 2 भागीदार हैं, 1. विक्रम दुबे पिता श्री सुबोध कुमार दुबे 2. श्री पंकज कुमार गुप्ता आत्मज श्री रामगोपाल गुप्ता, अतः किसी फर्म संस्था या व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस में फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

पंकज कुमार गुप्ता
मेसर्स शिव कंस्ट्रक्शन
शॉप नं. यंग ब्लड प्रेस काम्पलेक्स, प्रथम तल, उखरी रोड, चेरीताल जबलपुर म.प्र.
पंजीयन क्रमांक 4/14/01/0250/24 दिनांक 24 दिसम्बर 2024

र.नं. 352

---

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह

E-Mail ID- eedmohb@mp.gov.in
Phone No.- 07812-223809

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कालोनी विवेकानंद नगर (सेक्टर डी) स्थित ई.डब्ल्यू.एस. भूखण्ड क्रमांक 177 श्री मुकेश कुमार अहिरवाल पिता श्री गुंदी अहिरवार को इस कार्यालय के हस्तांतरण आदेश क्रमांक 24 दिनांक 26/07/2023 के द्वारा हस्तांतरित है। श्री मुकेश कुमार अहिरवाल द्वारा यह भूखण्ड विक्रय विलेख के माध्यम से श्री नरेन्द्र राठौर पिता श्री हुकुम राठौर को दिनांक 15.01.2025 के द्वारा विक्रय कर दिया गया है।

अब संबंध में क्रेता श्री नरेन्द्र राठौर पिता श्री हुकुम राठौर अपने नाम से हस्तांतरण कराना चाहते हैं जिस हेतु आवेदन, शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की प्रति, संयुक्त शपथ पत्र के आधार पर आनलाईन के माध्यम से प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था बैंक या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी व्यक्ति/संस्था या बैंक का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(आर.के. बाथम) संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग दमोह

---

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार SHUBHAM HOUSING DEVELOPMENT FINANCE COMPANY LTD, कंपनी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, हितग्राही ब्रजेश कुमार शर्मा एवं सुमित शर्मा दोनों के पिता श्री सुभाष शर्मा जबलपुर म. प्र की संपत्ति मौजा गढ़ा प.ह.नं. 6 नं.अं. 599 रानिमं. जबलपुर1 स्थित खसरा नं. 124/2 प्लाट . 4 रकवा 1200 वर्गफीट श्रीमती सरिता विश्वकर्मा से क्रय कर मेरे पक्षकार की कंपनी में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे हैं उपरोक्त संपत्ति सरिता विश्वकर्मा, पति श्री आलोक विश्वकर्मा ने विक्रेतागण हरिभाई एवं अन्य से संरिता विश्वकर्मा ने क्रय की थी एवं उक्त संपत्ति का हरिभाई एवं अन्य के नामांतण के दस्तावेज अप्राप्त हैं उपरोक्त संपत्ति हितग्राही SHUBHAM HOUSING DEVELOPMENT FINANCE COMPANY LTD कंपनी में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी/गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक/रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरा पक्षकार उपरोक्त बैंक में ऋण सुरक्षा में बंधक कर ऋण प्राप्त करेंगे, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर दिनांक : 06-05-2025

प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा
जबलपुर, मो.नं. 9300122264

---

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार Cholamandalam Investment And Finance Company Ltd. से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, पक्षकार श्रीमती कृष्णकांता तिवारी पति श्री विनोद कुमार तिवारी निवासी- 4625 कुचबंधिया मोहल्ला संजय गांधी वार्ड जबलपुर की संपत्ति मौजा घमापुर, म.नं. 2214 से 2217 सिद्धबाबा वार्ड नजूल ब्लाक नं. 1347 प्लाट नं. 1/32 रकवा 1832 वर्गफीट निर्मित रकवा 500 वर्गफीट है उक्त संपत्ति का लीज नवीनीकरण का असल दस्तावेज गुम हो गया है। उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार की कंपनी में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी / गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक / रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 03 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक किया जाकर हितग्राही ऋण प्राप्त करेंगें, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर दिनांक : 05-05-2025

प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा
जबलपुर, मो.नं. 9300122264

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं./2455/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

आवेदक श्रीमति रफत सिद्दीकी पिता स्व. उस्मान सिद्दीकी निवासी आनंद नगर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रं./वसीयत क्रं./दानपत्र क्रमांक..... दिनांक... के माध्यम से मौजा/न्यूज ब्लॉक बैतला प.ह.नं. 01 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं./ 105/4 रकवा 1900 वर्गफुट पर विक्रेता/ वसीयतकर्ता/ फौत/दानकर्ता मध्यप्रदेश शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र एवं फार्म-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 13.05.25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ... इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक 05/05/25
पेशी दिनांक - 13/05/25

नायब तहसीलदार
तहसील आधारताल
जबलपुर
र.नं. 345

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार गारेखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्रं./1847/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मजूषा जयंत पाखेकर पत्नी जयंत पाखेकर व अन्य निवासी जबलपुर म.प्र. द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं. 753 प.ह.नं.... ख.नं. 82/1/6 रकवा 7125 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छाया संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 15/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/05/25 को जारी।

जारी दिनांक 01/05/25
पेशी दिनांक - 15/05/25

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 348

# देश-प्रदेश

उवाच

**जनजातीय बसाहट क्षेत्रों में 18 सौ करोड़ से सड़कों का हो रहा कायाकल्प : शाह**

**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के जरिये जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन को सहज और सुगम बनाने के लिये लगभग 1100 किमी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में चिन्हित 1295 बसाहटों के लिये 1800 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में जनजातीय वर्ग के लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिये प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी और पक्की छत उपलब्ध करवाने के लिये कार्य योजना बनाकर काम किये जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने की गेहूं उपार्जन की समीक्षा

## कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे, सभी किसानों का किया जाए गेंहू उपार्जित



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेंहू उपर्जान के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेंहू उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 34 लाख 93 हजार एकड़ रकबे में हुए गेंहू उपार्जन के लिए 15 लाख 44 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। प्रदेश में 3 हजार 620 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। स्लॉट बुकिंग से शेष किसानों की बुकिंग के लिए पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन किसानों से गेंहू का उपार्जन 9 मई तक किया जाएगा।

पहले की विकृतियों को दूर करने और वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखने बनाया गया संशोधित वक्फ कानून : मुख्यमंत्री

## भोपाल में बनेगा राज्य वक्फ बोर्ड का नया भवन

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम के नाम पर होगा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य के वक्फ बोर्ड का नया भवन भोपाल में बनेगा। भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है। कानून पहले की विकृतियों को दूर करता है। वक्फ कानून के माध्यम से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखना सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की विश्व भर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का अरब देशों जैसे कतर, सऊदी अरब, ईराक, ईरान आदि देशों में सम्मान भारत का सम्मान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाहरी दुश्मन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में देश के सभी दल और नेता एकजुट हो गए हैं। यह हिन्दुस्तान की खूबसूरती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाने-अनजाने में 1947 में देश विभाजन में भारत छोड़कर पाकिस्तान गए लोगों को वहां मुहाजिर कहते हैं और उनके हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को चतुर, स्वार्थी, चालाक लोगों से सावधान रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड देश का आदर्श वक्फ बोर्ड है। उन्होंने इसके लिए बोर्ड के चेयरमेन सनवर पटेल और विभागीय अधिकारियों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाग के अधिकारियों को समाज के हित में योजनाओं को बनाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन भत्ता के भुगतान में आ रही कठिनाई का निराकरण करने के लिए भी आश्वस्त किया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमेन सनवर पटेल ने वक्फ बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर ओलम्पियन हॉकी खिलाड़ी समीर दाद, प्रबुद्धवर्ग के व्यक्ति, उलेमा आदि उपस्थित थे।



## बेटियां बढ़ा रहीं प्रदेश का मान, सम्मान और गौरव : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। बेटियां हमारा, मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही हैं। डॉ. यादव ने आज माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2024-25 के परिणामों को मुख्यमंत्री निवास से घोषित कर सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अभिभावकगण एवं शिक्षकगणों को भी बधाई दी। डॉ. यादव ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रकाशित परीक्षा संचालन मानक प्रक्रिया निर्देशिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, माध्यमिक शिक्षा मण्डल की महानिदेशक श्रीमती स्मिता भारद्वाज उपस्थित रहीं।

### यह है प्रदेश के अव्वल विद्यार्थी

इस वर्ष एमपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में प्रज्ञा जायसवाल ने टॉप किया है। प्रज्ञा जायसवाल ने 100 फीसदी अंको के साथ पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। सिंगरौली की रहने वाली प्रज्ञा ने हाईस्कूल की परीक्षा में अधिकतम अंक हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर रीवा के आयुष द्विवेदी रहे, उन्होंने 499 अंक हासिल किए हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर शैजाह फातिमा रहीं। जबलपुर की शैजाह ने 498 अंकों के साथ प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। यहां हाईस्कूल के टॉप-5 स्टूडेंट्स की सूची दी गई है। चौथे स्थान पर 500 में से 497 अंकों के साथ सीधी की मानसी साहू और उज्जैन की सुहानी प्रजापति, सतना की शिवांश पांडे और रीवा की अंजली शर्मा रहीं। पांचवें स्थान पर 500 में से 496 वें अंकों के साथ सागर के सुम्बुल खान, दमोह की तरन्नुम रंगरेज, रीवा के अनिमेष वर्मा, सिंगरौली के अनुराग कुमार साहू और नरसिंहपुर की प्राची कौरव रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने जजों की संपत्ति का ब्यौरा वेबसाइट पर अपलोड किया



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा जजों की संपत्ति का ब्यौरा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किये जाने की खबर है। कोर्ट ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि ज्युडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा कायम रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। वेबसाइट पर 33 में से महज 21 जजों ने जानकारी उपलब्ध कराई है। बाकी जजों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा केवल सुप्रीम कोर्ट को दिया है।

सुप्रीम कोर्ट की रिलीज के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट ने एक अप्रैल 2025 को निर्णय लिया था कि कोर्ट के जजों की संपत्ति का ब्यौरा वेबसाइट पर अपलोड कर उसे सार्वजनिक किया जाएगा। कहा कि पूर्व में मिली जजों की डीटेल्स अपलोड की जा रही है। बाकी जजों की जानकारी मिलने ही उसे अपलोड कर दिया जायेगी। माना जा रहा है कि स्ष्ट ने यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के बाद उपजे विवाद को लेकर किया गया है। एक खबर और कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में नियुक्तियों की पूरी प्रक्रिया भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को सौंपी गयी भूमिका, राज्य सरकार सहित भारत सरकार से मिलने वाला इनपुट और कॉलेजियम के विचार शामिल हैं। बता दें कि वेबसाइट पर 9 नवंबर 2022 से 5 मई 2025 की तक हाईकोर्ट के जजों के रूप में नियुक्तियों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रस्ताव भी अपलोड किये गये है। इसमें जजों के नाम, हाईकोर्ट, सोर्स-सर्विस से या बार की सिफारिश से, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश की तिथि, नोटिफिकेशन की तिथि, नियुक्ति की तिथि के अलावा स्पेशल कैटेगरी (SC/ST/OBC/अल्पसंख्यक/महिला) भी दर्ज है। जानकारी दी गयी है कि कॉलेजियम ने 9 नवंबर 2022 से 5 मई 2025 के बीच 303 नामों पर विचार करते हुए 170 की नियुक्त की सिफारिश की। वेबसाइट पर इन 170 में से स्ष्ट से 7, स्ज्ञ से 5, ह्वक्ष्ट से 21, अत्यंत पिछड़ा वर्ग से 7 जजों की जानकारी दी गया हैं। बता दें कि इनमें 28 महिलाएं और 23 जज अल्पसंख्यक हैं।

## रामपुर नैकिन नायब तहसीलदार पर राड और पत्थरों से किया जानलेवा हमला



**आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध**

**सीधी, देशबन्धु।** सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत ग्राम पटेहरा में ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार जयप्रकाश पांडे पर राड और पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में नायब तहसीलदार जयप्रकाश पांडे बुरी तरह से जख्मी हो गए। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। नायब तहसीलदार पर हुए हमले की इस घटना के बाद पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

बताया जाता है कि पटेहरा गांव में रेलवे अधिग्रहित जमीन की जांच करने के लिए रामपुर नैकिन में पदस्थ नायब तहसीलदार श्री पांडे गए थे। इसी सिलसिले में तहसील में पदस्थ चौकीदार को पटेहरा गांव में सीमांकन की सूचना तामिल करने के लिए भेज गया था। जिसे गांव में लोनिया समुदाय ने बंधक बना लिया था। इस बात की खबर चौकीदार ने फोन पर श्री पांडे को दी। खबर मिलते ही श्री पांडे बिना देर किए बिना किसी सुरक्षा के मौके पर पहुंच गए। यहां राजेंद्र लोनिया, दिलीप लोनिया, सनत लोनिया सहित अन्य चार-पांच लोग चौकीदार के साथ मारपीट कर रहे थे। उन्होंने अपना परिचय देने के साथ ही आरोपियों से चौकीदार को छोड़ने के लिए कहा, जिसके बाद आरोपियों ने उन पर ही रॉड और पत्थरों से उन पर ही हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में श्री पांडे ग्रामीणों से मदद के लिए गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने नहीं सुनी, जैसे-तैसे उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई और खून से लथपथ हालत में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस हमले में उनके सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, घायल हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राजेंद्र लोनिया, दिलीप लोनिया, सनत लोनिया सहित अन्य चार-पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पैसे लेते पकड़ना काफी नहीं, रिश्वत मांगी ये साबित होना चाहिए

**नई दिल्ली।** जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए निचली अदालत और हाई कोर्ट के फैसलों को पलट दिया। दी हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पैसे की बरामदगी से यह मान लेना गलत है कि रिश्वत ली गई थी। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी को बरी करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता रिश्वत की मांग को साबित करने में नाकाम रहा।

यह मामला 9 दिसंबर 2003 का है। शिकायतकर्ता दिल्ली के जनकपुरी स्थित सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में 10 रुपये का स्टांप पेपर खरीदने गया था। आरोप है कि लाइसेंस प्राप्त स्टांप पेपर विक्रेता (आरोपी) ने 10 रुपये के स्टांप पेपर के लिए 12 रुपये मांगे। शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (ष्टक्र) में इसकी शिकायत दर्ज कराई (ष्टक्र ने जाल बिछाया। शिकायतकर्ता को 10 रुपये और 2 रुपये के दो नोट दिए गए, जिन पर फेनोल्फथेलिन पाउडर लगाया गया था। शिकायतकर्ता ने जब आरोपी को ये 12 रुपये दिए, तो उसने ले लिए। इशारा मिलते ही छापेमारी टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के हाथ धोने पर सोल्यूशन गुलाबी हो गया और नोट स्टांप पेपर के रिकॉर्ड रखने वाले रजिस्टर से बरामद हुए। इस मामले में स्पेशल जज ने आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम , 1988 की धारा 7 और धारा 13(1)(स्र) के तहत दोषी पाया और उसे जेल और जुर्माने की सजा सुनाई। दिल्ली हाई कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। बाद में आरोपी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील की। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि भ्रष्टाचार के आरोप को साबित करने के लिए रिश्वत की मांग का सबूत जरूरी है।

**कोर्ट ने आदेश में कहा**-हम जानते हैं कि सिर्फ दो करेंसी नोट बरामद हुए थे, और दोनों पर फिनोलफथेलिन पाउडर लगा हुआ था। अगर शिकायतकर्ता की बात को सही भी मान लिया जाए, तो भी ये बात साफ है कि अपील करने वाला व्यक्ति (आरोपी) 10 रुपये के स्टांप पेपर के बदले कानूनी तौर पर 10 रुपये लेने का हकदार था, भले ही रिश्वत की कोई मांग की गई हो। अब चूंकि 10 रुपये वाला नोट भी पाउडर से सना हुआ था, तो यह कहना मुश्किल है कि 10 रुपये के नोट को छूने से घोल का रंग बदला या 2 रुपये के नोट को छूने से घोल का रंग बदला। इसलिए सिर्फ यह देख कर कि घोल गुलाबी हो गया, यह तय नहीं किया जा सकता कि रिश्वत ली गई थी। आरोपी ने कोर्ट में यह भी दावा किया था कि स्टांप पेपर विक्रेता है, ना कि एक लोक सेवक (सरकारी नौकर)।

## प्रदेश के पांच शहरों में नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल आज

### 4 बजे बजेगा खतरे की सूचना का सायरन

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में बुधवार को पांच शहरोंमें नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल का आयोजन होगा। शाम 4 बजे सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैकआउट और दुर्घटना की स्थिति में राहत व बचाव जैसे कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल को लेकर सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यह मॉकड्रिल गृह मंत्रालय के निर्देश पर देशभर के 244 जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्यप्रदेश के पांच प्रमुख नगर- इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश को संभावित आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना आवश्यक है। ड्रिल के दौरान शाम 4 बजे से सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैकआउट, प्रमुख अधोसंरचनाओं की सुरक्षा, और दुर्घटना की स्थिति में राहत व बचाव जैसे कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मॉकड्रिल को गंभीरता से लिया जाए और आम नागरिकों को इसकी पूर्व जानकारी देकर भ्रम की स्थिति न बनने दी जाए। बता दें कि इस मॉकड्रिल का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन दोनों को आपातकालीन परिस्थितियों में तेज़ और समन्वित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना है।

मुख्यमंत्री ने दिए बैठक में निर्देश

## अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्त एक्शन लें पुलिस अधिकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सामान्य अपराधों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में सख्त एक्शन लिया जाए। जो पुलिस अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करेंगे, वे अधिकारी मैदान में नहीं दिखेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है। स्कूल और कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शिक्षण केंद्र स्तर पर अराजक तत्वों को रोकने की पुख्ता कार्रवाई के लिये नजदीकी थाने में तत्काल सूचना दें। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाएं। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों और निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए।

सायबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए और की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नए आपराधिक कानून के संबंध में क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, Army no JC-584901X Rank NB/SUB Name PARSHOTAM LAL of Unit-5 JAK RIF, Presently residing at Vill- CHAK SALARIAN, PO- SWANKHA, TEH- SAMBA, DISTT- SAMBA, STATE- (J&K) PIN-184120, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी माताजी का नाम SARSO DEVI से SARFO DEVI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 05/05/2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, ARMY NO 13772348X, RANK- L/HAV, NAME- M SALAUDDIN, UNIT- JAK RECORDS JABALPUR (18 JAK RIF) R/O VILLAGE-KAILIDEEH, POST- KAILIDEEH, TEH- RANIGANJ, DISTT- PRAT-APGARH, STATE- (UP) PIN-230306, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम KAMAMUDDIN से KAYA-MUDDIN एवं मेरी माताजी का नाम KHAL TKUNNISHA से KHALIKUN NISHA परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 06/05/2025 नोटरी जबलपुर मप्र। कृति


देश में जीवन प्रत्याशा बढ़कर 72 वर्ष हुई

## मानव विकास सूचकांक में 130 वें स्थान पर भारत

**देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आया**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी सरकारी राष्ट्रीय योजनाओं,अभियानों और कार्यक्रमों से 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130 वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मंगलवार को जारी रिपोर्ट ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपुल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की मानव विकास प्रगति जारी और मानव विकास निरंतर प्रगति कर रहा है तथा 193 देशों में 133 वें स्थान से बढ़कर 130 वें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक वर्ष 2022 में 0.676 से बढ़कर वर्ष 2023 में 0.685 हो गया। इससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया है। भारत जल्दी जो उच्च मानव विकास 0.700 के करीब पहुंच जाएगा। देश में जीवन प्रत्याशा वर्ष 1990 में 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष हो गई है, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों और प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की भारत में रेजिडेंट प्रतिनिधि एंजेला लुसिगी ने कहा ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत समावेशी विकास और मानव विकास पर निरंतर प्रगति हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। वर्ष 1990 के बाद से भारत के मानव विकास सूचकांक में 53 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत दोनों से अधिक तेज़ है।

**भारत में असमानता चुनौती बनी हुई**

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में असमानता चुनौती बनी हुई हैं। हालांकि स्वास्थ्य और शिक्षा असमानता में सुधार हुआ है लेकिन आय और लिंग असमानताएं महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। महिला श्रम शक्ति भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व पिछड़ा हुआ है।

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 07 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मॉक ड्रिल: संयम और साहस दिखाने का समय

देश में आखिरी बार लगभग साढ़े पांच दशक पहले यानी 1971 में हुई भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान बचाव के सायरन सुनाई दिये थे। उसके बाद अब एक बार फिर से यह नौबत आई है। पहलगाम (कश्मीर) के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 सैलानियों और एक स्थानीय गाइड की हत्या कर दी थी। इसके कारण देश भर में पाकिस्तान के प्रति नाराज़गी है क्योंकि माना जा रहा है कि दहशतगर्द पाकिस्तानी जमीन से आये थे। जिस आतंकी संगठन ने इस कार्रवाई का जिम्मा अपने सिर पर लिया है उनको पहले से ही पाकिस्तानी सरकार, वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा पोषित समझा जाता है। सरकार भी पाकिस्तान को मज़ा चखाने पर आमादा है तथा देश भी चाहता है कि सरकार कड़े कदम उठाये।

इसे लेकर सर्वदलीय बैठक में देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने सरकार के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है। यह अलग बात है कि बैठक में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुपस्थित थे। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर मोदी के लौटने से अपेक्षा थी कि सरकार तत्काल कोई कार्रवाई करेगी। इसके विपरीत मोदी लौटकर बिहार में रैली को सम्बोधित करने चले गये, लेकिन वहां से उन्होंने ऐलान किया कि कायराना करतूत करने वालों को ऐसा कड़ा सबक सिखाया जाएगा जो अब तक नहीं देखा गया था। बाद में मोदी की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ हुई बैठकों ने भी आस बंधाई थी कि लोगों का खून व्यर्थ नहीं जायेगा। सोमवार को जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे तो सरकार समर्थक मीडिया में इसे देश के मोर्चे पर एक कदम आगे जाना कहा गया। हालांकि अब माना जा रहा है कि मोदी के साथ राहुल की यह बैठक केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के नये प्रमुख के चयन को लेकर थी। यहां सब बतलाने का तात्पर्य यह है कि देश इस उम्मीद में है कि आतंकियों एवं पाकिस्तान के खिलाफ़ भारत तत्काल और कठोर कार्रवाई करे।

ऐसे में सोमवार को गृह मंत्रालय की ओर से एक परिपत्र जारी हुआ है जिसमें सभी 28 राज्यों के लगभग 250 जिलों के चयनित शहरों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य जनसामान्य को हवाई हमलों से बचाव का अभ्यास कराना है। बड़े पैमाने पर होने वाली मॉक ड्रिल यह संदेश भी देती है कि देश और उसकी जनता शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही स्तरों पर लड़ाई का सामना करने के लिये तैयार है। यह सरकार की भी तैयारी को दर्शाता है जो एक तरफ़ आक्रमण के लिये खुद को तैयार कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ़ अपने नागरिकों के बचाव के प्रति भी चिंतित है। आशा की जानी चाहिये कि जिन शहरों में युद्धाभ्यास होगा, वहां के नागरिक गम्भीरतापूर्वक इसमें हिस्सा लेंगे। श्रेणीवार तीन तरह के शहरों को इसके लिये चयनित किया गया है लेकिन इस प्रदर्शन से उन शहरों के लोग भी लाभान्वित होंगे जिनका मॉक ड्रिल के लिये इस बार चयन नहीं किया गया है। आखिरकार युद्ध में कोई नहीं कह सकता है कि दुश्मन किस शहर को अपने निशाने पर लेगा। 1971 में भी ऐसी सावधानी बरती गयी थी जब जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल राज्यों के अनेक सीमावर्ती जिलों के कई शहरों में लोगों को ब्लैकआउट में रहने का अभ्यास कराया गया था। इससे दहशत खत्म हुई थी तथा बतौर नागरिक लोगों ने भारत-पाक युद्ध का सामना बहादुरी से किया था।

अब बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल में ब्लैक आऊट होगा, सायरन बजेंगे तथा लोगों द्वारा खुद की सुरक्षा का अभ्यास होगा। उन्हें आपातकालीन शेल्टरों में जाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशासन को वेबसाइटों तथा सोशल मिडिया पर नज़र रखने के लिये कहा गया है। इस दौरान फोटोग्राफी, वीडियो आदि बनाने व उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करने से बचना होगा। वैसे गृह मंत्रालय ने कहा है कि लोगों में दहशत न हो इसके लिये ज़रूरी है कि वे इसके बारे में पहले से जानें। बुधवार की शाम को देश भर में एक साथ बजने वाले सायरन को लोगों को प्रतिसाद देना होगा क्योंकि यह जो कुछ भी कवायद हो रही है वह नागरिकों की सुरक्षा के लिये ही है। इसे गम्भीरता से लेना होगा। शत्रु देश की ओर से एयर स्ट्राइक होने पर सायरन के संकेतों को समझना और उसके अनुरूप व्यवहार करना होगा। इस दौरान कोई भी प्रकाश न हो तथा चयनित शहरों में पूरी तरह से अंधकार रहे। इसका उद्देश्य शत्रु के लड़ाकू विमानों की नज़रों से खुद को बचाना होता है। इस दौरान खिड़की-दरवाजों को पूरी तरह से बन्द रखा जाये तथा टॉर्च, नगदी, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कर रखी जाये। टीवी, रेडियो या मोबाइल से प्रशासन द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों को जानते रहना ज़रूरी है।

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने भी कहा है कि 'देश को 1971 के मॉक ड्रिल का अनुभव है। सरकार यदि यह करती है तो देश इसके लिये तैयार है।' भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देशवासियों से अपील की है कि वे मॉक ड्रिल में हिस्सा लें। बुधवार के इस नागरिक अभ्यास से संदेश जायेगा कि देश तैयार है।

लेकिन इस बड़ी तैयारी के साथ यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि युद्ध के नाम पर अनावश्यक उन्माद न फैले, न ही इस पर कोई सनसनी कायम की जाए। यह समय संयम और साहस का परिचय देने का है।

# कौन चाहता है युद्ध और क्या हासिल होगा उससे

महाभारत के शांतिपर्व में कहा गया है- 'न युद्धात् परमं किंचिद् युद्धं सर्वं न संनादति। युद्धेन संनादति सर्वं तस्माद् युद्धं परित्यजेत।।' (युद्ध से बढ़कर कोई आपदा नहीं; युद्ध सब कुछ नष्ट कर देता है। इसलिए युद्ध का परित्याग करना चाहिए)।

भारत में जब कभी भी पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादी जमात की ओर से कोई बड़ा हमला होता है और उसमें बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं तो मीडिया और सोशल मीडिया में युद्ध के ढोल-नगाड़े बजने लगते हैं। इस समय भी यही हो रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पूरा देश क्षुब्ध और उद्वेलित है। चूंकि हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रसिस्टेंस फ्रंट ने ली है, जिसे पाकिस्तानी सेना और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई से खाद-पानी मिलता है।

पहलगाम हमले में जो लोग मारे गए हैं, वे सभी मध्यमवर्गीय परिवारों के होंगे। उनमें किसी ने अपना बेटा तो किसी ने पति, किसी ने अपना भाई और किसी ने पिता को खोया है। उन सभी के दर्दनाक तरीके से मारे जाने पर उनके परिवारजनों का दुख और गुस्सा जायज है और उसमें पूरे देश का शामिल होना भी लाजिमी है। फिर भी कॉरपोरेट घरानों से नियंत्रित टीआरपी-पिपासु टीवी चैनल भारतीय जन-मन के क्षोभ, शोक और आक्रोश का निर्लज्जता के साथ व्यापार कर रहे हैं।

जिस दिन पहलगाम में हमला हुआ उस दिन से आज तक दिल्ली और मुंबई स्थित टीवी चैनलों पर तीतर-बटेर छाप बहसों में रक्षा विशेषज्ञों के तौर पर शामिल रक्षा तथा विदेश मंत्रालय, सेना एवं खुफिया सेवाओं के पूर्व अफसर जनाक्रोश को युद्धोन्माद में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। टीवी चैनलों के मूर्ख एंकर-एंकरनियां भी वीर बालकों की मुद्रा में उनके सुर में सुर मिला रही हैं। युद्धोन्माद पैदा करने के लिए इन टीवी चैनलों ने चंद पैसों पर आसानी से उपलब्ध हो जाने वाले पाकिस्तान के भी कुछ नेताओं, पूर्व नौकरशाहों, पूर्व सैन्य अफसरों को हायर कर रखा है।

ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। दरअसल ये 'रक्षा विशेषज्ञ' किसी भी आतंकवादी हमले के बाद टीवी चैनलों के वातानुकूलित स्टूडियो में बैठकर पाकिस्तान को युद्ध के जरिये सबक सिखाने का सुझाव देते हैं और साथ ही यह रुदन भी कर डालते हैं कि भारतीय सेना के पास संसाधनों का अभाव है। अपनी ऐसी बातों से यह लोग आम लोगों पर यही प्रभाव छोड़ने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत बहादुर और देशभक्त हैं, लेकिन बात इतनी सीधी नहीं है। दरअसल यह मामला उच्च तकनीक वाले हथियारों के अंतरराष्ट्रीय कारोबार से जुड़ा है।

भारत हथियारों का बहुत बड़ा खरीदार है, लिहाजा हथियार बनाने वाली कई विदेशी कंपनियों के हित भारत से जुड़े हैं। भारतीय सेना, सुरक्षा एजेंसियों, विदेश सेवा और रक्षा महकमे के कई पूर्व अफसर इन कंपनियों के परोक्ष मददगार होते हैं। यह कंपनियां ऐसे लोगों को उनके रिटायरमेंट के बाद अनौपचारिक तौर पर अपना सलाहकार नियुक्त कर लेती हैं। ये लोग इन कंपनियों के हथियारों की बिक्री के लिए तरह-तरह से माहौल बनाने का काम करते हैं। देश में युद्धोन्माद पैदा करना और सेना में संसाधनों का अभाव बताना भी उनके इसी उपक्रम का हिस्सा है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन लोगों को इस काम के लिए हथियार कंपनियों से अच्छा खासा 'पारिश्रमिक' मिलता है। तो देशभक्ति के नाम यह इनका अपना व्यापार है जो इन दिनों जोरों पर चल रहा है।



अनिल जैन

> जब हर तरह से युद्ध हमारे लिए हानिकारक है तो फिर इसका विकल्प क्या है? पाकिस्तान की हरकतों और आतंकवाद से हम कैसे निबटें? सवाल महत्वपूर्ण है और इसका जवाब यह है कि हम पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों से गुहार जरूर करें लेकिन ऐसा करने के पहले हमें इस दिशा में खुद ही पहल करनी चाहिए।

युद्ध का माहौल बनाने में जुटे कुछ टीवी चैनलों ने तो यह भी बता दिया है कि दोनों देशों के बीच युद्ध में अगर परमाणु युद्ध हथियारों का इस्तेमाल होता है तो पाकिस्तान का नुकसान ज्यादा होगा, वह तबाह हो जाएगा, दक्षिण एशिया का भूगोल बदल जाएगा आदि-आदि। कुछ चैनल सुझा रहे हैं कि भारत युद्ध न भी करें तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकवादियों के शिविर नष्ट कर दे। हालांकि भारत की ओर से ऐसी कार्रवाइयां पिछले 27 वर्षों में 11 बार हो चुकी हैं, जिनमें से दो बार तो मोदी सरकार के दौर में ही हुई हैं, तो भी पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान और उसके द्वारा पोषित आतंकवादियों के मनसूबों पर इसका कोई असर नहीं हुआ है।

भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का यह मुगालता पुराना है कि अमेरिका भारत का दोस्त है। इससे भी बड़ा मुगालता मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप उनके व्यक्तिगत दोस्त है। हमारे कॉरपोरेट घरानों, कॉरपोरेट पोषित मीडिया और देश के उच्च मध्यम वर्ग के मन में भी अमेरिका के प्रति अगाध श्रद्धा है। ऐसे सभी लोगों के लिए क्या यह सूचना महत्वपूर्ण नहीं है कि अमेरिका ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा तो की है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने साथ में यह भी कहा है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही उनके करीबी हैं और दोनों खुद ही इस मसले को हल कर लेंगे। जाहिर है कि अमेरिका ने खुद को इस मामले से अलग रखने का इरादा जता दिया है। इसकी वजह यह है कि हथियार खरीदी के मामले में पाकिस्तान भी अमेरिका का कोई छोटा ग्राहक नहीं है। इसके अलावा कई मौकों पर पाकिस्तानी सैन्य अड्डों का इस्तेमाल भी वह करता रहा है।

जहां तक चीन का सवाल है, उसके तो और भी ज्यादा हित पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं। उसने भी पहलगाम हमले की निंदा तो की है लेकिन पाकिस्तान को अपना मजबूत दोस्त और रणनीतिक भागीदार भी बताकर स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध जैसी स्थिति में वह क्या करेगा। रूस की प्रतिक्रिया भी भारत के लिए आश्वस्तकारी नहीं है। तुर्की, ईरान, सऊदी अरब सहित कई मुस्लिम देश तो खुल कर पाकिस्तान के साथ हैं। यहां तक कि भारत के छोटे-छोटे पड़ोसी देश भी इस मामले में भारत से दूरी बनाए हुए हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध की स्थिति में कौन किसके साथ रहेगा!

कुल मिलाकर युद्ध हमारे लिए बुरी तरह घाटे का सौदा साबित होगा। पाकिस्तान भले ही हमारी तरह परमाणु शक्ति संपन्न है लेकिन वह निहायत ही उद्दण्ड और गैरजिम्मेदार मुल्क भी है। आर्थिक तौर पर तो वह बर्बाद है ही। उसके पास अपने बेगुनाह अवाम के अलावा खोने को भी कुछ खास नहीं है। इसलिए उसके साथ युद्ध की स्थिति में जो भी कुछ बिगड़ना है वह भारत का ही बिगड़ना है।सवाल उठता है कि जब हर तरह से युद्ध हमारे लिए हानिकारक है तो फिर इसका विकल्प क्या है? पाकिस्तान की हरकतों और आतंकवाद से हम कैसे निबटें? सवाल महत्वपूर्ण है और इसका जवाब यह है कि हम पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों से गुहार जरूर करें लेकिन ऐसा करने के पहले हमें इस दिशा में खुद ही पहल करनी चाहिए, जो कि भारत सरकार ने पहलगाम हमले के बाद की भी है। भारत की इस पहलकदमी से आने वाले समय में पाकिस्तान पर निश्चित रूप से दबाव बनेगा। अलबत्ता इन कदमों से अदानी, अंबानी और जिंदल जैसे हमारे यहां के कुछ उद्योग समूहों के हित जरूर प्रभावित हो सकते हैं, जिनके कारोबारी रिश्ते गहरे तौर पर पाकिस्तान और वहां के सत्ता प्रतिष्ठान से ताल्लुक रखने वाले लोगों के साथ जुड़े हैं। पाकिस्तान के खिलाफ अपने स्तर पर की जा सकने वाली इस तरह की राजनयिक और आर्थिक नाकेबंदी के साथ ही हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को भी चाक-चौबंद करने के उपाय करने चाहिए। हर आतंकवादी हमले के बाद इस मोर्चे पर हमारी कमजोरियां उजागर होती हैं और सरकार की ओर से इन कमजोरियों को दुरुस्त करने की बातें भी होती हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। पहलगाम हमले में भी यह कमजोरी साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। इससे पहले उड़ी, पठानकोट एयरबेस और पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले भी हमारी इन्हीं कमजोरियों के परिणाम थे। इन कमजोरियों को दूर किए बगैर अगर हम पाकिस्तान का रण-निमंत्रण स्वीकार कर भी लें तो उससे मसले का कोई स्थायी हल नहीं निकल सकता। आखिरकार हम पाकिस्तान की तुलना में कहीं ज्यादा सभ्य देश हैं। ऐसे ही मौकों पर हमारी सभ्यता का इम्तिहान होता है, जब हम उकसावे में आए बगैर अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखें। युद्ध नहीं, शांति और सह-अस्तित्व ही हमारी सभ्यता का आधार है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# जातिवार जनगणना से जुड़ी अपार संभावनाएं

पहलगाम कांड के बाद प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख की बैठक हुई तो मुल्क 'बड़े' फैसले की उम्मीद कर रहा था। फैसला बड़ा तो हुआ लेकिन पहलगाम के दोषियों को सख्त सजा देने का नहीं। यह कुछ नया ही विषय ऊपर ले आया और इसके चलते यह आरोप भी लगाने लगे कि प्रधानमात्री उस मामले में कुछ करने से बचना चाहते हैं और बढ़ते जनमत का ध्यान दूसरी तरफ मोड़ने के लिए उन्होंने जातिगत जनगणना का फैसला कर लिया। यह संयोग हो सकता है लेकिन यह फैसला इतना हल्का नहीं है। समाज और राजनीति के लिहाज से इसके दूरगामी परिणाम होंगे। चौंकाने और चालाकी का शक करने की एक और वजह संघ और भाजपा का पिछला रिकार्ड है जो आरक्षण की राजनीति, जातिगत जनगणना और हिन्दू समाज में 'भेद' के खिलाफ रहा है। लेकिन कहना होगा कि जब जागो तब सबेरा और यह बहुत बड़ा फैसला ही नहीं है, इसमें काफी सारी विसंगतियों को दूर करने का अवसर भी है। सबसे बड़ी विसंगति तो ओबीसी की संख्या जाने बगैर उसको आरक्षण देना है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पचास फीसदी की सीमा लगाना है जबकि हर अनुमान पिछड़ों-दलित और आदिवासियों की संख्या का अनुपात ज्यादा मानता है। साथ ही मौजूदा समाज में जाति के साथ पिछड़ेपन के और आधार हैं लेकिन उनको चलताऊ मान लिया गया है। कहीं महिलाओं तो कहीं विकलांगों को दो-एक प्रतिशत आरक्षण जैसे समाधान की कोशिश की गई है। परिणाम है कि रोज नए समूह आरक्षण की मांग लेकर मैदान में डटे रहते हैं।



अरविन्द मोहन

> जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा।

इनमें सबसे ज्यादा तो वे किसान जातियां हैं जो आज भी खेती के मैदान में डटी हैं और उनकी खेती की आमदनी उद्योग, व्यापार और कथित सेवा क्षेत्र की तुलना में पिछड़ती जा रही है। जाट, मराठा, पटेल जैसी जातियां कभी आरक्षण को ठुकरा चुकी थीं लेकिन बदले हालात में उनका आंदोलन सबसे उग्र होता है। दूसरा अध्याय खुद को ओबीसी से अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग में डालने का है। रेडी, लिंगायत, विक्कलिगा और नायर जैसी जातियां क्रीमी लेयर के फार्मूले के खिलाफ लगी रहती हैं। अल्पसंख्यक जमातों को आरक्षण के दायरे में लाना, महिलाओं को आरक्षण देना, निजी क्षेत्र में आरक्षण देना और फौज तथा पुलिस में आरक्षण की मांग भी उठती रहती है। खैर मनाइए कि देसी भाषाओं से पढ़े बच्चों, गरीब और ग्रामीण समाज के वंचित बच्चों की तरफ से अभी तक जोरदार आवाज नहीं उठी है। इसलिए यह कहना एकदम उचित है कि जब समाज के हर वर्ग की संख्या और स्थिति का एक साथ व्यापक आंकड़ा आ जाएगा तो सारी वंचनाओं को मिटाने की तरफ कदम बढ़ाने वाली आरक्षण/विशेष अवसर की व्यवस्था लाई जा सकती है।

इसलिए यह हिसाब छोड़िए कि यह फैसला क्यों हुआ और यह पहलगाम से ध्यान भटकाने के लिए हुआ, बिहार के आगामी चुनाव के लिए हुआ, कांग्रेस और विपक्ष के दबाव से हुआ या भाजपा को इसका श्रेय उसी तरह मिलेगा जैसा वी पी सिंह को मिला। शायद वह दौर बीत चुका है और लोग यह भी भूल गए हैं कि भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे पर ही बिहार में कर्पूरी ठाकुर और केंद्र में वी पी सिंह सरकार गिरा दी है। इतना बड़ा फैसला लेने का श्रेय नरेंद्र मोदी को दिया जाना चाहिए। और यह उम्मीद छोड़ देनी चाहिए कि इस बार भी मण्डल जैसा तूफान उठेगा या सारी राजनीति तथा संसद और विधान सभाओं का सामाजिक चरित्र बदल जाएगा। वोट भी एकदम से किसी एक तरफ जाए अब इसकी संभावना भी कम लगती है।

जो हो सकता है वह बहुत बड़ा है। इसमें सबकी जाति को गिनना, समझना और उसका वर्गीकरण करना एक जटिल काम है और जब जातिवार जनगणना होती थी और फिर रोकी गई तब ये सारे फैक्टर थे। जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा। पर अगर एक साफ और सभी तरह की वंचनाओं को समेटने वाली व्यवस्था बने, जिसमें जातिगत भेदभाव का वेटेज (वजन) सबसे ज्यादा रखा जाए, तो न सिर्फ सर्वस्वीकृत आरक्षण व्यवस्था कायम होगी बल्कि इसमें कथित क्रीमी लेयर के भी स्वत: छंटते जाने का काम होता जाएगा।

कभी जेएनयू के नामांकन में सौ अंकों का बीस फीसदी हिस्सा विभिन्न तरह की वंचनाओं के लिए अलग-अलग वेटेज के आधार पर तय होता था। इसमें जाति, आर्थिक स्थिति, लड़का-लड़की, गांव-शहर और अंग्रेजी स्कूल की पढ़ाई हुई या नहीं, इस आधार पर अलग-अलग अंक थे। जाति और आर्थिक स्थिति में भी कई श्रेणियां और उनके हिसाब से अंक थे। पर कुल विशेष अंक की सीमा बीस ही थी। अगर कोई लड़की बाकी कोई अंक नहीं पाती तो उनको जेंडर के दो या तीन विशेष अंक तो मिल जाते थे। गांव से आया सवर्ण और अच्छी आय वाले बच्चों को भी अंग्रेजी न जानने के नुकसान की भरपाई के दो या तीन अंक मिल जाते थे। दलित और आदिवासी को ज्यादा विशेष नंबर थे लेकिन ओबीसी समूह को भी ठीक ठाक विशेष अंक मिलते थे। जिसके परिवार की कमाई बढ़ी, शहरी हुआ, अंग्रेजी पढ़ाई शुरू हुई तो वह खुद ब खुद क्रीमी लेयर के ऊपर हों जाता था जिसमें दलित-आदिवासी भी हो सकते थे और ओबीसी भी। और इसी के चलते वहां के छात्र समुदाय का चरित्र एकदम अलग बना। उनका अकादमिक प्रदर्शन कैसा हुआ यह बताने की जरूरत नहीं है।

जनगणना में सामाजिक स्थिति जानने के दसियों आंकड़े इकट्ठे किए जाते हैं। 2011 की जनगणना में तो जातियों का पता करने के साथ खेती-बाड़ी, मकान, दूकान, चारपहिया-दो पहिया, रंगीन टीवी, मोबाइल जैसी सारी सूचनाएं इकट्ठा की गई थीं जिनमें कुछ जारी हुए कुछ दबा लिए गए। इस बार तो अज्ञात कारणों से जनगणना ही रोककर रखी गई है और जातिवार जनगणना ही नहीं महिलाओं का आरक्षण और संसदीय सीटों का पुनर्गठन भी आगे के लिए टाला गया है। गृह मंत्री का दावा है कि अगली जनगणना में बहुत व्यापक सूचनाएं जुटाई जाएंगी। सो जातिगत वंचना या जेंडर की स्थिति के साथ ही दूसरी वंचनाओं का हिसाब लगाना आसान होगा। फिर इस बीच लंबी चर्चाओं से जानकार लोगों से पिछड़ेपन के मानकों और वेटेज का एक सर्वमान्य फार्मूला भी तय कर लिया जाए। इसमे जन्मानुगत वंचनाओं का वेटेज ज्यादा होना चाहिए। पर खेतिहर समाज, मजदूरी वाले वर्ग, ग्रामीण और आदिवासी समाज की तकलीफों का भी महत्व समझना होगा। और जब कुल हिसाब होगा तो सचमुच में वही जमात सामने आएगा जिसे विशेष अवसर की जरूरत है। सो राजनीति चले कोई हर्ज नहीं, वोट की मारामारी हों कोई हर्ज नहीं लेकिन शासन से जुड़े लोगों को इस बीच पिछड़ेपन और वंचनाओं की पहचान और वर्गीकरण का काम पूरा कर लेना चाहिए जिससे आंकड़े आते ही एक व्यापक लाभ देने वाली व्यवस्था खड़ी हों जाए और रोज-रोज की राजनीति खत्म हो। पिछड़ापन शर्म की बात है, गर्व की नहीं।

## आपके पत्र

### वक्फ़ संशोधन विधेयकः एक विवादास्पद कदम और इसके संभावित परिणाम

वक्फ़ संपत्तियों की व्यवस्था सदियों से एक धार्मिक और कल्याणकारी परंपरा के रूप में चली आ रही है, जिसके तहत मुसलमानों ने अपनी संपत्तियां धार्मिक, शैक्षिक और समाजसेवी उद्देश्यों के लिए वक्फ़ की हैं। हालांकि, हाल ही में प्रस्तावित वक्फ़ संशोधन विधेयक ने इस प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस लेख में, हम इस विधेयक की जटिलताओं, इसके संभावित प्रभावों और इसके विरोध के औचित्य का विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ-वक्फ़ की अवधारणा इस्लामिक इतिहास में गहरी जड़ें रखती है। मुसलमानों ने मस्जिदों, मदरसों, अस्पतालों और अन्य कल्याणकारी संस्थानों की स्थापना के लिए वक्फ़ का उपयोग किया है। उपमहाद्वीप में भी वक्फ़ संपत्तियों ने शिक्षा और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वक्फ़ संपत्तियां हमेशा समुदाय की भलाई के लिए समर्पित रही हैं और उनमें सरकारी हस्तक्षेप को अन्यायपूर्ण माना जाता है।

कानूनी और संवैधानिक पहलू- भारतीय संविधान के तहत धार्मिक स्वतंत्रता और आस्था के अनुसार पूजा करने का अधिकार मूल अधिकारों में शामिल है।

अनुच्छेद 25- सभी नागरिकों को अंतरात्मा की स्वतंत्रता और अपने धर्म को मानने, उसका प्रचार करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 26- प्रत्येक धार्मिक समूह को अपने धार्मिक मामलों को स्वायत्त रूप से संचालित करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 29 और 30- अल्पसंख्यकों को अपनी संस्कृति, धर्म और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और संचालन का पूरा अधिकार है।

वक्फ़ अधिनियम 1995-वक्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा और उनके प्रबंधन के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। हालांकि, संशोधन विधेयक के तहत सरकार को वक्फ़ संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण देने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों के विरुद्ध है।

संभावित नुकसान- वक्फ़ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ने से धार्मिक और समाजसेवी संस्थानों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी।

कई शैक्षिक संस्थान, अनाथालय और अस्पताल, जो वक्फ़ संपत्तियों पर संचालित होते हैं, प्रभावित हो सकते हैं।

इस कदम से अल्पसंख्यकों में अविश्वास बढ़ेगा और यह कानून उनके अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने के समान होगा।

जनभावनाएं और सामाजिक प्रभाव-इस विधेयक के खिलाफ विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त की है। कई स्थानों पर इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए हैं, क्योंकि इसे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला माना जा रहा है। वक्फ़ संपत्तियों के तहत संचालित कई कल्याणकारी योजनाएं भी खतरे में पड़ सकती हैं।

विकल्प और सुझाव-यदि सरकार वक्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार चाहती है, तो उसे अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं और विद्वानों से परामर्श करना चाहिए। पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, वक्फ़ बोर्डों की आंतरिक संरचना को मजबूत किया जा सकता है ताकि उनका बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

वक्फ़ संशोधन विधेयक एक विवादास्पद कानून है, जो न केवल धार्मिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों के खिलाफ है बल्कि अल्पसंख्यकों में असुरक्षा और बेचैनी भी बढ़ा सकता है। सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए और धार्मिक व सामाजिक संस्थानों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। जनता और समाजसेवी संगठनों को भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज़ बुलंद करनी चाहिए, ताकि न्याय और समानता के सिद्धांतों की रक्षा की जा सके।

**नुजहत सुहैल पाशा**
**जमात इस्लामी हिंद विमेंस विंग रायपुर.**



## ललित सुरजन की कलम से

### अडवानी या मोदी : फर्क क्या है?

*'नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में गुजरात में 2002 का नरसंहार ही नहीं हुआ, उसके बाद का घटनाचक्र भी उनकी कोई बेहतर छवि पेश नहीं करता। आज उन्होंने अडवानीजी को किनारे लगाया है, लेकिन इसके बहुत पहले वे गुजरात में भाजपा की नींव मजबूत करने वाले केशुभाई पटेल व सुरेश मेहता जैसे नेताओं को दरकिनार कर चुके हैं। याने अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति में वे व्यक्तिगत संबंधों की परवाह नहीं करते। अपने ही एक मंत्री हरेन पंडया की हत्या को लेकर उनकी भूमिका पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। दूसरी तरफ वे हत्या के आरोपी अमित शाह को पार्टी महासचिव बनवाते हैं और सरेआम बंदूक का डर दिखाने वाले विट्ठल रादडिया को भाजपा प्रवेश कर उन्हें लोकसभा का टिकट देते हैं। याने उन्हें इस बात की तनिक भी परवाह नहीं है कि उनके साथी-सहयोगियों का चरित्र क्या है। नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रिय छवि बनाने के लिए निरंतर उपाय करते रहे हैं। इसके बावजूद सोहराबुद्दीन हत्याकांड, इशरत जहां हत्याकांड और एहसान जाफरी की हत्या जैसे दुखदायी प्रसंग भूत बनकर उनका पीछा कर रहे हैं। माया कोडनानी सहित उनके कुछ और कट्टर साथी जेल में सजाएं भुगत ही रहे हैं। ऐसे प्रकरणों पर पर्दा डालते हुए श्री मोदी अपने छवि निर्माण के लिए विराट सम्मेलन करते हैं, लेकिन वे उस क्षण बेनकाब हो जाते हैं जब वे मुसलमान फकीर द्वारा दी गई टोपी पहनने से खुले मंच पर इंकार कर देते हैं। दूसरे शब्दों में दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानवतावाद का मंत्र लेकर अटल बिहारी वाजपेयी आगे बढ़े थे उसके लिए नरेंद्र मोदी के विचार और कार्य में कोई जगह नहीं है।'*

**(देशबन्धु में 13 जून 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### हमारा लक्ष्य पूर्णता की ओर

पूर्ण से हम आर्विभूत हुए हैं? पूर्ण की ओर हमें जाना है। अंततः पूर्ण ही हमें तृप्ति देगा- यह वाक्य उपनिषदों में दिखाई देगा। हमारी महत्ता क्या है? यह उस संकेत की ओर इशारा करता है जिसे कि भारतीय संस्कृति सदा से परिभाषित करती आई है। वह है स्वयं से प्रतिष्ठित हो स्वयं की जाग्रति द्वारा स्वयं का उद्धार। यह बात उन्हें ही समझ में आएगी जिनकी आत्मा इतने उच्च मूल्यों को स्वीकार कर सकने में समर्थ हो अर्थात उनमें सत्य को देख सकने की सामर्थ्य विकसित हो चुकी हो। जो अपने आप में सदा एकरस एवं जगत की परिस्थितियों के मध्य अपने को उच्च लक्ष्य के प्रति समर्पित रखने में सफल होते हैं, वही वास्तव में जीवन का मूल्य पहचान पाते हैं। हमें विकसित होना हे परंतु अपने आत्मा की परिधि में। जिसे अपनी आत्मा का भान है वह कभी भी कुपित मान्यता लिए अपने आपको दूषित विचारों एवं ओछे प्रयोजनों हेतु समर्पित नहीं कर सकता है। ऐसा व्यक्ति अपने जीवन की जाग्रति द्वारा दूसरों को प्रकाश पहुंचाने में समर्थ है, यही उसकी पहचान है; एवं इसके लिए उसे कहीं अन्यत्र भटकना नहीं पड़ता है, क्योंकि उसकी आत्मा स्वयं अपना मार्ग बनाने में समर्थ होती है। जिसकी आत्मा पर दाग नहीं लगे, जो सांसारिक पिरिस्थितियों के वशीभूत नहीं हुआ है एवं जो स्वयं में परिपूर्ण अनुभव कर आगे बढ़ता है। वही योगी है एवं उसे परम कल्याण का स्वर प्राण है।

जब तक हम भीतर से परिपूर्ण नहीं होते तब तक जगत का कोई भी प्रयोजन हमें सार्थकता नहीं दे सकती। यही आत्मा का सिद्धांत है जो इसकी पूर्ति कर लेता है। उसे जीवन में कभी सफलता की कमी नहीं होती क्योंकि अपने भीतरी केंद्र से संचालित होना ही सफलता है। जीवन का ध्येय यदि देखा जाए तो वह आत्मोत्कर्ष है। इसके लिए किसी विशेष प्रक्रिया की नहीं बल्कि स्वयं के आत्म विगलन एवं संपूर्णता में आत्मभाव की प्राप्ति हैाने की आवश्यकता होती है। जब यह हो जाए तब प्रत्येक गतिविधि का सार यही निकलता है कि क्या आत्मा की प्राप्ति हुई? आत्मा को उसकेविषयों के विलय परंम तृप्ति का मार्ग सुझाए, इसे ही प्रज्ञा कहते हैं। प्रज्ञा का अभिप्राय उल उच्च स्तरीय बुद्धि या मेधा से है जो कि यथार्थ में आत्मा के अनुसंधान में कार्य करे एवं वह परिणाम उपस्थित करे जिससे कि आत्मा अपने मूल लक्ष्य एकत्व प्राप्ति में सफल हो। उसे जो कुछ चाहिए वह जगत से नहीं बल्कि अपने आप से चाहिए- अपने आप में यदि वह महान बन जाए तो उसे सौभाग्यशाली एवं हर प्रकार की विषमता से परे एक दैदीप्य स्वर में प्रकाशित व्यक्तित्व कहा जाएगा। यही उसका चिर-विधान है। हम एक बात को समझने में मनुष्य को समझने में अधिकाधिक समय लग जाता है कि वह जिस चीज से परेशान है वह उसके भीतर की अपूर्णता ही है।

-अखंड ज्योति

# 5 सौ से 1 हजार में निजी टैंकरों से पानी लेने को मजबूर जरूरतमंद

## टैंकर माफिया सक्रिय, शहर में अब भी बरकरार है जल संकट



### ननिज प्रशासन का दावा आज शाम से जलापूर्ति सामान्य होने की उम्मीद, विपक्ष बोला अभी जल्द खत्म नहीं होगा संकट

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर मे जल संकट का असर मंगलवार को बरकरार था। इस दौरान लाखों की आबादी वाले करीब 30 वार्डो में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई, लेकिन इसमें भी मांग के अनुरूप टैंकर रिहायशी इलाकों में नहीं पहुंचे। इस बीच टैंकर माफिया भी जबलपुर में सक्रिय हो गया और पांच सौ से एक हजार तक में जरूरतमंदों को टैंकर से पानी देने की बात सामने आई है।

वहीं ननिज प्रशासन ने दावा किया है बुधवार की शाम तक क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का सुधार कार्य पूरा हो जायेगा और टेस्टिंग के बाद जल्द ही प्रभावित वार्डो में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जायेगी। पीडब्लूडी के संबंधित ठेका कंपनी से पाइप क्षतिग्रस्त करने के लिये सुधार कार्यो में आना वाला खर्चा और दूसरी तरह नियमानुसार कार्रवाई हेतु ननिज प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों को पत्र भी भेज दिया है। उम्मीद की है जल्द से जल्द से उक्त ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाये ताकि दुबारा इस तरह की लापरवाही ठेकेदारों द्वारा न की जाये।

यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि मेडीकल कॉलेज के समीप शास्त्री नगर में सड़क चौड़ीकरण के काम के चलते सामान्तर पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इससे वैकल्पिक लाइन के तौर पर जबलपुर की आधा जनता को पानी की आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन का वाल्ब क्षतिग्रस्त हो गया और जला आपूर्ति ठप्प हो गई, विपक्ष ने इसके लिये नगर सरकार के पूर्ववर्ती सरकारों पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाये हैं, जिसमें पूर्व के सालों में घटिया स्तर की मेन लाइन बिछाने की बात शामिल है। इसीलिये अक्सर पानी का प्रेशर अधिक होते ही कभी भी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है और जनता को बेवजह के जल संकट का सामना करना पड़ता है।

### जेसीबी के हथौड़ा से लाइन का वाल्ब क्षतिग्रस्त

गौरतलब है कि मैदानी अमले की लापरवाही से जबलपुर में कई वार्ड में जल संकट गहराया गया है। शुरूआती जानकारी में पता चला है कि मेडीकल के पास शास्त्री नगर बाजनामठ में सड़क चौड़ीकरण काम चल रहा था, उसी दौरान पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जहां पहले से पुरानी पाइप लाइन खराब थी, वहीं इसके सामानांतर लाइन पर जेसीबी का हथौड़ा चल गया और लाइन का वाल्ब क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण शहर में करीब चालीस वार्डो के रिहायशी इलाकों में पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई। हालाकि ननिज के जवाबदार अमले को भी मौके पर मौजूद रहना था, जब सड़क चौडीकरण कार्य पाइप लाइन के समीप किया जा रहा था।

# ट्रेन चलने के कारण नहीं चढ पाये थे केन्द्रीय मंत्री

## दूसरी ट्रेन से आने के संबंध में स्वयं दी जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** दिल्ली से जबलपुर आ रहे केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव दमोह स्टेशन में ट्रेन चलने के कारण चढ नहीं पाये थे। दमोह स्टेशन में गिरने के कारण पैर में चोट लगने तथा संपर्क क्रांति ट्रेन से आने की जानकारी उनके द्वारा प्रदान की गयी थी।

गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्री व ओडिशा के सुंदरगढ़ लोकसभा सीट से सांसद जुएल उरांव दिल्ली से जबलपुर आने के लिए गोंडवाना ट्रेन में शनिवार को सवार हुए थे। उन्होंने रविवार की सुबह जबलपुर पहुँच कर सड़क मार्ग से मंडला के लिए रवाना होना था।

रेलवे विभाग की वरिष्ठ डीएसीएम ने बताया कि केंद्रीय मंत्री रविवार की सुबह लगभग पौने चार बजे स्टेशन में उतर गये थे। इस दौरान ट्रेन चलने लगी और उन्होंने दौडकर चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान गिरने के कारण उनके हाथ पैर में चोट आई थी। ट्रेन के छूटने के संबंध में उन्होंने स्टाफ को सूचित किया। स्टॉफ द्वारा इस संबंध में रेलवे प्रशासन को सूचित किया। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री दूसरे प्लेटफार्म में रखी संपर्क क्रांति के एसी 3 में सवार होकर सिहोरा पहुॅचा। सिहोरा स्टेशन पर उनका व्यक्तिगत स्टाफ के अलावा रेलवे तथा आरपीएफ का स्टाफ उपलब्ध था। प्राथमिक उपचार प्रदान करने के बाद वह स्टाफ सहित जबलपुर आये। स्टेशन पर ट्रेन छूटने की घटना किसी भी व्यक्ति के साथ घटित हो सकती है। स्टाफ को उनके लोकेशन की पूरी जानकारी प्राप्त थी। जबलपुर पहुंचने के बाद वह सुरक्षा व्यवस्था के साथ मंडला के लिए रवाना हो गये थे।

# पूर्व बिशप पीसी सिंह चढे ईओडब्ल्यू के हत्थे

## कर्नाटक के मंगलोर से किया गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** डायोसिस के पूर्व बिशप पीसी सिंह को आर्थिक अपराध ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने ढाई करो? रुपये के गबन मामले में कर्नाटक के मंगलोर से गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, झारखंड, पंजाब, हरियाणा और प्रवर्तन निदेशालय में 64 मामले दर्ज हैं। कटनी स्थित जमीन के मुआवजा की राषि धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज के आधार पर हडपने के मामले में उक्त कार्यवाही ईओडब्ल्यू द्वारा की गयी है।

ईओडब्ल्यू से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी के बास्लेय स्कूल की 0.22 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण रेलवे विभाग द्वारा किया गया था। रेलवे विभाग द्वारा जमीन अधिग्रहण करने पर मुआवजा राशि 2,45,30,830 रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया था। पूर्व बिशप पीसी सिंह और एनडीटीए चेयरमैन पाल दुपारे ने उक्त रकम फर्जी दस्तावेज के आधार पर हड़प ली थी। ईओडब्ल्यू ने जांच में पाया था कि दोनों ने स्कूल प्राचार्य के नाम से कूटरचित दस्तावेज पेश किए थे। फर्जी दस्तावेज के आधार पर मुआवजा राशि को एनडीटीए के अधिकृत खाते के बजाय दूसरे खातों में स्थानांतरित कर लिया गया था। जिसके बाद उसका उपयोग निजी तौर पर किया गया था। इसके लिए बिशप पीसी सिंह ने एनडीटीए से कोई अनुमति नहीं ली। ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। ईओडब्ल्यू ने पूर्व बिशप पी सी सिंह को कर्नाटक के मंगलोर से हिरासत में लिया। प्रकरण में दूसरा आरोपी पाल दुपारे अभी फरार है और उसके संबंध में पतासाजी जारी है।

# आरटीआई के तहत जानकारी देने के लिए मांग रही थी रिश्वत

## महिला चढी पुलिस के हत्थे

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय के आरटीआई शाखा में प्रभारी के पद पर पदस्थ महिला कर्मी को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है।

महिला कर्मी आरटीआई के तहत जानकारी प्रदान करने के एवज में रिष्वत मांग रही थी। लोकायुक्त ने महिला कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश कुमार विश्वकर्मा पिता ओमप्रकाश विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्रीन सिटी रोड माढोताल जबलपुर आरटीआई कार्यकर्ता है। वह मानव अधिकार एवं जन सूचना अधिकार संघ भारत संगठन का प्रदेश अध्यक्ष भी है। उसने नियुक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जबलपुर कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन प्रस्तुत किया था।

प्रभारी आरटीआई शाखा श्रीमती विनीता विलियम सहायक ग्रेड-3, ने जानकारी देने के एवज में पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। दोनों के बीच सौदा चार हजार रुपये में तय हुआ था। जिसकी शिकायत पीड़ित के द्वारा लोकायुक्त में की गयी थी। शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद सही पाई गयी थी। पीडित ने मंगलवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय जबलपुर परिसर में पहुॅचकर संबंधित महिला अधिकारी को रिष्वत की रकम चार हजार रूपए दिये। महिला से जैसे ही रिष्वत की रकम लेकर रखी, लोकायुक्त की टीम ने दबिष देकर उसे रंगे हाथों पक?ा। ट्रेप दल सदस्य में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर शशिकला मस्कुले एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा।

# पनीर के नाम पर एनालॉग पनीर बेचने वाले पर होगी सख्त कार्यवाही

## खाद्य सुरक्षा तथा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** ज्यादा लाभ कमाने के लिये अनुचित तरीके अपनाकर नागरिकों को पनीर के नाम पर एनालॉग पनीर का विक्रय करने वाले संस्थानों के विरुद्ध जिले में जल्दी ही सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा तथा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाकर उन्हें पनीर एवं एनालॉग पनीर की जांच के लिये जिले में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई इस बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह भी मौजूद थीं।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में खाद्य सुरक्षा तथा औषधि प्रशासन विभाग पनीर और एनॉलाग पनीर के बीच क्या अंतर है तथा सामान्य तौर पर इनकी पहचान कैसे की जा सकती है इस बारे में नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बाजार में बिक रहे पनीर एवं एनॉलाग पनीर की नियमित रूप से सघन जांच करने के साथ-साथ पनीर के नाम पर बेचे जा रहे एनॉलाग पनीर के निर्माण एवं विक्रय स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण कर नमूना लेने तथा पनीर के नाम पर एनॉलाग पनीर का निर्माण या विक्रय पाये जाने पर मौके पर ही विनिष्टि करने तथा वैधानिक कार्यवाही करने की हिदायत भी दी।

ज्ञात हो कि हाल ही में प्रशासन के संज्ञान में आया है कि एनॉलाग पनीर का मूल्य मिल्क फेट युक्त पनीर से कम होने के कारण व्यवसायियों द्वारा इसके उपयोग का चलन लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही इस बात की भी आशंका है कि उपभोगताओं को मिल्क फेट युक्त पनीर बताकर एनॉलाग पनीर का विक्रय किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों द्वारा खरीदते समय पनीर मिल्क फेट से बना है या एनालॉग पनीर है इसकी पर ही परीक्षण किया जा सकता है । भौतिक परीक्षण में एनॉलाग पनीर रबड़ जैसा खिंचता है।

### पनीर और एनालॉग पनीर में क्या है अंतर

बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पनीर एक दुग्ध उत्पाद है, जो दूध में मान्य ऐसीडूलेन्ट (नींबू का रस, सिरका आदि) से बनाया जाता है। जबकि एनॉलाग पनीर दुग्ध उत्पाद से बनाये पनीर के समान दिखाई देता है, लेकिन इसे बनाने में दुग्ध वसा (मिल्क फेट) के स्थान पर वनस्पति, तेल, स्टार्च, मिल्क सॉलिड आदि का इस्तेमाल किया जाता है। पनीर हल्का नर्म एवं स्पंजी होता है। पनीर में दूध की हल्की मीठी खुशबू आती है और इसमें प्रोटीन कैल्शियम एवं अन्य पोषक तत्व होते हैं। जबकि एनॉलाग पनीर दिखने में पनीर जैसा ही होता है लेकिन यह सख्त, रबड़ जैसा होता। एनालॉग पनीर के निर्माण में वनस्पति तेल और स्टार्च का इस्तेमाल किया जाता है। पनीर की तुलना में इसमें कम पोषक तत्व होते हैं और दूध की हल्की मीठी खुशबू का भी अभाव होता है।

# ई-केवायसी एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करें- एसडीएम शहपुरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टकर दीपक सक्सेकना के निर्देशानुसार अनुभाग शहपुरा में अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर द्वारा तहसील के सभी सहकारी समिति के प्रबंधकों और राशन विक्रेताओं की बैठक ली गई। जिसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समस्त हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में सभी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि आगामी एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करें। साथ ही मृत और स्थाई रुप से पलायन कर चुके लोगों की जानकारी ग्राम पंचायत से ली जाकर पोर्टल में एंट्री कराएं। योजना का प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्र में करें।

अनुविभागीय अधिकारी ने समस्त हितग्राहियों से अपील की है कि वे किसी भी नजदीकी राशन दुकान में जाकर ई-केवायसी कराएं, जिससे उन्हें आगामी माह में राशन प्राप्त करने में असुविधा न हो। समीक्षा बैठक में न्यूनतम प्रगति वाले राशन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। बैठक में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुंजन सिंह राजपूत, सहकारी समिति के प्रशासक प्रशांत कौरव, जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकरी उमेश तिवारी उपस्थित रहे।

# महापौर ने शहरवासियों को दी महापौर स्मार्ट पास की सौगात



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहरवासियों को महापौर स्मार्ट पास की सौगात दी। महापौर अन्नू ने निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्यद्य रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेंद्र यादव, दामोदर सोनी, विवेक राम सोनकर, डॉ सुभाष तिवारी के साथ नगर निगम स्थित मेट्रो बस स्टॉप से महापौर स्मार्ट पास का शुभारंभ किया।




उन्होंने बताया कि अब शहरवासियो को मेट्रो बसों में सफर करने के लिए रियायती दर पर यात्रा करने के लिए पास मिलेगें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी के लिए 400 रुपये, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 350 रूपये, दिव्यांगजनों के लिए 200 रुपये में पास बनाकर दिये जायेगें। इसी प्रकार महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के आग्रह पर चलो बस द्वारा सामान्य पास 1 हजार रूपये की जगह नागरिकों के लिए 800 रूपये में पास बनाकर दिए जाएंगे।

महापौर श्री अन्नू ने बताया कि सभी शहरवासी अपना पास ऑन लाइन माध्यम या मुख्यालय आकर बनवा सकते हैं। शुभारंभ के समय अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया, अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई, मेट्रो बस सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा , सूर्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने घटाई होम लोन की ब्याज दरें

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में कमी किए जाने की घोषणा की है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें अब 8.00 प्रतिशत प्रति वर्ष (पहले 8.40 प्रतिशत प्रति वर्ष) से शुरू होंगी। ये दरें नए होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्ड हैं और15 लाख रुपये और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋण वाले अपने मौजूदा उधारकर्ताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है।

इसके अलावा, बैंक तैयार संपत्तियों, होम लोन शिफ्टिंग आदि के लिए महिला उधारकर्ताओं के लिए 0.05 प्रतिशत प्रति वर्ष और 40 वर्ष से कम आयु के उधारकर्ताओं के लिए 0.10 प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायत भी दे रहा है।

बैंक की होम लोन बैलेंस ट्रांसफर योजना, अन्य बैंकों और एनबीएफसी के उधारकर्ताओं को न्यूनतम दस्तावेजीकरण और शीघ्र प्रोसेसिंग के साथ, अपने होम लोन को बैंक ऑफ बड़ौदा में अंतरित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हुए उन्हें कम ब्याज दरों का लाभ प्रदान करती है।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत साप्ताहिक बैठक सम्पन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायतल महाकौशल प्रांत अंतर्गत महानगर जबलपुर कि बैठक महानगर अध्यक्ष पीकेअग्रवाल की अध्यक्षता व सचिव गोवर्धन लाल मल्होत्रा के संचालन किया गया बैठक मैं विशिष्ट अतिथि प्रांत अध्यक्ष पर विनदरजीत सिंह बिंद्रा थे, विशेष वक्ता मंजु वैश्य थीं प्रांत विधि प्रमुख आनंद नेमा विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रुप में शामिल हुए। इस बैठक में साप्ताहिक कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा हुई व ऐलगिन हास्पिटल के निरिक्षण का निर्णय किया गया व भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर निगम को यत्र-तत्र प्याऊ कि व्यवस्था पर ज्ञापन देने व ग्राहक पंचायत के सुझाए स्थलो पर भी पानी का इन्तजाम करने का अग्रह करने हेतु कहा जायेगा।

बैठक उपरांत आ.भा.ग्रा.पंचायत कि सदस्या किरण पंडित का जन्म दिन भी मनाया गया इस अवसर पर अवध नरेश तिवारी, शक्ति शुक्ल,मिडिया प्रभारी लोकेश गर्ग लक्की व अन्य गणमान्य सदस्य शामिल हुए।

# रेलवे कर्मचारी की सहायता से दो नाबालिक बच्चों को बेघर होने से बचाया गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेशन ड्यूटी में कार्यरत मनोज कुमार सिंह टिकट पर्यवेक्षक को ट्रैन नंबर 12142 पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस में टिकिट जांच के दौरान 2 नाबालिग लड़के जिनकी उम्र 11 या 12 साल होगी बिना टिकिट व बिना किसी अभिभावक और बिना कोई सामान साथ लिए मिले , इन बच्चो को जबलपुर स्टेशन पर उतार लिया गया। जानकारी करने पर पता चला कि दोनों दोस्त है , पटना के पास उनका गाँव है और वे घर से बिना बताए भाग कर इलाहाबाद जा रहे थे। मनोज सिंह द्वारा उन्हें पुलिस के सुपुर्द करने हेतु प्रयास किया गया ताकि उन्हें उनके घर पहुँचाया जा सके। पुलिस का नाम सुनकर बच्चे भयभीत हो गए , वे शायद ये समझे कि उन्हें बंद किया जा रहा है और रोने लगे व भागने का प्रयास करने लगे, फिर मनोज सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए उनसे मैत्रीपूर्ण व्यवहार किया, उन्हें खाना और केक खिलवाया एवं उनहे घर वालों से बात करने हेतु समझाकर नंबर लिया और उनके घर पर बात की, उनके घरवालों ने कहा कि वे बच्चों को लेने जबलपुर आ रहे है।

मनोज कुमार द्वारा किया गया कार्य निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। उनके इस प्रयास के कारण दो नाबालिक बच्चे अपने परिवार से मिल पाएंगे और अपने घर सुरक्षित पहुंच जाएंगे।

# युद्ध को देखकर सुरक्षा उपाय करें : जबलपुर चेम्बर

**जबलपुर, देशबन्धु।** युद्ध की स्थिति में व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिये सुरक्षा के उपाय महत्वपूर्ण हैं। इन उपायों में मुख्य रुप से आर्थिक आपदा प्रबंधन योजना बनाना, प्रतिष्ठानों को सुरक्षित रखना अग्नि सुरक्षा उपकरणों को उपयोग एवं आपातकाल के समस्त उपायों पर खुद को तैयार करें।

जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने सभी उद्योगपति एवं व्यापारियों से युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपील की है की सभी को आपदा प्रबंधन के उपायों पर ध्यान देना चाहिये। व्यवसाय को चालू रखने के लिये आपातकालीन आपूर्ति का भंडारण, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना एवं साइबर हमलों के समय डेटा बैकअप एवं नगद रुपये की आवश्यकता होने पर उसका प्रबंधन रखना अति आवश्यक है। आवश्यकता अनुसार दवाईयों को रखने की आवश्यकता है। पर्याप्त बीमा कवरेज का ध्यान रखना आवश्यक है। सभी को अपने कंप्यूटर डेटा का बैकअप लेने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण उपायों पर ध्यान देना आवश्यक है। युद्ध की स्थिति को देखते हुए चेम्बर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय बख्तावर, अजय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, वीरेन्द्र केशरवानी, नरिंदर सिंह पांधे, अजीत पवार, बलदीप सिंह मैनी, रजनीश त्रिवेदी, सुनील महावर, निखिल पाहवा, राकेश श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, रोशन मुलतानी, उमेश ग्रावकर आदि के द्वारा अपील की गई है कि युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपने व्यापार के लिए उचित सुरक्षा के उपाय करें।

युद्ध के समय ग्राहक अपने व्यापार के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए व्यापारियों को अपने ग्राहकों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी जरुरतों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। युद्ध के समय व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है, इसलिए व्यापारियों को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

## छल कपट से रहित है मध्यप्रदेश की भूमि- इंद्रेश जी महाराज

**पाटन, देशबन्धु।** पतित पावनी मां नर्मदा के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश का ग्राम्य जीवन आज भी सरल और सहज है, इस प्रदेश की भूमि छल कपट से रहित है ,इस प्रदेश में चलने वाले सेवा प्रकल्प इसे अन्य प्रांतों से अलग पहचान दिलाते हैं, यही कारण है की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने वनवास काल के 12 वर्ष इसी मध्य प्रदेश की पावन भूमि चित्रकूट में व्यतीत किए थे इससे बड़ा और कोई प्रमाण हो नहीं सकता !भारत का उदर है मध्य प्रदेश, इस प्रदेश के लोगों के पास सब कुछ है इस प्रदेश में मानव पद्धति ,संत पद्धति, राजनीतिक पद्धति, ब्राह्मण पद्धति का निर्माण हुआ सारे विश्व के समय की काल गणना का निर्धारण भी इसी प्रदेश की उज्जैन नगरी से होती है मृत्यु को टालने की क्षमता रखने वाले महाकाल भी यहीं हैं, सब कुछ होने के बाद भी स्वभाव में सरलता और सहजता होना बड़ी बात है उक्त उदगार नर्मदा तट के प्रसिद्ध संत पूज्य महेंद्रानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में पवई अमरपुर धाम में आयोजित शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अवसर पर देश के ख्याति लब्ध भागवत प्रवक्ता इंद्रेश जी महाराज ने व्यक्त किए

गोवर्धन लीला की चर्चा करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा की इंद्र के नाराज होने से परेशान बृजवासी यहां वहां भाग रहे थे कन्हैया ने कहा की जिसकी शरण में आए हो अर्थात गोवर्धन पर विश्वास रखो कन्हैया ने अपनी उंगली पर गोवर्धन को धारण किया जिसे देखकर बृजवासी अपने गोवंश ,बछड़ा, बछिया को लेकर गोवर्धन के नीचे आ गए और सभी ने अपनी अपनी लाठी भी गोवर्धन में लगा ली, अपनी उंगली पर गोवर्धन कैसे उठा लिया बृजवासियों द्वारा यह पूछने पर कन्हैया ने कहा कि मैंने बृजवासियों के बल से गोवर्धन उठाया है सभी के घरों से जो मैंने



मक्खन खाया था उससे जो बल प्राप्त हुआ उससे मैंने गोवर्धन उठाया है पूज्य महाराज श्री ने कहा की ज्ञानी भक्त, योगी ,बैरागी ,वैदिक रीति से ठाकुर जी को प्राप्त कर लेते हैं परंतु प्रेमी और सरल हृदय वाले भक्त को ठाकुर जी स्वयं लेने आते हैं आज बृजवासियों का कन्हैया से इतना अधिक प्रेम है कि उन्हें उनकी प्रभुता दिखाई नहीं देती और ठाकुर जी भी बृजवासियों के साथ अपनी लीलाओं का प्रदर्शन करते हैं कथा यजमान सर्वेश पटेल, यज्ञ यजमान श्याम मनोहर पचौरी ने भागवत पुराण का पूजन किया तथा आरती उतारी।

आयोजन प्रभारी बलराम यादव, अध्यक्ष हर कृष्ण पचौरी, नवनीत महेश्वरी, गौरीशंकर तिवारी, विष्णु शंकर पटेल, उमेश नारायण पचौरी, ठाकुर राकेश सिंह, मनोज पटेल, मदन मोहन पचौरी, मुकुल पचौरी, राम विनय करसोलिया आदि ने भागवत कथा का श्रवण किया।

## घटिया निर्माण कार्यों में करोड़ों का भ्रष्टाचार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग )पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि प्रदेश और शहरों में केंद्र राज्य सरकारों के अधीन हो रहे करोड़ों के घटिया निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के कारण जरा सी आंधी तूफान में जबलपुर रांझी में राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो इंडिया के अंतर्गत लगभग 26 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बना खेल परिसर दर्शक दीर्घा शेड जरा सी हवा पानी में उड़ गई । पहले भी इसी प्रकार जबलपुर डुमना एयरपोर्ट शेड उड़ चुका है। फ्लाईओवर के निर्माण में भी दरारें भ्रष्टाचार के दर्शन करा रही हैं। जबलपुर नगर निगम के घटिया निर्माण के कारण आए दिन पानी की टंकी में लीकेज, पाइपलाइन का फूटना उनकी रिपेयरिंग को गंभीरता से ना लेना आम नागरिकों को भीषण गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया जा रहा है ।

## सिध्दमंच गढ़ा में जानकी जन्मोत्सव सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीरामलीला समिति गढ़ा के सिद्ध मंच पर बैशाख सीता नवमी शुक्ल पक्ष 6 मई 2025 दिन मंगलवार को प्रात: 9 बजे से जगत जननी माता सीता का प्रकटोत्सव सीता सहस्त्रनामार्चन यज्ञ अनुष्ठान वैदिक विधी से नरसिंहपीठाधिश्वर पुज्य स्वामी डॉक्टर नरसिंहदास महराज के सानिध्य में आचार्य शिवकुमार मिश्रा,धनेन्द्र तिवारी, आशीष त्रिपाठी और आनंद मिश्रा ने सम्पन्न करवाया। मुख्य यजमान संचालक पंडित अशोक मनोध्याय के साथ अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी, निर्देशक राजेश मिश्रा, शरद दुबे कुररिया, राममूर्ति मिश्रा, पार्षद श्रीमती प्रिया संजय तिवारी, राजेन्द्र प्यासी, डॉक्टर रमेश बसेड़िया, हरीश मनोध्याय, डॉक्टर भूपेन्द्र



उपाध्याय, राजेन्द्र सिंह, अजय तिवारी, राजेश नेमा, केदारनाथ शर्मा, अशोक बघेल दादा भाई, विजय नेमा, कैलाश नेमा, गनपतलाल कोष्टा, नृत्य गुरु मोती लाल शिवहरे, मुकेश मिश्रा, जवाहर यादव,हनुमत सिह रघुवंशी,राजेश परोहा, पंकज अवस्थी, मदन चौरसिया, नीरज दुबे,नीरज पाठक,उपेंद्र सिंह परिहार, सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सीतासहत्रार्चन किशमिश और 40 किलो गुलाब की पंखुड़ियों से किया। तदोपरांत ढोल नगाड़ों, दुलदुल घोड़ी,रामधुन एवं पटाखे फोड़ महोत्सव को मनाया गया।

इसके उपरांत भोजन प्रसादी प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकरी, सदस्य और अभिनयकर्ता उपस्थित रहे।

## माँ बगलामुखी भक्तों का कल्याण करती हैं: ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द



**जबलपुर, देशबन्धु।** माँ बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर, स्थित भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता का भव्य-दिव्य प्राकट्योत्सव जगदगुरू शंकराचार्य पीठद्याधीश्वर महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के परम सनिंध्य में मनाया गया। माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता जी के सहस्त्र नामों से आम्रफल, लड्डू एवं द्राक्षा (किशमिश) से सहस्त्रार्चन, विशेष पूजन एवं महाआरती की गई। ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज ने बताया कि स्वतंत्र तंत्र के अनुसार भगवती बगलामुखी के प्रदुर्भाव की कथा इस प्रकार है-सतयुग में सम्पूर्ण जगत को नष्ट करने वाला भयंकर तूफान आया। प्राणियों के जीवन पर संकट को देख कर भगवान विष्णु चिंतित हो गये। वे सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप जाकर भगवती को प्रसन्न करने के लिये तप करने लगे। विद्या ने उस सरोवर से बगलामुखी रूप में प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिया तथा विध्वंसकारी तूफान का तुरंत स्तम्भन कर दिया। बगलामुखी महाविद्या भगवान विष्णु के तेज से युक्त होने के कारण वैष्णवी है। मंगलयुक्त चतुर्दशी की अर्धरात्रि में इसका प्रादुर्भाव हुआ था। बगलामुखी को ब्रह्मास्त्र के नाम से भी जाना जाता है। बगलामुखी माता भक्तों का कल्याण करती हैं और शत्रुओं से उनकी रक्षा करती हैं। पूजन में उपस्थित भारत सिंह यादव, मधु यादव संदीप जैन, बी.के. पटेल, श्याम चौदाहा, सुधांशु गुप्ता, आलोक तिवारी, मनोज सेन आदि।

## 15 वां जैनत्व बाल संस्कार आवासीय शिक्षण शिविर प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री 108 आचार्य कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन वीतराग विज्ञान मण्डल, जबलपुर के तत्वाधान में एवं जैन युवा फेडरेशन जबलपुर के निर्देशन में पिछले 14 वर्षों से लगातार चल रहा यह ज्ञान का महायज्ञ 6 मई से ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में प्रारम्भ हुआ । इस वर्ष भी सम्पूर्ण भारतवर्ष से लगभग 400 बालक बालिकाओं ने अपनी उपस्थिति इस 8 दिवसीय आवासीय शिविर में दर्ज की है । लगभग 16 विद्वान जो देश के विभिन्न शहरों से संस्काराधानी में पधारे हैं बालक बालिकाओं को जैन धर्म के सिद्धांतों और नैतिक सदाचार का पाठ पढ़ाएंगे साथ ही साथ खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन होगा । 6 मई को प्रात: भगवान के विहार के पश्चात के ध्वजारोहण का कार्यक्रम संदीप जैन



, सचिन जैन परिवार के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात उद्घाटन समारोह में आयोजनकर्ता विमल कुमार जैन, अखिलेश जैन सूरत साड़ी परिवार जबलपुर ने शिविर का उद्घाटन किया । इस अवसर पर पंडित राजेन्द्र कुमार जैन जबलपुर का मांगलिक उद्बोधन प्राप्त हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश अग्रवाल (पूर्व नेता प्रतिपक्ष) ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए आज के समय में संस्कारों की महत्वता को बताया ।

कार्यक्रम में वीतराग विज्ञान मण्डल से अध्यक्ष अशोक जैन, सुशील जैन, सतीश जैन, डॉ. एस. सी. जैन एवं फेडरेशन से अध्यक्ष संजय जैन, अनुभव जैन, अभिषेक जैन, निशांत जैन, कर्णिक जैन, श्रेय जैन, उत्कर्ष जैन, शरद जैन, आतम जैन, पवन जैन, प्रशांत जैन उपस्थित थे।

## चलो अपना कर्तव्य निभाएं हर पक्षी की जान बचाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के निर्देशन व ओपन यूनिट के कार्य का अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम के नेतृत्व में एन.एस.एस द्वारा पक्षी बसेरा दाना पानी आश्रय अभियान की शुरुआत की जिसमें विभिन्न स्वयंसेवक विश्वविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में प्यासे पक्षियों के लिए सकोरे, भूख मिटाने के उद्देश्य से दाने का प्रबंध तथा उन्हें स्थान पर उनके रहने के लिए घोंसला अर्थात आश्रय की व्यवस्था कर रहे हैं।

राजशेखर भवन में निर्मित पक्षी बसेरा वाटिका के निर्माण में डॉ. देवांशु गौतम, डा.अभय सिंह, डा. आर. गिल, डा. अर्पण शुक्ला, दीक्षा सोनी, ऋतिक मीणा, ऐश्वर्य सिंह, श्रेणी दुबे, महावीर सिंह गोंड, हरवती पूसाम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री राजेश्वर पांडे-** शिवनगर गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री राजेश्वर पांडे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मल कुमार-** भूमिका स्टेट कंटगा तिराहा के पास निवासी श्री केएम कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मल कुमार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मालती तिवारी-** पीपी कॉलोनी अखाड़ा के पास निवासी श्री रामकोस तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती मालती तिवारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रजनीश यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री रजनीश यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामा बाई शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री ओमदत्त शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रामा बाई शर्मा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री भगवान दास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रिंकू मलिक-** बिलहरी निवासी श्री जयकिशोर मलिक के पुत्र श्री रिंकू मलिक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हीरा बाई साहू-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री प्रेम कुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई साहू (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता पासी-** बिलहरी जनता स्कूल के पास निवासी पुरुषोत्तम पासी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता पासी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूरा रजक-** दमोहनाका निवासी श्री भूरा रजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लता रामचंदानी-** नया मोहल्ला निवासी श्री सतराम रामचंदानी की धर्मपत्नी श्रीमती लता रामचंदानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आकांक्षा पाठक-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री नरेंद्र पाठक की पुत्री कु. आकांक्षा पाठक (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक राना-** नगर निगम कम्पाउंड निवासी श्री गोपाल राना के पुत्र श्री दीपक राना (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार गुप्ता-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अशोक कुमार गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार घोष-** पेंटीनाका सदर निवासी श्री दिलीप कुमार घोष (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्वप्न लता चौरसिया-** पान दरीबा दीक्षितपुरा निवासी श्री हरी प्रसाद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती स्वप्न लता चौरसिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मनोज साहू-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री मनोज साहू (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 07 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमीं, नक्षत्र-फूफा।**

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**तुला**
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**वृश्चिक**
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**कर्क**
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**मकर**
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कुंभ**
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दुःख की भावना हो सकती है।

**कन्या**
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**मीन**
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म.

## दसवी एवं बारहवीं का परिणाम



### स्टेट लेवल रैंक होल्डर

**सेल्फ स्टडी से मिला मुकाम**

**मोहम्मद अशहद, स्थान- प्रदेश में छठवां मार्क्स- 495**

**पैरेंट्स- जाहिदा बानो-गुलाम कादिर**

प्रदेश में छठवें स्थान पर आना सपने जैसा था। स्कूल टीचर्स और सेल्फ स्टडी के जरिए एग्जाम के 6 महीने पहले से खुद पढ़ाई का टाइम टेबल बना लिया था। मां जाहिदा गवर्नमेंट स्कूल में टीचर हैं। बायो सब्जेक्ट से पढ़ाई करेंगे व नीट की तैयारी पर फोकस करेंगे। वे स्प्रिंग डे स्कूल छात्र हैं।

**हर टॉपिक को क्लीयर किया**

**प्रिंस राठौर, स्थान- प्रदेश में नौंवा मार्क्स- 492 पैरेंट्स- भगवती-रामप्रसाद राठौर**

पढ़ाई के लिए कोई खास टाइम टेबिल नहीं था। सवालों के जवाब दोहराता था, जब कन्फ्यूजन लगता था टॉपिक क्लीयर करता था। स्कूल प्राचार्य और शिक्षकों ने हमेशा गाइड किया। हिन्दी में स्कोरिंग करने का मौका मिला। प्रिंस शासकीय हाई स्कूल गाड़ाघाट, भेड़ाघाट के छात्र हैं।

**सोशल मीडिया से बनाई दूरी**

**पूर्णिमा यादव, स्थान- प्रदेश में दसवां मार्क्स-491 पैरेंट्स- सुरेन्द्र कुमार यादव**

स्टेट मेरिट में दसवां स्थान पाने से परिवार में खुशी का माहौल है। पूर्णिमा मिस्पा मिशन स्कूल सिहोरा की छात्रा हैं। उन्होंने घर पर ही 4 से 6 घंटे की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी रही। कोचिंग भी ना करके सेल्फ स्टडी पर फोकस किया।

**जिला स्तर पर ये छाए**

**आस्था गुप्ता, मार्क्स-490 पैरेंट्स-स्मृति-राजेश गुप्ता**

एक अंक से स्टेट मैरिट सूची में पीछे रहना पड़ा, लेकिन जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। पढ़ाई के लिए रोजाना 8 घंटे का समय निकाला। पिता ट्रांसपोर्ट मैनेजर है। मुझे सीए लाइन में आगे बढ़ना है, इसलिए कॉमर्स लेकर पढ़ाई करूंगी।

**साक्षी विश्वकर्मा**

**मार्क्स-490 पैरेंट्स- पूनम-विजय विश्वकर्मा**

**स्टेट लेवल बारहवीं**

**ओल्ड पेपर्स बने बेस**

**अमृता पांडे, स्थान-आठवां वाणिज्य मार्क्स 483 पैरेंट्स-मुकेश पांडे**

उत्कृष्ट मॉडल स्कूल की छात्रा अमृता ने शिक्षकों द्वारा बताई गई महात्वपूर्ण प्रश्नों का लगातार रिवीजन किया। कुछ पुराने पेपरों के माध्यम से तैयारी की गई। रोजाना चार से पांच घंटे की मेहनत रंग लाई। पिता पेशे से व्यवसाई हैं। सीए के क्षेत्र में मुकाम बनाना चाहती हैं।

**सीए की प्रिपरेशन करेंगी**

**सिद्धि शुक्ला, स्थान- आठवां वाणिज्य मार्क्स- 483 पैरेंट्स- सुनील शुक्ला**

सिद्धि शुक्ला ने परीक्षा के दौरान कड़ी मेहनत और लगन के साथ नियमित रूप से पढ़ाई की। पढ़ाई के लिए कोचिंग का भी सहारा लिया। पिता मंडी विभाग में पदस्थ हैं। वे ग्रीन वैली स्कूल की छात्रा हैं। अब सीए की तैयारी करेंगी।

**टीचर्स गाइडलाइन पर काम**

**एकांश राजपूत, स्थान- नौवां वाणिज्य मार्क्स- 482-पैरेंट्स-रामविलास राजपूत**

एकांश ने शिक्षकों द्वारा बताए हुए कोटेशन और जरूरी प्रश्नों को ध्यान से अध्ययन किया। वे सेंट थॉमस स्कूल के छात्र हैं। रोजाना चार से पांच घंटे का नियमित अध्ययन ने सफलता मिली। पिता जेल में प्रहरी हैं चार्टेड एकाउंटेंसी में कॅरियर बनाना है।

**डॉक्टर बनने का ड्रीम है**

**कृष्ण बहादुर, स्थान- आठवां, जीव विज्ञान**

**मार्क्स- 475 पैरेंट्स- मदन सिंह राजपूत**

कृष्ण कुमार ने बताया कि पढ़ाई पर नियमित फोकस रखने और पुरानी चीजों को रिकॉल करते रहने के चलते सफलता मिली। पिता वकील हैं। अब मेडिकल में कॅरियर बनाने की इच्छा है। इसके लिए नीट की तैयारी कर रहे हैं। वे तान्या कान्वेंट स्कूल के छात्र हैं।

**पिता का सपना मैं डॉक्टर बनूं**

**कहकशा अंजुम, स्थान- दसवां, साइंस मार्क्स- 474 पैरेंट्स- सलीम**

बालक हाईस्कूल पनागर की छात्रा कहकशा अंजुम ने घर के कामों के साथ साथ पढ़ाई पर भी फोकस रखा। पिता सलीम सिलाई कढ़ाही का काम करते हैं। पिता ने पढ़ाई में खूब सपोर्ट किया। नीट को क्लीयर कर डॉक्टर बनना है, ताकि पिता का सपना पूरा हो।

**पिता का नाम मनीष - मंजू**

**मीनाक्षी कोल, स्थान - प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण 12वीं**

वार्ड नम्बर 15 राधाकृष्ण मोहल्ला खितौला बाजार सिहोरा

# खुद के न्यूड वीडियो भी भेजे थे प्रेमी को

## ट्रिपल आईटीडीएम में एमएमएस कांड में पुलिस ने दिल्ली निवासी छात्र को बनाया आरोपी

**जबलपुर,देशबन्धु।** बॉयफ्रेड के कहने पर ट्रिपल आईटीडीएम में पढ़ने वाली सेकेण्ड ईयर की छात्रा हॉस्टल के बाथरूम में चुपके से छात्राओं के अश्लील वीडियों बनाकर अपने प्रेमी को भेजती थी। पुलिस जांच ने यह बात सामने आई है कि आरोपी छात्रा ने स्वयं के न्यूड वीडियों बनाकर भी दिल्ली में रहने वाले अपने प्रेमी को भेजे थे। पुलिस ने दिल्ली निवासी प्रेमी को प्रकरण में आरोपी बनाया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गयी है।

खमरिया थाना प्रभारी श्रीमती सरोजनी टोप्पो ने बताया कि मूलत: गोंदिया निवासी आरोपी छात्रा सेकंड ईयर की छात्रा है। वह कॉलेज कैम्पस में स्थित नागार्जुन महिला छात्रावास में रहती थी। रविवार की सुबह वह सरस्वती छात्रावास के कॉमन टॉयलेट में गयी,जो ऊपर से खुला रहता था। छात्रा ने बाथरूम में लगे नल के पाइप में खड़े



होकर लगे हुए बाथरूम में स्नान कर रही सीनियर छात्रा को अश्लील वीडियो बना लिया। इस दौरान सीनियर छात्रा ने वीडियो बनाने हुए उसे देख लिखा था। आरोपी छात्रा ने दिल्ली निवासी प्रेमी को वीडियो भेजकर उसे डिलीट कर दिया था। वीडियो की रिकवरी नहीं हो सके इसके लिए उसके क्लाउड से भी डिलीट कर दिया था।

आरोपी छात्रा के मोबाइल से उसके स्वयं के अश्लील वीडियो तथा कुछ अन्य लड़कियों के अश्लील स्क्रीन शॉर्ट मिले है। आरोपी छात्रा ने अपने अश्लील वीडियो भी दिल्ली निवासी अपने प्रेमी आदित्य षर्मा को भेजे है।

आरोपी छात्रा और दिल्ली निवासी उसका प्रेमी दिसम्बर माह में सोशल मीडिया में कॉमन स्टेडी के माध्यम से मिले थे। इसके दोनों के प्यार हो गया और आरोपी छात्रा उससे मिलने तीन-चार बार दिल्ली गयी थी। दिल्ली निवासी प्रेमी युवक ने संबंध बनाये रखने के लिए सनसनीखेज व नया करने कहा था। आरोपी छात्रा उसी के कहने पर साथी छात्राओं का अश्लील वीडियो बनाकर उसे भेजती थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी छात्रा तथा उसके दिल्ली निवासी प्रेमी आदित्य शर्मा के खिलाफ धारा 354 सी ,294,500,509 सहित आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत साठियां कुआं में रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगा। पुलिस ने परिजनों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जानकारी के मुताबिक बरगी नगर निवासी अराध्या शर्मा ( निक्की) 25 वर्ष का दो साल पहले विवाह कोतवाली साठियां कुआं निवासी रौनक शर्मा कपड़ा कारोबारी के साथ हुआ था। सोमवार सुबह महिला को विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ससुराल पक्ष ने मायके पक्ष में सूचना दी कि निक्की ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही मृतिका के परिजन दमोह और बरगी नगर से परिजन शहर पहुंचे और उनका आरोप रहा कि दमोह निवासी निक्की जब छोटी थी तब से वह बरगी नगर में नाना के घर पर रहती थी। शादी के बाद से ही उसे कम दहेज मिलने और पैसों की मांग करते हुए प्रता?ित किया जाने लगा था। शादी के बाद से निक्की नाना से हर माह पांच से दस हजार रूपए लेकर जाती थी और पति को दी थी इस बार पैसे नहीं दिए तो ससुराल पक्ष उसे प्रता?ित कर उसके साथ मारपीट करने लगा। परिजनों का आरोप है कि सोमवार को ससुराल पक्ष ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई है। कोतवाली थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतिका का आज पीएम होगा। जिसके बाद ही पता चल सकेगा कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पीएम रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्यवाही होगी।

# प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल की जानकारी पेश करें

## एनजीटी ने सरकार को तीन सप्ताह की मोहलत दी

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य शिवकुमार सिंग व एक्सपर्ट मेम्बर डॉ. अफरोज अहमद की युगलपीठ ने प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल की जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य शासन को तीन सप्ताह की मोहलत दी गई है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंचए जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता प्रभात यादव ने दलील दी कि प्रदेश के कई शहरों में विशेषत॒ जबलपुरए इंदौरए भोपालए ग्वालियर व उज्जैन में फर्जी ग्रीन पटाखे व प्रतिबंधित पटाखे धड़ल्ले से फोड़े जा रहे हैं। दीवाली की रात दो बजे तक पटाखे फोड़े गए थे। इसके चलते वायु गुणवत्ता इंडैक्स खतरनाक स्थिति में पहुंच गया था। एनजीटी के निर्देश पर राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को आदेश दिया था कि पटाखों की जांच करें। लेकिन न तो एनजीटी और न ही सरकार के आदेश का समुचित परिपालन सुनिश्चित हुआ। इस वजह से वायु व ध्वनि प्रदूषण पर ठोस अंकुश नदारद रहा। जब देखो तक पटाखे फोड़ वातावरण को जहरीला बना दिया जाता है।

# गोवा से वापस आये युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** दो साल पहले हुए विवाद के बाद गोवा से वापस अपने घर आये युवक पर आरोपी ने घात लगाकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे युवक के पेट में गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती झंडा चौक निवासी 24 वर्षीय विशाल उर्फ पप्पू चौधरी पिछले दो सालों से गोवा की एक होटल



रांझी झंडा चौक में पुराने विवाद पर वारदात

में वेटर का काम करता है। 30 अप्रैल को वह वापस अपने घर जबलपुर आया हुआ था। बीती रात करीब नौ बजे जब वह घर से मार्केट की ओर जा रहा था, उसी समय उसे उसका पुराना दुश्मन मोहन चौधरी मिल गया। जिसने विशाल को देख ही गाली गलौज शुरु कर दी। विशाल के विरोध करने पर मोहन ने अपने पास रखा चाकू निकालकर विशाल पर हमला कर दिया। जिससे उसके पेट में गंभीर चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मोबाइल और नकदी लूट ले गये बाइक सवार बदमाश

## रांझी शोभापुर ब्रिज के पास वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्रांतर्गत शोभापुर ब्रिज के पास रात्रि करीब ढाई बजे फूड डिलीवरी करने वाले युवक से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल, स्मार्टवॉच व तीन हजार की नगदी लूट ली और फरार हो गये।

इतना ही नहीं जाते-जाते आरोपी युवक की बाइक पर लात मार गये, जिससे गिरने के कारण उसे चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि गोहलपुर मालगुजार परिसर निवासी 23 वर्षीय अंकुर सुहाने स्वीगी में फूड डिलेवरी का काम करता है। रात्रि करीब दो बजे के लगभग रांझी से फूड डिलेवरी के लिये अधारताल जा रहा था। जैसे ही वह शोभापुर ब्रिज के उपर जाली के पहले पहुँचा तभी पीछे से एक्सिस में 3 लड़के एवं मोटर सायकल में 2 लड़के आये और उसकी प्लेटिना मोटर सायकल के बगल में अपनी गा?ी लगा दी और उसके बाद झपट्टा मारकर उसका मोबाइल सेमसंग गैलेक्सी कम्पनी, स्मार्ट वॉच तथा 3 हजार रूपये लेकर अधारताल तरफ भाग गये। झपट्टा मारने से वह गाड़ी सहित गिर गया।

जिससे उसे हाथ एवं गाल में चोट आयी वह घबराहट के कारण गाड़ी नम्बर नहीं देख पाया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# कार से बाइक रोक दोस्तों पर किया हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुण्डम थाना अंतर्गत महगवां मोड में लग्जरी कार से पहुंचे बदमाशों ने बाइक सवार युवकों को रोक लिया और घेर कर दो दोस्तों पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक सत्यम बर्मन निवासी ग्राम बघराजी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम घुघरा से लगुन कार्यक्रम करके अपने दोस्त विनायक व राहुल खटीक के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर वापस ग्राम बघराजी आ रहा था कि रात्रि करीब 12.15 बजे महँगवा मोड के पास मेन रोड बघराजी पहुंचे तभी फोर वीलर गाडी में जित्तू उर्फ जितेंद्र पटेल, योगेश पटेल, सोनू रजक, विकास जायसवाल आये और रोककर पुरानी रंजिश पर विवाद करने लगे। डंडे एवं हाथ घूसो से मारपीट की। बीच बचाव करने पर दोस्त विनायक पर भी हमला किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी जित्तू उर्फ जितेंद्र पटेल, योगेश पटेल, सोनू रजक, विकाश जायसवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# डीएनए जांच के लिए भेजे सैंपल निकले महिला के

## हाईकोर्ट से मिली स्कूल संचालक व टीआई को राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के संचालक तथा पुलिस विभाग में पदस्थ टीआई को पास्को,बलात्कार सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज प्रकरण में हाईकोर्ट ने राहत मिली है। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के आदेष जारी किये है। एकलपीठ ने डीएनए प्रोफाइल रिपोर्ट का अवलोकन करने पाया कि जांच के लिए भेजे गये सैंपल महिला पाये गये है।

भोपाल स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के संचालक मिनी राज मोदी तथा पुलिस विभाग में टीआई के रूप में पदस्थ प्रकाश सिंह राजपूत के खिलाफ एक महिला शिकायत पर मिसरोद थाना में पास्को तथा बलात्कार सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। एफआईआर के अनुसार आठ वर्षीय पीड़ित बच्ची ज्ञान गंगा स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढती थी। स्कूल प्रबंधन बच्चों को सिर्फ रविवार के दिन अभिभावकों से मिलने की अनुमति प्रदान करते हुए। महिला ने अपनी बच्ची से बात करने 28 अप्रैल 2024 को दिन में फोन लगाया था। स्कूल प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि बच्ची सो रही है। शाम को फोन लगाने पर बात करने के दौरान बच्ची रो रही थी। वीडियो काल करने पर बच्ची ने कुछ बताना चाहती थी तभी स्कूल वार्डन ने फोन काट दिया था। दूसरे दिन इंदौर जाते समय महिला स्कूल गयी और बच्ची को घुमाने के लिए बाहर ले गयी थी। इस दौरान बच्ची ने मॉ को बताया कि चार-पांच दिन पहले स्कूल वार्डन ने जबरदस्ती दाल चावल खिलाया था। जिसके बाद वह सो गयी थी और जागी तो देखा तो एक व्यक्ति उसके उपर लेटा हुआ था। उसको




जागता हुए देख समीप खडे व्यक्ति ने कहा कि मोदी सर बच्ची को होश आ गया है। वह अपने कमरे में नहीं थी और दूसरे कमरे में जमीन पर लेटी हुई थी। उसके गुप्तांग से खून निकल रहा था और उसकी अंडरवियर गंदी थी। जिसे स्कूल वार्डन ने धोकर साफ किया था।

जिसके बाद मॉ बच्ची को लेकर डॉक्टर के पास गयी थी। डॉक्टर ने जांच के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए कहा था। टीआई प्रकाश सिंह राजपूत ने महिला ने मोदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करवाने के लिए धमकाया था।

याचिका में कहा गया था कि 1 मई 2024 को स्त्री रोग विशेषज्ञ ने पी?ित बच्ची का आंतरिक परीक्षण किया था। डॉक्टर ने जांच में पाया था कि बाहरी चोट के निशान नहीं था। इसके अलावा कोई रक्तस्राव नहीं था और लेबिया माइनोरा पर हल्की लालिमा थी और हाइमन गहराई में थी। अभियोक्ता की मां द्वारा लिखे पत्र के आधार पर बाल कल्याण समिति के लिखित अनुरोध पर डॉ. नंदिनी सिंह, सहायक प्रोफेसर, डॉ. वर्षा रानी चौधरी, सहायक प्रोफेसर और डॉ. रजनी शिंदे आरएसओ द्वारा हमीदिया अस्पताल में 10 मई 2024 को अभियोक्ता की चिकित्सा की गयी। एमएलसी रिपोर्ट में बल प्रयोग का कोई संकेत नहीं थी। याचिकाकर्ता से प्राप्त नमूने को डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए भेजा था। डीएनए रिपोर्ट में 'ए', 'सी' और 'ई' (जिसमें एफएसएल रिपोर्ट में वीर्य और मानव डीएनए पाया गया) के रूप में चिह्नित नमूने में पुरुष (वाई) डीएनए प्रो?इल की उपस्थिति नहीं पाई गयी। डीएनए रिपोर्ट में उपरोक्त नमूनों में महिला डीएनए प्रो?इल है। इसके अलावा पुलिस ने जांच के लिए स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जब्त की थी। जिसमें आवेदक मिनी राव मोदी दिखाई नहीं दिये। पुलिस द्वारा जांच में 42 व्यक्तियों को बयान दर्ज किये,उन्होंने घटना को नकारा था।

याचिकाकर्ता की तरफ की तरफ से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त तथा अधिवक्ता ईशान दत्त ने एकलपीठ को बताया कि महिला ने आवेदकों से धर ऐंठने के उद्देश्य से एफआईआर दर्ज है। कथित महिला ने पूर्व में भी एक व्यक्ति के खिलाफ साल 2014 में बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके बाद वह अपने आरोपों से मुकर गयी थी। न्यायालय ने आदेष पर उसके खिलाफ 182 तथा 211 के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेष जारी किये थे। इसके अलावा उसके खिलाफ अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज है। एकलपीठ ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर निरस्त करने के आदेष जारी किये है।

# पहले ही वीरता की सराहना करते हुए किया गया पुरुस्कृत

## आतंकियों को ढेर करने के मामले में हाईकोर्ट सुनाया फैसला

जबलपुर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग पर दो आतंकियों को ढेर करने वाले रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ ) के एक इंस्पेक्टर की अपील हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने पूरे मामले का अवलोकन के दौरान पाया कि एकलपीठ ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी द्वारा मिशन में शामिल सभी सदस्यों के वीरता की सराहना की थी, साथ अपीलार्थी व अन्य जवानों के लिये डीजी प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार के लिये संस्तुति की थी,वीरता पुरस्कार प्रदान करने के लिये नियमों के तहत कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है, यह जांच न्यायालय की जांच व उसके विवेकाधिकार पर आधारित है, जिस पर न्यायालय ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया था। युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को सही ठहराते हुए दायर अपील खारिज कर दी। दरअसल हाईकोर्ट में यह अपील भोपाल निवासी रेवाशंकर योगी की ओर से वर्ष 2013 में दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि उसने दो जवानों के साथ 1 अप्रैल 2008 को अनंतनाग में हिजबुल मुजाहिद्दीन के दो आतंकी असलम खान और जावेद अहमद को मार गिराया था। आतंकी अमरनाथ यात्रियों पर हमला करने की फिराक में थे। उक्त उत्कृष्ट कार्य के लिए उसे आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिलना था। सीआरपीएफ के तत्कालीन डीआईजी की अनुशंसा के बाद भी ऐसा नहीं किया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में भारत सरकार, डीजीपी सीआरपीएफ दिल्ली, आईजी सीआरपीएफ श्रीनगर व डिप्टी आईजी सीआरपीएफ अनंतनाग सहित कमांडेंट को पक्षकार बनाया गया था।

**118 राउंड चली थी गोलियां**-मामले की सुनवाई दौरान न्यायालय ने पाया कि उक्त मामले में सीआरपीएफ ने जांच न्यायालय गठित किया था। जिसमें अपीलार्थी ने अपने बयान में कहा था कि उक्त मिशन पर बारह कर्मियों ने इंसास राइफल से 118 राउंड गोलियां चलाई थी, अपीलार्थी ने नौ गोलियां चलाई थी, किसकी गोली से आतंकी की मौत हुई वह बताने की स्थिति में नहीं है।

**डीजी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा**-न्यायालय ने पाया कि उक्त मामले में जांच न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला था कि बल के सभी सदस्यों ने बहादुरी, साहस और अपनी वीरता का परिचय दिया है। जिनके योगदान की सराहनी की जानी चाहिये, जिसके लिये डीजी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा भी की गई थी। पूरा रिकार्ड अवलोकन करने के बाद ही एकलपीठ ने मामले में हस्तक्षेप से इंकार किया था। जिसे सही ठहराते हुए युगल पीठ ने दायर अपील खारिज कर दी।

# उपार्जन केंद्रों से कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवा कैसे पृथक की

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने उपार्जन केंद्रों से कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवाएं पृथक करने के मामले में जवाब-तलब किया है। इस संबंध में कलेक्टर रीवा सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।याचिकाकर्ता रीवा निवासी विनय मिश्रा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहेनगुरिया, शुभम पाटकर व आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य शासन की उपार्जन नीति के अंतर्गत उपार्जन केंद्रों में संलग्न कम्प्यूटर आपरेटरों को उपार्जन प्रक्रिया से पृथक व प्रतिबंधित कर दिया गया है। दरअसल, उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन में संलग्न सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से याचिकाकर्ताओं को उपार्जन केन्द्रों में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर संविदा में संलग्न किया था।

कलेक्टर रीवा के द्वारा आलोच्य आदेश के माध्यम से यह कारण इंगित करते हुए कि खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन मनमाने तरीके से निरस्त कर दिए गए हैं। इसके साथ ही गेंहूं उपार्जन में अनियमितता के आरोपित कम्प्यूटर आपरेटर पुन॒ उपार्जन केंद्रों में पदस्थ होकर उपार्जन में अनियमितता कर सकते हैं, इस आशंका के साथ याचिकाकर्ताओं को उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार उक्त आदेश बेबुनियाद आंशका से ग्रस्त है। एक सामान्य शिकायत के आधार पर ऐसा करना अनुचित है। आपत्ति का बिंदु यह भी है कि याचिकाकर्ताओं को नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के अनुरूप सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। संविदा मामलों में ऐसी मनमानी उचित नहीं। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# अष्टभुजा मॉ काली मंदिर के विस्तार वाले भाग को संरक्षित करने ले निर्णय

## हाईकोर्ट ने पुरातत्व विभाग को दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व विभाग जबलपुर को निर्देशित किया है कि सिवनी के आष्टा स्थित अष्टभुजा माँ काली मंदिर के विस्तार वाले भाग को संरक्षित करने के संबंध में निर्णय लें। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने इसके लिये चार सप्ताह की मोहलत दी है।

गढ़ा गोंडवाना संरक्षक संघ जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी की ओर से अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, एकता चौधरी एवं प्रशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि लगभग 400 वर्ष पूर्व अष्टभुजा वाली माँ काली मंदिर का निर्माण गौड़ समाज के द्वारा कराया गया था। सर्वप्रथम 20 अक्टूबर 1922 को अंग्रेजों ने उक्त मंदिर को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने का गजट पब्लीकेशन किया था। मंदिर व ग्राम पंचायत के चारों ओर 08 तालाब बने हुये हैं और बीच में मंदिर स्थापित है जिस कारण उक्त मंदिर का नाम आष्टा रखा गया है। अंग्रेजो ने सन् 1840 में एक भवन का निर्माण कराया था जो जर्जर हालत में है। भू-माफियाओं की नजर उक्त भूमि पर है जिसे तोड?र स्थानीय भू-माफिया उक्त जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं। अंदर 08 कुंए बने हैं जो ऐतिहासिक महत्व के हैं। इसे भी उक्त मंदिर में समाहित कर उक्त मंदिर की सीमा की विस्तार करने की मांग संबंधी अभ्यावेदन आयुक्त संभाग जबलपुर, कलेक्टर एवं भारतीय पुरातत्व विभाग को भेजा गया था। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

# अवैध प्लाटिंग कर बेच दिये प्लाट

## जनहित याचिका में आरोप, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि टीकमगढ़ में कॉलोनाइजर अवैध रूप से प्लॉट काटकर उन्हें बेच रहे हैं। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर टीकमगढ़, एसडीओ सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। टीकमगढ़ निवासी हरेन्द्र प्रताप सिंह यादव की ओर से अधिवक्ता मनीष वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एसडीओ ने 107 ऐसे अवैध कॉलोनाइजर की सूची जारी की है। जिन्होंने शहर में अवैध रूप से प्लॉट काटे हैं। ये प्लॉट 7 हजार से अधिक लोगों को बेचे गए हैं। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने एक कॉलोनाइजर जय महाकाल ग्ररुप के प्रोपराइटर प्रतीक श्रीवास्तव के संबंध में शिकायत की हैं। उक्त कॉलोनाइजर ने खसरा क्रमांक 545, 569 सहित अन्य में टीएण्डसीपी से स्वीकृत दिशा के विपरीत कॉलोनी विकसित की है। पार्क की जमीन बेचकर उसमें मकान का इसी तरह की कई अनियमितताएं की हैं। जब शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## विधिक साक्षरता शिविर लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में हितकारिणी हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राम पंचायत सहजपुर शहपुरा में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी व प्रेरणा दी। प्राचार्य देव द्विवेदी, शिक्षकगण व ग्रामीण उपस्थित रहे। शक्ति वर्मा द्वारा शाला में सबके सहयोग से पंच-जन अभियान अंतर्गत पक्षियों हेतु स्थान-स्थान पर सकोरे लगाए गये।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए प्रचार वाहन रवाना किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। इसी सिलसिले में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार 10 मई को होगा। इसके जरिए न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण व अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किए जाएंगे।

# कृष्णबहादुर सिंह ने कक्षा 12वीं विज्ञान समूह में प्रदेश में नवा स्थान लाकर नगर को किया गौरान्वित




## वेदांशी सिंह कक्षा 12वीं गणित समूह और साक्षी विश्वकर्मा ने 10वीं में जिला टॉप

### कृष्णबहादुर ने रसायन शास्त्र में 100 में से 100 प्राप्त किए

**पाटन देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने मंगलवार 6 मई को कक्षा 12 वी और दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये जिसमे नगर के तान्या कान्वेंट स्कूल के छात्र कृष्णबहादुर सिंह माता श्रीमती अनिता सिंह गृहणी एवं पिता मदन सिंह ने 12वी कक्षा,विज्ञान संकाय में 500 में से 475 अंक 95 प्रतिशत अंक के साथ साथ रसायन शास्त्र में 100 में से 100 अंक प्राप्त करहे प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नवां स्थान लाकर पाटन नगर को गौरान्वित किया है। वही इसी स्कूल की छात्रा वेदांशी सिंह माता श्रीमती मौसमी सिंह पिता सुजीत सिंह दोनों शिक्षक ने कक्षा 12वी में 500 में से 481,96.2 प्रतिशत अंक और कक्षा 10 की साक्षी विश्वकर्मा माता श्रीमती पूनम विश्वकर्मा गृहणी पिता विजय विश्वकर्मा किसान ने 500 में से 490,98 प्रतिशत के साथ जिला टॉप किया हैं। ज्ञात हो कि वेदांशी सिंह और साक्षी विश्वकर्मा दोनों बच्चियां प्रदेश की प्रावीण्य सूची में मात्र 1-1 अंक से पीछे रह गई।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई,नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमति शक्ति देवकुमार यादव,पाटन एसडीएम मानवेन्द्र सिंह राजपूत,तहसीलदार दिलीप हनवत,बीआरसी घनश्याम सिंह,बीईओ गौतम बर्वे,ठाकुर राकेश सिंह,ठा.विक्रम सिंह ,एड देवेंद्र यादव,उदयभान सिंह ठाकुर,अधिवक्ता संघ तहसील अध्यक्ष एड रघुवीर सिंह,एड रोहणी खम्परिया,एड एच एन पटेल ,सचिव एड राघवेंद्र यादव के साथ-साथ नगर एवं ग्रामीण के लोगो ने बच्चों एवं संस्था प्राचार्य सी एस ठाकुर ,उपप्राचार्य सुजीत सिंह ठाकुर के साथ ही स्कूल परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

# बैंक से शादी के लिए पैसा लेकर निकली बहनों को तीन महिलाओं ने बनाया शिकार



## बैग से 49 हजार रुपए लेकर चंपत हुई महिलाएं

## गरीब युवतियों ने पुलिस से लाई मदद की गुहार

**सतना, देशबन्धु।** मैहर थाना अंतर्गत बैंक से पैसे लेकर जा रही महिला का ध्यान ओझल कर पैसे लेकर तीन महिलाएं फरार हो गईं। इस बड़ी वारदात के बाद काजल सिंह ने बताया कि 13 मई को बड़ी बहन लवली सिंह के विवाह की तैयारी चल रही हैं। पैसों को जरूरत को देखते हुए मंगलवार की दोपहर 3.30 के आस पास काजल सिंह और लवली सिंह मैहर के रेलवे स्टेशन रोड पर इंडियन बैंक में रेलवे से रिटायर्ड पिता के खाते से 49 हजार रुपए निकाल कर घर के रास्ते जा रही थीं। उन्हें नहीं पता था कि बैंक से पैसे निकालने के दौरान कुछ महिलाओं ने उन्हें देख कर पीछा किया है। कुछ दूर पर रास्ते में दोनों बहनों को रोक कर उन महिलाओं ने पता पूछा और फिर चली गईं। जब दोनों बहने पुराना एकता पब्लिक स्कूल पहुंची तो तीनों महिलाएं भी वहां पहुंच गईं। घटना से अनजान दोनों बहनों ने पैसों से भरा यहां पर्स काउंटर में रख कर बात करने लगीं, तभी तीनों महिलाओं ने बातों में उलझाते हुए पर्स में रखे 49 हजार रुपए गायब कर दिए और तीनों महिलाएं वहां से चलती बनी। कुछ समय बीतने के बाद जब लवली ने पर्स में हाथ डाल कर देखा तो पैसे गायब थे। तभी दौड़ कर दोनों बहनों ने उन तीनों महिलाओं का पीछा किया। कई घंटों तक ढूंढने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो थक हार कर दोनों बहनों ने अपनी मां को पूरी घटना बताई और मैहर थाना पहुंच कर कार्यवाही की मांग किया।



## सार-समाचार

### सीएम राइज स्कूल में समर कैम्प आयोजित

**पाटन,देशबन्धु।** नगर के सीएम राइज स्कूल में समर कैंप आयोजित किया गया है जिसमें पिट्ठू (सितोलिया), कैरम,शतरंज,पेंटिंग,ब्लॉक पेंटिंग,ग्लास पेंटिंग,फैब्रिक पेंटिंग,वर्ली आर्ट इत्यादि वही आर्ट क्राफ्ट में फ्लावर मेकिंग फोटो फ्रेम,बेस्ट आउट ऑफ (वेस्ट खराब पड़े चीज़ों से उपयोगी और सुंदर सजावट की वस्तुएँ बनाना) पॉट मेकिंग,बैकड्राप मेकिंग,डेकोरेटिव आइटम बनाना छात्रों को सिखाया जा रहा है। सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार समर कैंप आयोजित किया गया है आगे उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से समर कैंप में शामिल होना चाहिए और अपने साथी छात्रों को भी समर कैंप में शामिल होने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पेंटिंग आर्ट क्राफ्ट




प्रशिक्षक रजनी ठाकुर बच्चों को कला और शिल्प की बारीकियां सिखा रही हैं,जिससे उनकी रचनात्मकता को नया आयाम मिल सके। संगीत प्रशिक्षक भावना विश्वकर्मा के द्वारा संगीत गतिविधि के माध्यम से स्कूल के बच्चे अपनी गायन और वादन कला को निखार रहे है वही खेलकूद प्रशिक्षक प्रकाश राजपूत के मार्गदर्शन में शारीरिक गतिविधियों एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है,जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं। साथ ही योगा और ध्यान की कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिससे बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली और एकाग्रता के महत्व के बारे में बताया जा रहा है।

### देवी पुराण हुआ संपन्न




**कुंडम,देशबन्धु।** कुण्डम से 10 किलोमीटर दूर घोड़ाटकन खेर माता मंदिर में पंडित शत्रुघ्न तिवारी शास्त्री के द्वारा देवी पुराण का कार्यक्रम आज संपन्न हुआ है पंडित जी कहां की माता जगत जननी दुर्गा जी ने बड़े-बड़े असुरों को मारा और देवताओं की रक्षा के लिए माता जगदंबा कई अवतार रूप में प्रकट हुई और समस्त भक्त मंडली से और भक्तजनों से कहा कि यह मेरा जीवन का दूसरा कार्यक्रम पुराण कथा का घोड़ाटकन पर 28 4 2025 से 7 मई2025 तक देवी पुराण के माध्यम से मेरा यह कार्यक्रम आज संपन्न हुआ है मेरे गांव के लोग और समस्त कुंडम तहसील के लोग मुझे बड़ा महत्व दिया है आज मैं व्यास गद्दी में बैठकर सरस्वती की कृपा से मुझे ईश्वर का गुणगान करने के लिए यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है सभी का मैं धन्यवाद करता हूं इसी अवसर पर घोड़ाटकन के समस्त भक्तों ने भी पंडित जी की प्रशंसा करते हैं और माता रानी के आज जवारे विसर्जन होना है जवारे रखे गए हुए हैं गांव में जन बच्चों माता बहने सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जवारे विसर्जन का कार्यक्रम किया जा रहा है आज भंडारा प्रसाद का वितरण भी रहेगा।

### युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग धर्म संरक्षण में लगायें : इंद्रेश जी महाराज



**पाटन देशबन्धु।** युवा अपनी ऊर्जा,धर्म संरक्षण में लगायें, अपने तीर्थों,अपने धामों की पवित्रता और उसकी रक्षा के साथ-साथ पवित्र नदियों की निर्मलता के लिए सक्रिय हों, बड़े दुख के साथ चर्चा करना पड़ रही है भारत की नदियां ,भारत के तीर्थ,भारत के धाम आज स्वच्छ नहीं है। आप सभी का परम सौभाग्य है कि आपने नर्मदा के तट पर जन्म लिया है अपने जन्म के साथ ही उसके जल का पान किया है हम सब की जिम्मेदारी है कि उसकी निर्मलता का संकल्प लें और उसे स्वच्छ बनाने का प्रयास करें,एक उदाहरण भले व्यंग के रूप में हो,भारत की सबसे स्वच्छ नदी चंबल है कारण बताया जाता है कि इसका वैदिक क्रिया में प्रयोग नहीं होता, लोग इसके तट पर पूजन नहीं करते,इसमें स्नान नहीं करते इसका वंदन नहीं करते,तो कैसा लगता है कि जिन नदियों के प्रयोग का विधान है वे स्वच्छ क्यों नहीं हैं। वे अपवित्र क्यों हैं,इसके जिम्मेदार कौन है? विचार करें उक्त उद्गार नर्मदा तट के संत पूज्य महेंद्रानंद जी महाराज के शुभ संकल्प से पवई अमरपुर धाम में आयोजित शिव समाराधन यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पंचम दिवस के अवसर पर भारतवर्ष के ख्यातिलब्ध कथा वाचक इंद्रेश जी महाराज ने धर्म सभा में व्यक्त किये,पूतना उद्धार की कथा का विवरण प्रस्तुत करते हुए ।

# बिदाई से पहले ही उठ गई देवर की अर्थी




**रीवा देशबन्धु।** सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मकरवट में भाभी की विदाई से पहले देवर की अर्थी उठ गई जिससे वैवाहिक समारोह के दौरान खुशियों के बीच मातम छा गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में सुखेंद्र ने बताया कि वह ग्राम पिपरी टोला के निवासी है जहां से सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मकरवट में बारात लेकर आए थे उन्होंने बताया कि रात में द्वारचार और जयमाला के बाद दूल्हे का भाई प्रांशु उम्र 11 वर्ष मंडप के समीप ही जमीन में सो रहा था इसी दौरान डीजे वाला पिकअप वाहन आया और प्रांशु को कुचल दिया जिससे प्रांशु गंभीर रूप से घायल हो गया उसे तत्काल उपचार के लिए रीवा की संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने से अमृत घोषित कर दिया है घटना के बाद पूरे वैवाहिक कार्यक्रम में खुशियों के बीच मातम छा गया है, बताया गया है कि भाभी की विदाई से पहले देवर की हुई मौत के बाद अब दो परिवारों के बीच दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ताहिर खोकर नियुक्ति

**शहपुरा भिटोनी, देशबन्धु।** नगर में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अली जनाब एडवोकेट अलीम मंसूरी जी मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रभारी निजामुद्दीन कुरेशी साहब सह प्रभारी लियाकत अली साहब के अनुमति से ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष निलेश जैन प्रदेश महामंत्री दलवीर सिंह अल्पसंख्यक कांग्रेस कोऑर्डिनेटर पाटन विधानसभा के यासिर अराफ़ात सिहोरा विधानसभा के कोऑर्डिनेटर फैज आलम पनागर विधानसभा के कोऑर्डिनेटर हाजी हामिद खान बरगी विधानसभा के कोऑर्डिनेटर राजेश जैन बंधु ब्लॉक अध्यक्षों की सहमति से अल्पसंख्यक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ताहिर खोकर के द्वारा नियुक्ति की गई है

# नमन कुर्मी ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए



**सिहोरा,देशबन्धु।** शालेम इंग्लिश मीडियम खितौला बाजार के नियमित छात्र नमन कुर्मी ने माशिमं बोर्ड 10की परीक्षा में गणित विषय में 100 में से 100अंक प्राप्त किए हैं।

नमन ने 96त्नके साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। नमन कुर्मी पूर्व प्राचार्य एम डी पटेल की बेटी श्रीमती नीतू पिता आशीष के पुत्र हैं।

# जनपद पंचायत शहपुरा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह - निकाह योजना सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**शहपुरा,देशबन्धु।** जनपद पंचायत शहपुरा के तत्वाधान में कृषि उपज मंडी शहपुरा में सामूहिक विवाह / निकाह कार्यक्रम विधायक नीरज सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया।

जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर अभिषेक गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गॉटिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष-विवेक पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिंह, श्रीमती सुनीता दाहिया, रामकुमार सैयाम, जनपद पंचायत शहपुरा अध्यक्ष-श्रीमती ललिता चैनसिंह डेहरिया, जनपद पंचायत शहपुरा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)- कुलदीप पराशर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी-श्रीमती सौम्या जैन, सामाजिक न्याय जिला




जबलपुर-सुश्री सोनम बर्वे, के साथ-साथ समस्त जनपद सदस्य, पार्षदगण नगर परिषद शहपुरा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 411 जोड़ो का सामूहिक विवाह/निकाह आयोजन किया गया जिसमें 405 जोडों का एक साथ मंच से वैदिक मंत्रोचारण का साथ तथा 6 जोड़ों का काजी जी द्वारा निकाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पं. अमित टहनगुरिया तथा उनकी टीम का अथक योगदान रहा, साथ ही जनपद स्तर से हेमंत मौर्य, आकाश सूत्रकार उमेश तिवारी एवं जनपद के समस्त कर्मचारी/अधिकारी का विशेष योगदान रहा।

# सी एम राईज में एडमिशन की जानकारी के लिए भटक रहे अभिभावक

**बरेला,देशबन्धु।** अच्छे शैक्षिनिक संस्थान में पढ़ाने की सभी अभीभावकों की इच्छा होती है। अपने बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले सनस्थान में प्रवेश कर कुछ बन जाए।इसी इच्छा को पूर्ण करने के लिए वह नगर स्थित सी एम राईज में एडमिन संबंधी जानकारी लेने के लिए सब यहां पहुंचते हैं तो उन्हें यहां पर निराशा ही हाथ लगती है। बताया जाता है कि वर्तमान में सी एम राईज स्कूल में एडमिशन संबंधी प्रक्रिया शुरू है। दूर-दूर से ग्रामीण क्षेत्र से अभिभावक इस तपती धूप में जानकारी लेने के लिए नगर स्थित सी एम राईज विद्यालय में आ रहे हैं इस विद्यालय में आने पर अभिभावकों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा विद्यालय में कोई भी स्टाफ न पाकर वह परेशान होकर वापस हो रहे हैं तथा वह शासन के नुमाइंदों को कोस रहे हैं।ग्राम देवरी और पूर्वा से अपने बच्चों के एडमिशन संबंधी जानकारी के लिए सी एम राईज बरेला में आए अभिभावकों का कहना है कि इस विद्यालय में एडमिशन संबंधी जानकारी देने के लिए कोई भी स्टाफ नहीं है। बताया जाता है कि वर्तमान में प्राचार्य छुट्टी पर है तथा स्कूल का चार्ज प्रभारीउप प्राचार्य को दिया गया है। इसके कारण यहां पर पदस्थ गैर शिक्षण स्टाफ, बाबू बगैरहभी मनमर्जी से विद्यालय में आ रहा है। बताया जाता है कि उप प्रचार भी मनमर्जी से विद्यालय में आते हैं इसके कारण यहां पर पदस्थ और अन्य स्टाफ भी मनमर्जी से विद्यालय में आ रहे हैं और विद्यालय में पूरी तरह कर्मचारी राज कायम है इसके कारण अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि शासन के नियमों अनुसार इस विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी प्रतिदिन किसी न किसी शिक्षक की रोज ड्यूटी लगाई जाती है ताकि अभिभावकों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो किंतु इसके बावजूद भी सी एम राईज विद्यालय में शासन के नियमों को दर किनारकर मनमर्जी कायम है। ड्यूटीरत कर्मचारी मनमर्जी से 12 से 1ः00 बजे के बाद आते हैं और घंटे, दो घंटे पश्चात ही यहां से निकल जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से विद्यालय का निरीक्षण करने की मांग की है।

# सवारी वाहनों की मनमानी से त्रस्त आम आदमी, मेट्रो बंद होने से अप-डाउनर्स बेहाल

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** जबलपुर-सिहोरा मार्ग पर चलने वाली सवारी बसें और ऑटो चालक इन दिनों मनमानी पर उतर आए हैं, जिससे रोजाना अप-डाउन करने वाले यात्रियों के साथ-साथ आम राहगीर भी परेशान हैं। शादियों के इस मौसम में तो स्थिति और भी बदतर हो गई है, जहां यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर जानवरों की तरह भरा जा रहा है और पूरा किराया वसूलने के बावजूद उन्हें 40 से 50 किलोमीटर तक का सफर खड़े होकर करना पड़ रहा है। इससे न केवल यात्रियों को शारीरिक परेशानी हो रही है, बल्कि वे खुद को ठगा हुआ भी महसूस कर रहे हैं।

*यहां के यात्रियों की परेशानी, लोकल सवारी कहकर उतार देते हैं...सबसे ज़्यादा परेशानी सिहोरा से पहरेवा नाका, घाट सिमरिया, मोहतरा, जुझारी, गोसलपुर, गांधीग्राम की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को हो रही है। बस वाले इन्हें %लोकल सवारी% कहकर सीट देने से इनकार कर देते हैं, जबकि सिहोरा से पनागर और जबलपुर जाने वालों को प्राथमिकता दी जाती है। यही हाल जबलपुर से पनागर, रैपुरा, कुशनेर, गांधीग्राम तक के यात्रियों का है। दिन हो या रात, यात्रियों की मुसीबतें कम नहीं हो रहीं। यदि कोई यात्री बस या ऑटो चालक-कंडक्टर से बहस करता है, तो उसे बीच रास्ते में ही उतार दिया जाता है।

*यातायात नियमों का उल्लंघन आम आदमी यह समझने में असमर्थ है कि यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वाले इन वाहन मालिकों और चालकों पर पुलिस और आरटीओ क्यों इतनी मेहरबान है। दबी जुबान में ऑटो चालक और कंडक्टर यह तक बताते हैं कि जबलपुर से सिहोरा तक हर थाने में उनकी %मंथली एंट्री% बंधी हुई है और वे यात्रियों को खुलेआम चुनौती देते हैं कि उनकी शिकायत कहीं भी की जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला।

लंबे समय से मेट्रो बन्द...गौरतलब है कि यह समस्या तब तक इतनी विकराल नहीं थी, जब तक जबलपुर से गोसलपुर के बीच मेट्रो बस का संचालन होता था। कोरोना काल में मेट्रो बस का संचालन बंद होने के बाद से ही यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। यह बात भी आम आदमी की समझ से परे है कि जब जबलपुर से शहपुरा, पाटन, बरेला, पनागर के लिए मेट्रो बस चल रही है, तो गांधीग्राम-गोसलपुर के लिए क्यों बंद है, जबकि इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग काम-धंधे के लिए जबलपुर आते-जाते हैं।

जबलपुर-सिहोरा के अप-डाउनर्स, जिनमें सर जी अप डाउनर्स में श्रीमती अनीता शुक्ला ,वंदना श्रीवास्तव ,प्रिया चक्रवर्ती राहुल चौहटेल एवं शिक्षक योगेन्द्र मिश्रा, जय प्रकाश तिवारी, मीना कैथवास, कविता सिंह, जुगल किशोर उपाध्याय, शिवदत मिश्रा, डॉ मारुतिराज, असगर खान, अनिल सहलाम, एहसानुल अंसारी और मजदूर शरू भूमिया, संतोष कोल, चम्मू लाल कोल, भारत कोल, कमलेश कोल शामिल हैं, ने विज्ञप्ति के माध्यम से मांग की है कि शीघ्र ही मेट्रो बस का संचालन गोसलपुर तक किया जाए, ताकि इस मनमानी और परेशानी से उन्हें निजात मिल सके।

यह खबर आम आदमी की पीड़ा और प्रशासन की उदासीनता को उजागर करती है। देखना होगा कि यात्रियों की इस गुहार पर कब ध्यान दिया जाता है।

# भगवान परशुराम की निकली भव्य दिव्य शोभायात्रा

**बरेला,देशबन्धु।** विष्णु के अवतार परम पराक्रमी तपस्वी भगवान परशुराम जी की आदमकद अष्टधातु से निर्मित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हेतु आज मंगलवार को शाम 5बजे से स्थानीय भैरव बाबा मंदिर से विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। आयोजन समिति के अरविन्द तिवारी, योगेश दुबे,प्रतीक दुबे,रजनीश पांडे, ज्ञानुप्यासी,आशीष शुक्ला, गोल्डी दुबे, ने बतलाया कि शोभायात्रा में संत जगद्गुरु सुखनंद द्वारा आचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज , संरक्षके विधायक सुशील तिवारी सहित,जनप्रतिधी,गणमान्य नागरिक,अंतराष्टीय श्याम बैड ,आकर्षक झांकी ,आतिशबाजी कलश,शामिल रहे ह। अनुष्ठान आचार्य अरूण दुबे और रमेश शास्त्री जी के सांनिध्य में विधि विधान से किया गया।



# नर्मदा नल जल योजना के ठेकेदार गड्ढे भरना भूले

**पाटन देशबन्धु।** निकाय क्षेत्र में आने वाले कमानिया से चौधरी मोहल्ले वाली लाइन में नगर परिषद एवं नर्मदा जल योजना के ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क पर गड्ढे खोदकर अपना नल जल का काम तो कर लिया गया परंतु जो गड्ढे ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा खोदे गए थे उन सभी गड्ढों को सीमेंट से भरना भूल गए है और उन गड्ढों में मिट्टी डालकर भरा जा रहा है जिस पर निकाय के जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। बताया जा रहा है कि बरसात में कुछ ही समय शेष है। यदि इन गड्ढों में मिट्टी डालकर भरा गया तो बरसात के दिनों में घटनाएं घटेगी और मोटर साइकिल सवार तथा फोर व्हीलर वाले इन गड्ढों में गिरेंगे से दुर्घटनाएं बढ़ेगी। समय रहते इन गड्ढों में सीमेंट कंक्रीट करना बेहद जरूरी है। परंतु नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन की खामोशी बता रही है कि ये सभी कोई बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे हैं। राहगीर बताते है कि सड़क क्रॉसिंग करने के दौरान वाहन गड्ढों में गिरते है और वाहन को नुकसान हो जाता है। अब देखना होगा इस गंभीर मामले पर निकाय के जिम्मेदार की नीद कब खुलती है।



## गड्ढों में मिट्टी भरकर कर दी लीपापोती निकाय प्रशासन मौन

### इनका कहना

जब इस संबंध में निकाय की सीएमओ मैडम से बात की तो उन्होंने बताया कि नर्मदा नल जल योजना के ठेकेदार द्वारा काम के दौरान नगर की सड़कों में किए गए गड्ढों को सीमेंट कंक्रीट से ही भरा जाएगा। यदि कोई गड्ढा मिट्टी से भरे गए हैं तो में दिखवाती हूं।

**श्रीमति जयश्री चौहान**
**सीएमओ नगर परिषद पाटन**

## 1000 डॉलर लो, और जाओ, ट्रंप प्रशासन का अवैध प्रवासियों को अमेरिका छोड़ने पर नया ऑफर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों के ऊपर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। अब एक बार फिर ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को अमेरिका से जाने के लिए नया ऑफर दिया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि जो भी अवैध प्रवासी अपनी इच्छा से अमेरिका छोड़कर जाने के लिए तैयार हैं, उन सभी को प्रशासन एक हजार अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगा। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में अपनी योजना के बारे में बताया। इस विज्ञप्ति में विभाग ने कहा, जो भी अवैध प्रवासी सीबीपी होम नामक ऐप के जरिए सरकार को यह बताते हैं कि वह अपने देश लौटने की योजना बना रहे हैं। उन्हें सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हिरासत में लेकर निर्वासित करने की लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इसके अलावा आपको सुरक्षित अपने देश पहुंचने के लिए विभाग भुगतान भी करेगा। इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा, यदि आप अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं तो गिरफ्तारी से बचने का यही एक उपाय है, या फिर कहें तो संयुक्त राज्य अमेरिका से बचकर निकलने का यही सबसे सुरक्षित तरीका है।

# यूएनएससी में मदद मांगना पाकिस्तान को पड़ा भारी, सुरक्षा परिषद ने खूब लताड़ा



भारत के खिलाफ पाकिस्तान का एक और पैंतरा उस पर ही भारी पड़ गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस्लामाबाद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रुख किया, मगर यहां भी उसे लताड़ लगी। भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच यूएनएससी ने बंद कमरे में इस मुद्दे पर चर्चा की, जिसमें राजदूतों ने संयम बरतने और बातचीत करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मई महीने के लिए अध्यक्ष यूनान ने पाकिस्तान की मांग पर सोमवार को बैठक बुलाई थी।

पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है। बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की ओर से 26 लोगों की हत्या किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई। पहलगाम हमले की घटना के बाद से भारत में आक्रोश फैल गया है। सुरक्षा परिषद की यह बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली। बैठक का आयोजन यूएनएससी चैंबर में नहीं बल्कि उसके बगल के परामर्श कक्ष में हुआ।

सुरक्षा परिषद ने बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया, लेकिन पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके उद्देश्य काफी हद तक पूरे हो गए। पाकिस्तान, फिलहाल 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है, जिसने परमाणु-हथियार संपन्न पड़ोसी देशों के बीच स्थिति को लेकर बंद कमरे में परामर्श की मांग रखी थी। यूएस में राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों के विभाग व शांति अभियान विभाग में पश्चिम एशिया, एशिया और प्रशांत मामलों के लिए सहायक महासचिव खालिद मोहम्मद खैरी ने परिषद को जानकारी दी। खैरी ट्यूनीशिया से हैं।

## पाकिस्तान का कोई पैंतरा नहीं चला

बैठक से बाहर आकर खैरी ने कहा कि संघर्ष का समाधान बातचीत और शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि स्थिति काफी अस्थिर है। संयुक्त राष्ट्र में यूनान के स्थायी प्रतिनिधि व वर्तमान यूएनएससी अध्यक्ष राजदूत इवेंजेलोस सेकेरिस ने इसे सार्थक और उपयोगी बैठक बताया। सेकेरिस ने पिछले सप्ताह कहा था कि स्थिति पर परिषद की बैठक विचार व्यक्त करने का अवसर होगी। इससे तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। मीटिंग से बाहर आकर रूस के एक राजनयिक ने कहा, 'हमें तनाव कम होने की उम्मीद है।' संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कहा कि बैठक में देश के उद्देश्य काफी हद तक पूरे और हासिल किए गए। उन्होंने कहा कि बंद कमरे में हुई बैठक का उद्देश्य परिषद के सदस्यों को भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़ते सुरक्षा माहौल और बढ़ते तनाव पर चर्चा करना था। साथ ही, इस स्थिति से निपटने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाना रहा। इसमें गंभीर परिणाम पैदा करने वाले टकराव से बचना और तनाव कम करने की आवश्यकता भी शामिल है। राजदूत अहमद ने परिषद के सदस्यों को उनकी भागीदारी, संयम, तनाव कम करने और बातचीत के लिए उनके आह्वान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टकराव नहीं चाहता, लेकिन हम अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पाकिस्तान ने भारत की ओर से 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, 'पानी जीवन है, हथियार नहीं। ये नदियां 24 करोड़ से अधिक पाकिस्तानियों का भरण-पोषण करती हैं।' अहमद ने कहा कि बैठक में पाकिस्तान ने भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण, सहयोगात्मक संबंधों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## एलओसी के पास किसी भी वक्त हमला कर सकता है भारत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को भारत की ओर से हमले का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि भारत कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास किसी भी समय सैन्य हमला कर सकता है। आसिफ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच तनाव चरम पर है। आसिफ ने इस्लामाबाद में सोमवार को संवाददाताओं से कहा, 'ऐसी खबरें हैं कि भारत नियंत्रण रेखा के पास किसी भी स्थान पर हमला कर सकता है। नई दिल्ली को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए क्षेत्र को परमाणु युद्ध के कगार पर धकेलने का आरोप लगाया।

ख्वाजा आसिफ ने यह आरोप दोहराया कि नई दिल्ली खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। उन्होंने दावा किया, 'हमने 2016 और 2017 में संयुक्त राष्ट्र को सबूत मुहैया कराए थे, जिसमें भारत की ओर से आतंकवाद को वित्तपोषित किए जाने के वीडियो भी शामिल थे।' आसिफ ने दोनों प्रांतों में हुई हालिया आतंकवादी घटनाओं को अफगानिस्तान से संचालित होने वाले संगठनों की ओर से अंजाम दिए जाने और उन्हें कथित तौर पर भारत का समर्थन प्राप्त होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है।

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने जांच की मांग रखी**

रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा, 'इस तरह की जांच से यह पता चल जाएगा कि भारत खुद या कोई आंतरिक संगठन इसमें शामिल था या नहीं। साथ ही, नई दिल्ली के बेबुनियाद आरोपों के पीछे की सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी।' पिछले हफ्ते सूचना मंत्री अत्ता तरार ने कहा था कि भारत की ओर से संभावित हमले की आशंका के चलते 24-36 घंटे अहम हैं। हालांकि, समय बीत गया और भारत की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने सोमवार को एक बार फिर कहा कि पाकिस्तान अपनी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और लोगों की समृद्धि की रक्षा के लिए पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई करेगा।

## आज का इतिहास

1663 – प्रसिद्ध नाटककार थामस किलिग्रू द्वारा निर्मित रायल थियेटर की लंदन में शुरूआत।
1834 – ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुर्ग राज्य पर कब्जा कर लिया।
1861 – प्रसिद्ध बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार और निबंधकार और चित्रकार गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म। उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
1907 – बम्बई में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम कार चलाई गई।
1912 – कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विभिन्न श्रेणियों में पुलित्जर पुरस्कार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी। इसकी स्थापना जोसेफ पुलित्जर ने की थी।
1928 – ब्रिटेन में महिलाओं की वोट देने की आयु 30 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी गई।
1945 – जर्मनी के जनरल गुस्ताव जोड्ल ने आत्मसमर्पण के कागजों पर दस्तख्त किए और इसके साथ ही यूरोप में छह साल से चल रहे युद्ध का अंत हुआ।
1946 – इबुका मसारू और मोरिता ओकियो ने उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाने वाली जापानी कंपनी सोनी कोरपोरेशन की स्थापना की।

## सुडोकू 6905

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## नपा-तुला चीन और सऊदी अरब भी... जब से भारत ने खोली पोल


22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने जब से आतंक समर्थित देश पाकिस्तान की दुनिया के सामने पोल खोली है। उसकी मुश्किल बढ़ गई है। युद्ध का साया पहले ही उस पर मंडरा रहा है और आर्थिक तंगी झेल रहे पाकिस्तान की और खटिया खड़ी होने वाली है। पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर जिस तरह से कड़ी प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है, वह हैरान करने वाला है। कभी जिन देशों को पाकिस्तान अपना अटूट मित्र मानता था—जैसे सऊदी अरब और चीन, वे अब संतुलित बयान देकर खुद को अलग कर रहे हैं। सऊदी अरब आतंकी हमले की कड़ी निंदा कर चुका है, जबकि चीन ने अब तक खुले समर्थन से परहेज किया है। ऐसे में पाकिस्तान की वैश्विक साख और पुराने रिश्ते दोनों ही डगमगाते नजर आ रहे हैं।

**सऊदी अरब ने हमले की कड़ी निंदा की-** खाड़ी देशों में सबसे ताकतवर मुल्क सऊदी अरब और यूएई ने हमले की कड़ी निंदा की है, वह भी तब जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी समय सऊदी दौरे पर थे। सऊदी अरब और भारत की साझा प्रेस विज्ञप्ति में पहली बार आतंकवाद और नागरिकों को निशाना बनाए जाने के खिलाफ इतनी स्पष्ट भाषा का उपयोग किया गया।

**नपा-तुला चीन-** वहीं पाकिस्तान के पुराने और भरोसेमंद सहयोगी चीन ने भी इस बार संतुलित रुख अपनाया है। चीन ने न तो पाकिस्तान का खुला समर्थन किया और न ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद कोई प्रेस बयान जारी किया। उल्टा, उसने सभी पक्षों से संयम बरतने और निष्पक्ष जांच की बात कही।

**यूएनएससी में पाकिस्तान को फटकार-** पाकिस्तान ने यूएनएससी को भारत संग उसके तनाव को लेकर हल निकालने के लिए चर्चा की मांग की गई थी। यूरोप में बैठक भी हुई, लेकिन यह दाव भी पाकिस्तान पर ही भारी पड़ गया। यूएनएससी ने पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया कि यह हमला भारत ने ही करवाया था। यूएन ने पाकिस्तान से यह जवाब मांगा है कि क्या इसमें लश्कर का हाथ था? यूएनएससी की बंद कमरे में हुई चर्चा में पाकिस्तान की फॉल्स फ्लैग और परमाणु चेतावनी जैसी बयानबाज़ी को कई सदस्यों ने नकार दिया। इससे पाकिस्तान और भी ज्यादा अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है। भारत-पाक रिश्तों की यह कड़ी तनावपूर्ण स्थिति कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार जो बदला है, वह है वैश्विक प्रतिक्रिया। 2008 के मुंबई हमलों के समय जहां पाकिस्तान के लिए गैर-राज्य तत्वों जैसे शब्दों का प्रयोग होता था, वहीं आज सीधे-सीधे आतंकवाद कहा जा रहा है।

# पाकिस्तान अपनी पूरी ताकत से देगा जवाब, भारत से तनाव के बीच सेना प्रमुख की गीदड़ भभकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत को एक बार फिर गीदड़ भभकी दी है। उन्होंने कहा कि उनका देश अपनी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा और लोगों की भलाई के लिए पूरी ताकत से जवाब देगा। सेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनरल मुनीर ने जीएचक्यू में 15वीं राष्ट्रीय कार्यशाला बलूचिस्तान के प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। मुनीर ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान क्षेत्र में और उसके बाहर शांति चाहता है। लेकिन अगर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन किया जाता है, तो वह अपनी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा और लोगों की भलाई के लिए पूरी ताकत से जवाब देगा।

बयान के मुताबिक, सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद किसी धर्म, संप्रदाय या नस्ल को नहीं जानता। इसलिए अटूट राष्ट्रीय एकता के साथ इसका मुकाबला किया जाना चाहिए।

मुनीर ने बलूचिस्तान में अशांति का जिक्र करते हुए कहा, आतंकवादी समूह, जो अपने तुच्छ कपटी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बलूच पहचान के नाम पर आतंक फैलाते हैं, वे बलूच सम्मान और देशभक्ति पर एक धब्बा हैं। उन्होंने संकल्प जताया कि पाकिस्तान के सशस्त्र बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां पाकिस्तान के लोगों के समर्थन से आतंकवाद के खतरे से लड़ना जारी रखेंगी।

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को सता रहा हमले का डर

वहीं, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी कि भारत कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास किसी भी समय सैन्य हमला कर सकता है। आसिफ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच तनाव चरम पर है। आसिफ ने सोमवार को कहा, 'ऐसी खबरें हैं कि भारत नियंत्रण रेखा के पास किसी भी स्थान पर हमला कर सकता है। नई दिल्ली को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए क्षेत्र को परमाणु युद्ध के कगार पर धकेलने का आरोप लगाया। आसिफ ने यह आरोप दोहराया कि नई दिल्ली खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में आतंकी हमले ने देश को झकझोर दिया। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेसिस्टेंस फ्रंट ने 27 पर्यटकों (मुख्य रूप से हिंदुओं) की नृशंस हत्या की। हमलावरों ने टूरिस्ट स्पॉट की रेकी कर सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल किया।

# हूतियों ने इजरायल को उकसाया, अब नेतन्याहू ने छेड़ दी नई जंग

**तेलअवीव।** बीते दिनों इजरायल के तेल अवीव एयरपोर्ट के पास हुए बड़े धमाके के बाद सोमवार देर रात यमन के होदेइदाह बंदरगाह के पास एक के बाद एक कई हमले हुए हैं। हूतियों से जुड़े अल मसीरा टीवी ने सोमवार को बताया है कि बंदरगाह को निशाना बनाकर किए कम से कम छह हमले किए गए हैं। हुती विद्रोहियों ने इन हमलों के लिए इजराइल और अमेरिका को जिम्मेदार बताया है। इससे पहले रविवार को ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों ने इजराइल के मुख्य हवाई अड्डे को निशाना बनाकर हमला किया था।

एक्सियोस ने अपनी एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा है कि इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर यमन पर यह हमला किया है। वहीं चैनल 12 सहित इजराइली मीडिया ने भी एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी का हवाला देते हुए कहा है कि इजराइल यमन पर कई हमले करने जा रहा है। हालांकि इजराइल और अमेरिका की ओर से इन हमलों को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

**लाल सागर में आतंक मचा रहे हूती-** सोमवार को हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई मिसाइल से इजरायल के तेल अवीव एयरपोर्ट के पास एक गहरा गड्ढा बन गया था। मिसाइल गिरते ही यात्रियों में दहशत फैल गई थी। इसके बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हुती विद्रोहियों से बदला लेने की कसम खाई थी। हालांकि इजरायल और हुती विद्रोहियों के बीच शुरू हुई यह जंग पुरानी है। ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों ने गाजा में इजरायली सेना के सैन्य अभियान के विरोध में लाल सागर में कार्गो जहाजों को लगातार निशाना बनाया है।

## वर्ग पहेली 6905

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | | ■ | ८ | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | ■ | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. जिसका कोई भी दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने वाला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. देर, खजाना(उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**
१.आवश्यक रूप से, जरूरी
२. पूरी तरह भीगा हुआ
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने, योग करने संबंधी सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयकरी
११. पारिस्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डॉ. राधाकृष्णन को कहा जाता है
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजी, अर्चना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त(उर्दू)

## वर्ग पहेली-6904

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ■ | ■ | ३ भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ५ आ | कां | क्षा | ■ | ते | ■ |
| ६ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | ■ | ल | ■ | ९ द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | १० आ | स | ११ व | नी | ■ | ■ | १२ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १३ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | ■ | धि | ■ | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| रं | ■ | ह | ■ | १८ स | र | १९ स | ■ | णा | ■ |
| २० कु | मु | द | ■ | ब | ■ | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| श | ■ | २३ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चौकसी** *जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की एक बड़ी साजिश को किया नाकाम*

# पुंछ में पांच आईईडी बरामद कर संभावित हमलों को रोका

**जम्मू, (देशबन्धु)।** सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पहलगाम के बाद पुंछ में आतंकवादी बड़े हमले की फिराक में थे। समय रहते जवानों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। सुरक्षाबलों ने सोमवार को पुंछ से 5 आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े जब्त किए है। इसके बाद इलाके में भारतीय सेना का आपरेशन जारी है। दूसरी ओर पाक सेना द्वारा लगातार 11वीं रात एलओसी के लगभग सभी सेक्टरों में की जा रही गोलीबारी का भारतीयपक्ष द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने का पर्दापाश करते हुए 5 आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद किए हैं।

जवानों को यह सफलता पुंछ के सूरनकोट में मारहोट गांव में मिली है। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह आतंकियों के छिपने की जगह है। अधिकारियों ने बताया कि इस्तेमाल के लिए तैयार पांचों आईईडी (जिनका वजन आधा किलोग्राम से पांच किलोग्राम के बीच था) को मौके पर ही नियंत्रित विस्फोट में नष्ट कर दिया गया। इससे सीमावर्ती जिले में विस्फोट करने की आतंकवादियों की साजिश विफल हो गई। उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम सुरनकोट के मरहोटे इलाके के सुरंथल में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दो आईईडी स्टील की बाल्टियों में रखे हुए पाए गए, जबकि तीन अन्य को टिफिन बॉक्स में



■ पहलगाम हमले के बाद पुंछ में बड़े हमले की फिराक में थे आतंकी

पैक किया गया था। इसके अलावा, अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने से दो वायरलेस सेट, यूरिया के पांच पैकेट, पांच लीटर का एक गैस सिलेंडर, एक दूरबीन, तीन ऊनी टोपियां, तीन कंबल और कुछ पतलून और बर्तन बरामद किए गए हैं। इस बीच अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास आठ अग्रिम सेक्टरों में बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया गया और भारतीय सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच बढ़े तनाव के बीच नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के गोलीबारी की यह लगातार 11वीं रात है। जम्मू में एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि 4 और 5 मई की रात को, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के विपरीत इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने तुरंत और आनुपातिक रूप से जवाब दिया।

# खेल जगत

## स्कॉलरशिप ने तीरंदाजी में आने के लिए किया प्रेरित : सरवेश

**भागलपुर।** बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी अंडर-18 प्रतियोगिता में भाग ले रहे तमिलनाडु के स्मरण सरवेश ने कहा कि स्कॉलरशिप मिलने के बाद खेल में अधिक मन लगने लगा था। सरवेश ने भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के प्रवेश कर लिया है और अब गुरुवार को वह अपने खिताबी मुकाबले में स्वर्ण पर निशाना साधने उतरेंगे। सरवेश की मां तमिलनाडु में सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस यानी के एसपी की पद पर कार्यरत हैं और अब उनका बेटा तीरंदाजी में स्वर्ण पर निशाना साधने के लिए तैयार हैं. फाइनल में गुरुवार को सरवेश का सामना महाराष्ट्र के उज्जवल भरत ओलेकर से होना है। तमिलनाडु के इस युवा खिलाड़ी ने स्कॉलरशिप को लेकर कहा कि मैं भी खेलो इंडिया के स्कीम का हिस्सा हूं।



# केकेआर के लिए सीएसके के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 57वें मुकाबले में मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा जो केकेआर के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा। केकेआर के फिलहाल 11 मैचों में पांच जीत और इतनी ही हार के साथ 11 अंक हैं और उन्हें अपनी संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीन मैचों में जीत हासिल करनी होगी और अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं सीएसके 11 मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे अंतिम स्थान पर है और उनके लिए यह प्रयोग करने और साख बचाने की लड़ाई है।

दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 30 मुकाबलों में 19 में सीएसके जबकि 11 में केकेआर को जीत मिली है। कोलकाता में हुए मुकाबलों में भी सीएसके भारी है और वहां हुए 10 मुकाबलों में उन्होंने छह मैच जीते हैं। हालांकि इस साल चेपॉक, चेन्नई में हुए दोनों टीमों के बीच पहले मुकाबले में केकेआर को जीत मिली थी, जिसका बदला लेने सीएसके की टीम उतरेगी।



### धोनी जल्दी आएं तो स्पिनर्स को लाओ

वैसे तो महेंद्र सिंह धोनी आजकल बहुत ही नीचे और पारी के अंत में बल्लेबाजी के लिए आते हैं, लेकिन जिस तरह से सीएसके की बल्लेबाजी चल रही है, उससे हो सकता है कि उन्हें बीच के ओवरों में ही बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा। ऐसे में केकेआर के स्पिनर्स उन पर भारी पड़ सकते हैं। नारायण ने आईपीएल में धोनी को 16 में से सिर्फ दो पारियों में ही आउट किया है, लेकिन धोनी, नारायण पर सिर्फ 52 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं चक्रवर्ती ने धोनी को पांच में से तीन पारियों में आउट किया है और धोनी उन पर सिर्फ 63 के स्ट्राइक रेट और सिर्फ चार की औसत से रन बना पाते हैं। इसके अलावा आंद्रे रसेल ने भी धोनी को पांच में से दो पारियों में आउट किया है, जबकि धोनी उन पर 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

### स्पिनर्स की लड़ाई

केकेआर हो या सीएसके, दोनों टीमों में कुछ बेहतरीन स्पिनर हैं। जहां केकेआर में वरूण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और मोईन अली जैसे विश्व स्तरीय स्पिनर्स हैं, जिन्होंने सीएसके को इसी सीजन में चेपॉक पर उनके सबसे न्यूनतम घरेलू स्कोर 103/9 पर बांध दिया था। वहीं सीएसके के पास भी नूर अहमद, रवींद्र जडेजा और आर अश्विन जैसे स्पिनर्स हैं। जहां केकेआर के स्पिनर्स ने इस सीजन सबसे अधिक 31 विकेट लिए हैं, वहीं सीएसके के भी स्पिनर्स 28 विकेटों के साथ उनसे अधिक पीछे नहीं हैं।

### रहाणे बनाम स्पिनर्स

वैसे तो केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस सीजन के आईपीएल में तीन अर्धशतकों के साथ अच्छा फॉर्म दिखाया है, लेकिन स्पिनर्स के सामने वह संघर्ष करते नजर आए हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनका औसत 104.5 तो स्पिनर्स के खिलाफ सिर्फ 16.9 है। यह आईपीएल 2025 में कम से कम 50 स्पिन गेंद खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज का तीसरा सबसे कम औसत है। इसके अलावा वे स्पिनर्स पर सिर्फ 115 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं। रहाणे की पुरानी टीम सीएसके में भी जडेजा और अश्विन जैसे स्पिनर हैं, जो उनको परेशान कर सकते हैं। जडेजा ने रहाणे को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन रहाणे, उन पर सिर्फ 96 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा सीएसके के दूसरे स्पिनर आर अश्विन ने भी आईपीएल में रहाणे को 11 में से छह पारियों में आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ 102 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

# नेतृत्व की मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था : कोहली

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने आठ साल से ज्यादा समय के बाद नेतृत्व की भूमिका से दूरी बना ली, क्योंकि उनके लिए इसकी मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था। कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया और फिर अपनी फ्रेंचाइज के साथ-साथ भारत के लिए भी नेतृत्व की भूमिका निभाई। इस करिश्माई बल्लेबाज ने भारत के लिए नेतृत्व की भूमिका में असाधारण प्रदर्शन किया, लेकिन आरसीबी के लिए खिताब जीतने में विफल रहे। कोहली ने आरसीबी पॉडकास्ट - माइंडसेट ऑफ ए चैंपियन पर कहा कि एक

■ कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया

समय ऐसा भी आया जब मेरे लिए यह मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में बहुत कुछ हो रहा था।

मैं 7-8 साल तक भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मेरे द्वारा खेले गए हर मैच में बल्लेबाजी के नजरिए से मुझसे उम्मीदें थीं। मुझे ऐसा नहीं लगा कि ध्यान मुझ पर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कप्तानी नहीं होती, तो यह बल्लेबाजी होती। मैं 24×7 इसके संपर्क में रहता था। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था और अंत में यह बहुत ज्यादा हो गया। इसलिए मैंने



पद छोड़ दिया क्योंकि मुझे लगा कि अगर मैंने तय कर लिया है कि मुझे इस स्थान पर रहना है, तो मुझे खुश रहने की जरूरत है। मुझे अपने जीवन में एक जगह चाहिए जहां मैं बिना जज किए, बिना यह देखे कि आप इस सीजन में क्या करने जा रहे हैं और अब क्या होने वाला है, अपना क्रिकेट खेल सकूं।

36 वर्षीय कोहली ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ उनका जुड़ाव किसी भी ट्रॉफी से बढ़कर है। मेरे लिए, जो

आईपीएल 2025

सबसे ज्यादा मूल्यवान है, वह है इतने सालों में (आरसीबी के साथ) बनाया गया रिश्ता और आपसी सम्मान। और मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं कि हम जीतें या न जीतें, यह ठीक है। यह मेरा पल है। प्रशंसकों से मुझे जो प्यार मिला है, मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिताब या कोई भी ट्रॉफी उसके करीब आ सकती है, क्योंकि लोगों के उस प्यार का असर आपको कुछ जीतने से बहुत अलग होता है और अगली सुबह सब कुछ खत्म हो जाता है।

## डीसी कभी प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम लगती थी, लेकिन अब खतरे में : चावला

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने दिल्ली कैपिटल्स के फॉर्म में नाटकीय गिरावट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम, जो कभी प्लेऑफ की प्रबल दावेदार थी, के अब शीर्ष चार में जगह बनाने से चूकने का खतरा है हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारी बारिश के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया। इस परिणाम के साथ, डीसी 11 मैचों में 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर है, जबकि एसआरएच 11 मैचों में 7 अंकों के साथ अंक तालिका में 8वें स्थान पर पहुंच गई। इससे इस सीजन में प्लेऑफ की दौड़ और भी आसान हो गई है। डीसी के पास अभी भी मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मच बचे हैं और अगर वे तीनों मैच जीतते हैं और 19 अंकों पर पहुंचते हैं, तो उनके पास शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका होगा। चावला ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि यह वास्तव में कठिन होने वाला है। अपने पिछले छह मैचों में, उन्होंने चार मैच गंवाए हैं। हालांकि, एसआरएच के खिलाफ डीसी के लिए मैच पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था, लेकिन उनके द्वारा बनाए गए कुल स्कोर के आधार पर ऐसा लग रहा था कि यह एसआरएच की जीत की ओर बढ़ रहा है।

## शुभमन गिल के साथ खेलना मेरे क्रिकेट कॅरियर के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है : साई सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने माना है कि जीटी के कप्तान शुभमन गिल के साथ बीते 3 वर्ष उनके लिए खास रहे। उन्होंने ये भी कहा कि गिल के साथ खेलते हुए उनके खेल में निखार आया।

आईपीएल 2025 में सुदर्शन शानदार लय में नजर आए हैं। इस सीजन में उन्होंने 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्धशतक भी निकले। अपनी बल्लेबाजी के दम पर जीटी प्लेऑफ की रेस में काफी आगे चल रही है। सुदर्शन ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि बीते तीन वर्षों में मुझे कभी भी बल्लेबाजी के दौरान कोई परेशानी हुई तो मैंने हमेशा गिल से बातचीत की। वह बहुत अच्छे कप्तान हैं और मुझे लगता है कि वह समझते हैं कि खिलाड़ी को क्या चाहिए। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मुश्किलों का सामना कर रहे खिलाड़ियों को मौका देते हैं। हमने मैदान पर भी बहुत अच्छा वक्त बिताया। उम्मीद है कि हम इस सीजन में भी प्यारी यादें बनाएंगे। ऑरेंज कैप




■ सुदर्शन ने इस सीजन के 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्द्धशतक भी निकले

को लेकर उन्होंने कहा कि देखिए, यह एक प्रक्रिया है, जब आप रन बनाते हैं तो आप ऊपर की ओर जाते हैं। मैं समझता हूं मेरा ध्यान ऑरेंज कैप पर नहीं, बल्कि मेरा ध्यान अपनी टीम के लिए अहम योगदान देने पर केंद्रित है। अगर आप अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आप ऑरेंज कैप के बारे में सोचते हैं, तो मुझे लगता है कि आपकी क्षमता कम हो जाती है। आप खुद को थोड़ा और सीमित कर लेते हैं।

## गुजरात में खेल महाकुंभ 3.0 एथलेटिक्स में चमके 6300 खिलाड़ी

**नडियाद,** 06 मई (एजेंसियां)। गुजरात में खेडा जिले के नडियाद में आयोजित खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ी चमके हैं। इससे गुजरात को प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिले हैं।

सरकारी सूत्रों के मंगलवार को बताए अनुसार पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं और स्पोर्ट्स को प्रोफेशन बना रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन को जाता है। वर्ष 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने खेल महाकुंभ की नूतन पहल की थी, जिसके कारण राज्य के खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है और दूर-सुदूरवर्ती क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएँ उभर कर सामने आ रही हैं। इस पहल के कारण सरिता गायकवाड, मुरली गावित जैसे खिलाड़ी गुजरात को मिले हैं और इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर



राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में फिटनेस के महत्व के विषय में जागरूकता लाना तथा उन्हें खेलों; विशेषकर एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। गुजरात में खेल महाकुंभ पहल अंतर्गत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी इस विजन को साकार करती है। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा: हाल ही में गत 14 अप्रैल से 30 अप्रैल के दौरान खेडा जिला मुख्यालय नडियाद में खेल महाकुंभ 3.0 राज्य

■ हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है

■ पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं

स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के लगभग 6369 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हाई परफॉर्मेंस सेंटर में इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सुचारु आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 तथा ओपन एज ग्रुप के कुल 3251 पुरुष तथा 3118 महिला खिलाड़ी शामिल थे। खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 30 मीटर से लेकर 5000 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 100 मीटर हर्डल्स, 110 मीटर हर्डल्स, 400 मीटर हर्डल्स।,

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए टीम घोषित की, हेटमायर बाहर

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ)।** वेस्टइंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी वनडे दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा इस महीने के आखिर में शुरू होगा। कैरेबियाई टीम इस महीने के आखिर में यूरोप का दौरा करेगी, जहां उसे 21-25 मई तक आयरलैंड के खिलाफ तीन मैच और 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं। इस तरह से कुल छह वनडे मैच खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज ने शाई होप को एक बार फिर कप्तान बनाया है, जबकि ब्रैंडन किंग, एविन लुईस और कीसी कार्टी जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के अलावा पिछले साल आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर खिलाड़ी ज्वेल एंड्र्यू भी टीम में शामिल हैं। इस बीच, बाएं हाथ के बल्लेबाज शिमरॉन हेटमायर इस दौरे से नदारद हैं, क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो 2024 के अंत में इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में जीत के दौरान सफल रहे थे।

### प्राची ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के दूसरे दिन मंगलवार को महाराष्ट्र की प्राची ससिकांत गायकवाड ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (युवा महिला वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दिल्ली स्थित कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिला वर्ग की निशानेबाजी स्पर्धा में प्राची ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक, कर्नाटक की तिलोत्तमा ने 455.6 अंकों के साथ रजत और अनुष्का ने 445.7 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के बाद प्राची ने कहा कि यह मेरा खेलो इंडिया में दूसरा मौका है। पिछले साल चेन्नई में कांस्य जीता था, इस बार स्वर्ण पदक जीतकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं खेलो इंडिया के मान्यता प्राप्त केंद्रों को धन्यवाद देना चाहूंगी, जहां मुझे सही संसाधन और प्रशिक्षण मिला। स्वप्निल सर मेरे आदर्श हैं और उनकी ट्रेनिंग को फॉलो करती हूं। वो अगली पीढ़ी के शूटर्स को तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। महाराष्ट्र की खेलों में गौरवशाली परंपरा है और मैं राज्य का प्रतिनिधित्व करके गर्व महसूस करती हूं।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो डॉस सैंटोस को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। 14 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने पिता की तरह सऊदी अरब में अल-नासर (जूनियर टीम) के लिए खेलता है। रोनाल्डो ने अपने बेटे को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। रोनाल्डो की इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा है, ऑर्गुल्हो एम ती फिल्हो! (तुम पर गर्व है, बेटा!)। अंडर-15 पुर्तगाल राष्ट्रीय टीम 13 से 18 मई के बीच क्रोएशिया में व्लात्को मार्कोविक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में भाग लेने की तैयारी कर रही है। पुर्तगाली टीम चार मैच खेलेगी, पहले तीन मैच जापान (13 मई), ग्रीस (14 मई) और इंग्लैंड (16 मई) के खिलाफ होंगे। चौथा और अंतिम मैच 18 मई को होगा, जिसमें प्रतिद्वंद्वी का फैसला होना बाकी है।



# म्हात्रे, रघुवंशी, कोटियन समेत 280 खिलाड़ियों की नीलामी होगी आज

मुंबई, 6 मई (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग के तीसरे सीजन की रोमांचक नीलामी बुधवार को मुंबई में होगी। आठ टीमों वाली यह लीग 26 मई से 8 जून तक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें कुछ सबसे चमकीले उभरते सितारे शामिल हैं, जिनमें 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे शामिल हैं, जिन्होंने मौजूदा आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है, अंगकृष रघुवंशी, तनुश कोटियन और मुशीर खान जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, क्योंकि खिलाड़ियों के समूह में उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है। पूल में सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ी भी



■ म्हात्रे ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है

शामिल हैं, जो घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक बोली की उम्मीद है, क्योंकि टीमें अपने आदर्श संयोजनों को इकट्ठा करने का लक्ष्य रखती हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अभय हडप ने कहा कि यह रोमांचक खिलाड़ी पूल मुंबई क्रिकेट की प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता



को दर्शाता है। इसमें उभरते सितारों और स्थापित नामों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है, जो फ्रेंचाइजियों को प्रतिस्पर्धी टीमों का निर्माण करने के लिए शानदार विकल्प देता है। जैसा कि हमारा लक्ष्य भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार की अगली पीढ़ी को उजागर करना और बढ़ावा देना है, नीलामी एक गेम-चेंजर होगी - न केवल टीमों के लिए, बल्कि उन खिलाड़ियों के लिए जो इस भव्य मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। टी20 मुंबई लीग घरेलू टी20 क्रिकेट



में एक नया मानदंड स्थापित करेगी। टीमों ने पहले ही अपने-अपने दल में आइकन खिलाड़ियों को शामिल कर लिया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), अजिंक्य रहाणे (बांद्रा ब्लास्टर्स), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), पृथ्वी शॉ (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (एआरसीएस अंधेरी), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान और तुषार देशपांडे (मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स) शामिल हैं।

## इस साल हैदराबाद की परिस्थितियां हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं : विटोरी

**हैदराबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। सनराइर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने आईपीएल 2025 प्लेऑफ रेस से बाहर होने के बाद स्पष्ट किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी शैली स्वाभाविक रूप से आक्रामक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हैदराबाद की परिस्थितियां उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं और बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहीं।

विटोरी ने कहा कि मैंने निश्चित रूप से यह नहीं कहा था कि मैं आक्रामक अप्रोच का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा था कि हम परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हैं और इस साल हालात वैसे नहीं थे, जैसे हमने उम्मीद की थी। अगर आप पिछले साल देखें तो यहां कई हाई-स्कोरिंग मुकाबले हुए थे। उन्होंने कहा कि इस बार की पिचें

# मनराज, मानसी, रघु क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में हारे

■ मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया

**ताइपे,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के युवा बैडमिंटन दल ने मंगलवार को ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन किया, क्योंकि कोई भी एकल खिलाड़ी क्वालीफिकेशन दौर से आगे बढ़कर मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।



आशाओं की झलक दिखाने के बावजूद, पुरुष और महिला एकल दोनों में भारतीय चुनौती क्वालीफायर के दूसरे दौर में समाप्त हो गई। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह, जिन्होंने अपने अभियान की शुरुआत जोशपूर्ण शुरुआती दौर की जीत के साथ की, अपने-अपने अगले मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह ने शुरुआती दौर की जीत के साथ एकल क्वालीफिकेशन में उम्मीदें जगाईं, लेकिन अपने-अपने दूसरे दौर के मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह का दूसरे दौर का मुकाबला मलेशिया के टैन जिया जी से हुआ, जो सबसे करीबी नतीजों में से एक था। मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। हालांकि, वह एक कड़े मुकाबले में अपनी लय खो बैठे और अंत में 21-9, 19-21, 20-22 से हार गए। रघु मारिस्वामी, जिन्होंने दिन की शुरुआत मकाऊ के पुई पैंग फोंग (14-21, 21-16, 21-14) पर जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी, उस लय को आगे नहीं बढ़ा पाए। रैलियों में बने रहने के शानदार प्रयास के बावजूद वह इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से सीधे गेम में 16-21, 17-21 से हार गए। महिला एकल में, मानसी सिंह ने


ताइपे ओपन

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 7 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |

# अर्थ जगत

## बैंकिंग इतिहास की सबसे बड़ी डील! बिक सकता है ये बैंक

**नई दिल्ली।** यस बैंक की वजह जापान की एसएमबीसी के साथ चल रही बातचीत है। एसएमबीसी, यस बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है, जो भारत के बैंकिंग इतिहास की सबसे बड़ी डील हो सकती है। यह सौदा लगभग 1.7 बिलियन डॉलर (14,000 करोड़) का हो सकता है। मंगलवार को यस बैंक के शेयरों में तेजी देखी गई, जब एनएसई पर यह 9.6 प्रतिशत उछलकर 19.44 तक पहुंच गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में कुछ गिरावट आई और शेयर 18.11 पर ट्रेड करने लगा।



# फेड बैठक से पहले सोने में तूफानी तेजी!



## ग्लोबल कीमतें 3,400 डॉलर के करीब

*__नई दिल्ली।__ सोने की घरेलू कीमतों में लगातार तीसरे दिन मंगलवार को तेजी देखी गई। घरेलू फ्यूचर्स मार्केट में आज (6 मई) दोपहर के कारोबार में सोना 96,369 रुपये प्रति 10 ग्राम तक ऊपर गया। फिलहाल यह 96,310 के भाव पर है। इससे पहले एमसीएक्स पर सोने के बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट ने पिछले हफ्ते गुरुवार (1 मई) को 92,055 रुपये का इंट्राडे लो बनाया जबकि 22 अप्रैल को इसने 99,358 का नया रिकॉर्ड हाई बनाया था। इस तरह पिछले गुरुवार के लो से सोना 4 हजार रुपये से ज्यादा रिकवर हुआ है। हालांकि 22 अप्रैल के रिकॉर्ड हाई से यह अभी भी 3 हजार रुपये नीचे है। उधर घरेलू स्पॉट मार्केट में सोना फिलहाल* 96,500 के ऊपर है।

ग्लोबल मार्केट में बेचमार्क कीमतें आज कारोबार के दौरान 3,400 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गईं। पिछले कारोबारी दिन भी सोना तकरीबन 3 फीसदी मजबूत हुआ। 22 अप्रैल को रिकॉर्ड 3,500 डॉलर के पार जाने के बाद इसकी कीमतें 1 मई को 3,209.4 डॉलर तक नीचे चली गई थीं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मीटिंग से पहले फिलहाल सोने को सपोर्ट बतौर सुरक्षित विकल्प इस बेशकीमती धातु की मांग में आई तेजी से मिल रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय मीटिंग आज 6 मई से शुरू होगी जबकि 7 मई को ब्याज दरों पर फैसला आएगा। हालांकि इस मीटिंग में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बेहद कम है लेकिन मार्केट जुलाई से लेकर दिसंबर तक ब्याज दरों में कम से कम 80 बेसिस प्वाइंट की कटौती की उम्मीद कर रहा है। मार्केट की नजर अमेरिका और चीन के बीच छिड़े ट्रेड वॉर पर भी है। घरेलू फ्यूचर्स मार्केट एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार को दोपहर के कारोबार में 1,661 रुपये यानी 1.75 फीसदी की मजबूती के साथ 96,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर है।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने स्वर्ण भंडार में 59 टन सोना और जोड़ा

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 अपने भंडार में करीब 59 टन सोना बढ़ाया है, जिससे उसका भंडार बढ़कर 879.59 टन हो गया है। रिजर्व बैंक ने इसमें से 26 टन सोना सितंबर-मार्च के दौरान बढ़ाया है। पिछले 6 महीने में बढ़ाए गए 26 टन सोने में से 24 टन सोना भारत के बाहर बैंक ऑफ इंगलैंड और बैंक ऑफ इंटरनैशनल सेटलमेंट (बीआईएस) के पास रखा गया है। मार्च के अंत तक स्वर्ण भंडार का 58.20 प्रतिशत भारत में रखा गया है जबकि सितंबर 2024 तक 59.72 प्रतिशत सोना भारत में था। केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय रूप से संग्रहीत कीमती धातु की मात्रा मामूली रूप से बढ़कर 511.99 टन हो गई। स्थानीय तिजोरियों में रखे सोने के अलावा 348.62 टन सोना बैंक ऑफ इंगलैंड और बैंक फॉर इंटरनैशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था और 18.98 टन सोना जमा के रूप में रखा गया था। मार्च 2023 से रिजर्व बैंक ज्यादा सोना स्थानीय रूप से संग्रहीत कर रहा है और इसकी हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 में 59 प्रतिशत हो गई है। अगर मूल्य (डॉलर में) के हिसाब से देखें तो कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर 2024 के अंत के 9.32 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 के अंत में 11.70 प्रतिशत हो गई।

# बाजार ने 3 दिन से जारी बढ़त का सिलसिला तोड़ा



*__नई दिल्ली।__ वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार (6 मई) को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लाल निशान में बंद हुआ। इसी के साथ बाजार में पिछले तीन ट्रेडिंग सेशन से जारी तेजी का सिलसिला भी थम गया। रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई के शेयरों में मुनाफावसूली के चलते प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 और सेंसेक्स गिरावट में रहे।*

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज मजबूती के साथ 80,907.24 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 80,981.58 अंक के हायर और 80,481.03 अंक के नीचले स्तर तक गया। अंत में सेंसेक्स 155.77 अंक या 0.19 प्रतिशत की गिरावट लेकर 80,641.07 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,500.75 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 24,509.65 अंक तक चढ़ गया था। अंत में यह 81.55 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,379.60 पर बंद हुआ।

**टॉप लूजर्स**- सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में ज़ोमैटो), स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स सबसे ज़्यादा 1.94 से 3.15 प्रतिशत तक गिरे।

**टॉप गेनर्स** - दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम), हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले इंडिया उन 10 सेंसेक्स शेयरों में शामिल थे जो 1.66 प्रतिशत तक की बढ़त के साथ बंद हुए।

## क्यों आई गिरावट

बाजार में हाल की बढ़त के बाद निवेशकों की तरफ से मुनाफावसूली के कारण फाइनेंशियल स्टॉक्स में गिरावट आई। साथ ही सरकारी बैंक ऑफ बड़ौदा की कमजोर तिमाही नतीजों ने भी निवेशकों के सेंटीमेंट को प्रभावित किया।

# अप्रैल में सर्विस सेक्टर की रफ्तार बढ़ी, पीएमआई 58.7 पर पहुंचा

## मैन्युफैक्चरिंग और आईआईपी ग्रोथ में भी सुधार



*__नई दिल्ली।__ अप्रैल 2025 में भारत की सर्विस सेक्टर ग्रोथ में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी सेवा पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 58.7 हो गई, जो मार्च में 58.5 थी। इसका मतलब है कि देश के सेवा क्षेत्र में विस्तार की रफ्तार थोड़ी तेज हुई है। वहीं, कंपोजिट पीएमआई, जो मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों सेक्टर्स को मिलाकर तैयार होती है, अप्रैल में 59.7 रही, जबकि मार्च में यह 59.5 थी।*

बता दें कि पीएमआई का आंकड़ा अगर 50 से ऊपर होता है तो इसका मतलब होता है कि संबंधित क्षेत्र में विस्तार हो रहा है। 50 से नीचे होने पर संकुचन का संकेत मिलता है, और 50 का स्तर स्थिरता को दर्शाता है।

एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकॉनॉमिस्ट प्रांजल भंडारी ने कहा, भारत की सर्विस एक्टिविटी में मार्च की तुलना में ज्यादा तेजी देखी गई है। खास बात यह रही कि नए निर्यात ऑर्डर अप्रैल में जुलाई 2024 के बाद सबसे तेज रफ्तार से बढ़े हैं। लागत में राहत मिलने और कीमतें बढ़ाने की वजह से कंपनियों के मार्जिन बेहतर हुए हैं। हालांकि, भविष्य को लेकर कंपनियों का आत्मविश्वास थोड़ा कमजोर हुआ है। भारतीय सेवा प्रदाताओं की गतिविधियों में अप्रैल 2025 के दौरान तेज़ी देखी गई। नए कारोबार की आवक में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई, जो पिछले आठ महीनों में सबसे ऊंचे स्तर पर रही।

# मूडीज ने भारत की विकास दर अनुमान घटाया

*__नई दिल्ली।__ ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद की ग्रोथ रेट के अनुमान को 6.5 फीसदी से घटाकर मंगलवार को 6.3 फीसदी कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि यूएस ट्रेड पॉलिसी में अनिश्चितता और ट्रेड बैरियर्स के चलते वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव पड़ेगा।*

मूडीज ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' 2025-26 (मई संस्करण) में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव जैसे जियो-पॉलिटिकल तनावों से भी उसके बेसलाइन ग्रोथ आउटलुक पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। मूडीज ने कहा कि निवेशकों व बिजनेस की लागत बढ़ने के आसार हैं क्योंकि वे इन्वेस्टमेंट, एक्सपेंशन और/या गुड्स के सोर्सेज का फैसला करते समय नए जियो-राजनीतिक हालातों को ध्यान में रखते हैं।

मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए भारत के ग्रोथ अनुमानों को घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया, लेकिन 2026 के लिए इसे 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का स्टॉक स्प्लिट के बाद अब तक के सबसे बड़े कैश रिवॉर्ड का ऐलान



*__नई दिल्ली।__ बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक के सबसे बड़े डिविडेंड देने का ऐलान किया है। यह डिविडेंड चौथी तिमाही के नतीजों के साथ घोषित किया गया है। कंपनी ने बताया कि उसने हर 2 के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 8.35 का डिविडेंड देने की सिफारिश की है। प्रतिशत के हिसाब से बात करें तो यह 417.5 प्रतिशत का डिविडेंड है। यह डिविडेंड बैंक के शेयर स्प्लिट के बाद अब तक का सबसे ज़्यादा डिविडेंड होगा।*

**डिविडेंड को एजीएम में मंजूरी मिलना बाकी**- बैंक ने कहा है कि यह डिविडेंड अभी रेकमंडेशन के तौर पर है और इसे 29वीं सालाना आम बैठक में मंजूरी दी जाएगी। एजीएम के बाद ही डिविडेंड का भुगतान किया जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा ने डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है। 6 जून 2025 को जो निवेशक बैंक के शेयर अपने पास रखेंगे, उन्हें ही यह डिविडेंड मिलेगा। यानी अगर आपने बैंक के शेयर 6 जून तक खरीदे हैं और वो आपके डीमैट खाते में हैं, तो आप इस डिविडेंड के हकदार होंगे। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2025) में बैंक ऑफ बड़ौदा का मुनाफा 3.3 प्रतिशत बढ़कर 5048 करोड़ हो गया है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 43 |
| एक यूरो | 95. 94 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112. 57 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 87 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 138 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-144 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## सराफा बाजार


दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 97000 चांदी -97500

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 97000 चांदी -97500


## दाल- चावल भाव


महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।


## लोहा भाव


अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# एयरटेल बिज़नेस ने 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' सेवा की शुरुआत की

*__इंदौर।__ एयरटेल बिज़नेस ने बिज़नेस नेम डिस्प्ले सेवा के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। इस सेवा के ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल्स के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद बिज़नेस कॉल्स और स्पैम कॉल्स के बीच आसानी से अंतर करने में मदद मिलेगी।*

एयरटेल ने अपने ग्राहकों को स्पैम कॉल्स से राहत दिलाने के लिए भारत का पहला स्पैम-रोधी नेटवर्क शुरू किया है। इस पहल को देशभर में चलाए गए एक बड़े जनजागरूकता अभियान के ज़रिए ग्राहकों तक पहुंचाया गया, ताकि वे इस समस्या को बेहतर तरीके से समझ सकें और सतर्क रह सकें। इस पहल के चलते एक ओर जहां स्पैम कॉल्स को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने अनजान या स्पैम के रूप में चिन्हित कॉल्स को अनदेखा करना शुरू किया, वहीं दूसरी ओर इसका एक अनचाहा असर यह हुआ कि कई ब्रांड्स की कॉल्स भी स्पैम के तौर पर टैग हो गईं। इस वजह से ग्राहक कई बार बैंकों, फ़ूड डिलीवरी, कूरियर सेवा या डॉक्टर की ज़रूरी अपॉइंटमेंट जैसी अहम कॉल्स मिस कर देते थे। 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' इस समस्या का सीधा और सुरक्षित समाधान है। यह सेवा हर इनकमिंग कॉल में कंपनी का नाम दिखाकर ग्राहकों को स्पष्ट जानकारी देती है, जिससे वे सोच-समझकर फैसला ले सकें। इससे कंपनियां अपनी पहचान बेहतर ढंग से बना सकती हैं और ग्राहक धोखाधड़ी से सुरक्षित रहते हैं, जिससे एक भरोसेमंद और सुरक्षित संचार का माहौल बनता है।

एयरटेल बिज़नेस के डायरेक्टर एवं सीईओ, शरत सिन्हा ने कहा, एयरटेल में हमारा निरंतर प्रयास एक ऐसा संचार अनुभव देने का है जो स्मार्ट, सुरक्षित और पारदर्शी हो। 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' के ज़रिए हम व्यवसायों को हर कॉल के साथ विश्वास कायम करने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर दे रहे हैं, वहीं ग्राहकों को यह भरोसा मिल रहा है कि उन्हें कॉल कौन कर रहा है।

# निवेशकों के लिए एनएसई ने लागू किए नए नियम



*__मुम्बई।__ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने रिटेल निवेशकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एल्गोरिदमिक (एल्गो) ट्रेडिंग को लेकर नए नियम लागू किए हैं। ये बदलाव भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के हालिया दिशा-निर्देशों के तहत किए गए हैं। सोमवार को जारी सर्कुलर में ह्स्ब्ब ने स्टॉकब्रोकर, एल्गो प्रोवाइडर और निवेशकों के उपयोग किए जाने वाले सभी एल्गोरिदम पर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए हैं।*

**एपीआई क्सेस के लिए स्थिर आईपी जरूरी**- एसएसई के अनुसार, स्टॉकब्रोकर अब अपने क्लाइंट्स को एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग प्रणाली तक पहुंच दे सकते हैं। इसके लिए क्लाइंट्स को एक स्थिर आइपी पता देना अनिवार्य होगा, जिसे एपीआई टूल्स के साथ जोड़ा जाएगा। साथ ही हर ट्रेडिंग सत्र की शुरुआत से पहले सभी एपीआईसेशन को अनिवार्य रूप से लॉग आउट करना होगा।

**एक सैकेंड में अधिकतम 10 ऑर्डर की सीमा**- नए नियमों के तहत प्रति सैकेंड अधिकतम 10 ऑर्डर की सीमा तय की गई है। यदि कोई क्लाइंट इससे अधिक ऑर्डर देना चाहता है, तो उसे अपना एल्गोरिदम संबंधित एक्सचेंज के पास रजिस्टर कराना होगा। एनएसई ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर इस ऑर्डर सीमा में बदलाव किया जा सकता है, जिसकी पूर्व सूचना बाजार को दी जाएगी।

**एल्गो प्रोवाइडर्स के लिए भी सख्त शर्तें**- एनएसई ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी एल्गो प्रोवाइडर्स को एक्सचेंज के साथ रजिस्टर और लिस्ट होना होगा। यदि कोई ब्रोकर किसी रजिस्टर्ड एल्गो प्रोवाइडर के साथ तकनीकी या व्यावसायिक साझेदारी करता है, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह प्रोवाइडर किसी प्रकार के अनैतिक कार्य या कानून के उल्लंघन में शामिल न हो। इस नई व्यवस्था का मकसद एल्गो ट्रेडिंग में पारदर्शिता और जिम्मेदारी बढ़ाना है, ताकि रिटेल निवेशकों को जोखिम से बचाया जा सके।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

प्लॉट उपलब्ध हैं
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# भारत में ईवी की संख्या में आएगा तगड़ा उछाल



## 2032 तक सड़कों पर होंगी 12.3 करोड़ इलेक्ट्रिक गाड़ियां

*__नई दिल्ली।__ इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2032 तक 12.3 करोड़ इलेक्ट्रिक गाड़ियां (ईवी) सड़कों पर होंगी।*

मंगलवार को जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और 2030 के लिए निर्धारित 30 प्रतिशत ईवी के लक्ष्य को समर्थन मिलेगा। इस तेज बढ़ोतरी को सहायक सरकारी नीतियों, जैसे फेम-2 स्कीम से बढ़ावा मिला है, जो पब्लिक चार्जिंग इंफ्रा के लिए पूंजी सब्सिडी के साथ-साथ इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर और फोर-व्हीलर गाड़ियों के लिए मांग प्रोत्साहन प्रदान करती है।

**2030 तक 40 प्रतिशत होंगी इलेक्ट्रिक बसें**- ये राष्ट्रीय ईवी लक्ष्य परिदृश्य के अनुरूप है, जो पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनईवी परिदृश्य 'ईवी30एट30' महत्वाकांक्षा पर आधारित है, जिसमें ये माना गया है कि 2030 तक, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर गाड़ियों के लिए ईवी की पहुंच 80 प्रतिशत, प्राइवेट इलेक्ट्रिक कार के लिए 30 प्रतिशत, कमर्शियल कार के लिए 70 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक बसों के लिए 40 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। ये ट्रांसपोर्ट इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए नीति आयोग के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

**2024 में सिर्फ 6 प्रतिशत थीं इलेक्ट्रिक कार**- 'भारत इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर मार्केट ओवरव्यू' टाइटल वाली रिपोर्ट में देश के इंफ्रा और ऊर्जा परिदृश्य पर इस बदलाव के संभावित प्रभाव को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट ने बताया गया कि भारत में 2024 में सड़कों पर ईवी सेगमेंट में इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 93 प्रतिशत से ज्यादा रही। इसके विपरीत, इलेक्ट्रिक कार की हिस्सेदारी लगभग 6 प्रतिशत थी, जबकि इलेक्ट्रिक बस और ट्रक की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से भी कम थी। उल्लेखनीय रूप से, इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट देश के विस्तारित प्राइवेट और डोमेस्टिक चार्जिंग इकोसिस्टम के प्रमुख चालक के रूप में उभरा है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# सायरन बजते ही हवाई हमले बचने आज होगी मॉक- ड्रिल

## जबलपुर अतिसंवेदनशील की श्रेणी में, प्रशासन की उच्च स्तरीय बैठक





## सेना के अधिकारियों के साथ मंथन

*जबलपुर, देशबन्धु। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के रिश्तों के बीच केंद्र सरकार ने आज सात मई बुधवार के लिये मॉर्क ड्रिल का ऐलान किया है, इसी के चलते जबलपुर में प्रशासन अलर्ट है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आला अधिकारियों की जरूरी बैठक आयोजित की गई जिसमें सेना के अधिकारी भी मौजूद थे। इसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय की गाइड लाइन के अनुसार जबलपुर में भी युद्ध की स्थिति में आम जनों को कैसे अपने को सुरक्षित रखना है, इसके लिये मार्कड्रिल आज बुधवार को की जायेगी।*

सुरक्षा के लिहाज से जबलपुर अतिसंवेदनशील की श्रेणी में आता है इसलिये विशेष सुरक्षा या सावधानी बरती जायेगी। इसी को देखते हुये किसी भी विपरीत स्थिति में मददगार साबित होने वाले विभागों के बीच समनवय बनाने का काम किया जायेगा। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसपी संपत उपाध्याय, ननिज आयुक्त प्रीति यादव एवं सैन्य अधिकारियों सहित दो दर्जन से ज्यादा अधिकारियों ने उपयोगी मंथन किया।

### सायरन बजते ही बचाव कार्य शुरू होंगे

मॉक ड्रिल के दौरान जैसे ही खतरे का सायरन बजेगा, वैसे ही प्रशासन की बचाव टीम सक्रिय हो जायेगी। घायलों को तुरंत हास्पिटल पहुंचाया जायेगा और ज्यादा से ज्यादा प्रभावित लोगों को कैसे तत्काल उपचार मिल सके, इसे सुनिश्चित करने की कवायद मॉक ड्रिल में देखने को मिलेगी।

### भीड़-वाले स्थान पर होगी मॉक ड्रिल

सूत्रों के अनुसार आज होने वाली मॉक ड्रिल भीड़ वाले स्थान पर संभावित है। सूत्रों के अनुसार जबलपुर के नौदराब्रिज चौक पर हो सकती है। यहां शाम के चार बजे स हूटर के बजते ही तमाम प्रशासनिक अमला एक्टिव हो जायेगा। इसमें ऐसा बताया जायेगा, यहां पर हवाई हमला हो गया, घायलों को समीपस्थ हास्पिटल में लाया जायेगा।

### 12 मिनट का होगा ब्लेक आउट

मॉक ड्रिल जहां शाम चार बजे होगी, वहीं जबलपुर में ब्लेक आउट शाम 7:30 बजे से 7:42 मिनट का होगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि इस दौरान पहले-पहले तीन बार सायरन बजेगा, इसके बाद जैसे ही बारह मिनट हो जाएंगे, उसके बाद लंबा सायरन बजेगा। यह बात का संकेत होगा कि खतरा टल गया है। ब्लेक आउट के समय सड़कों पर चलने वाले वाहन रोककर उनकी लाइट बंद कर जायेगी, वहीं अस्पतालों में ऐसे पर्दे या व्यवस्था की जायेगी ताकि बिना लाइट बंद किये भी उसकी रोशनी बाहर दिखाई न पड़े। इसके लिये प्रशासन ने जरूरी इंतजाम कर लिये हैं।

# 10 वीं बोर्ड में शैजाह, 12 वीं बोर्ड में शहर के कार्तिक रहे स्टेट टॉपर

## इस बार भी बेटों से आगे रहीं बेटियां



**जबलपुर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल का बोर्ड परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इस बार भी बेटियां, बेटों से आगे रहीं। 10वीं बोर्ड में जहां शहर की शैजाह फातिमा, मोहम्मद अशहद, रौनक और दिव्यांग छात्र विवेक ने जबलपुर का गौरव बढ़ाया तो वहीं 12वीं में शहर के कार्तिक, ओम, सिमरन, अमृता ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया। 10 वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में शहर की शैजाह फतिमा ने जहां तीसरा स्थान वहीं स्प्रिंग डे स्कूल के छात्र मोहम्मद अशहद ने पांचवा स्थान प्राप्त किया, वहीं रौनक, प्रिंस राठौर ने भी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान पाया है। दिव्यांग छात्र विवेक पटेल ने 500 में से 436 अंक हासिल कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

छात्र अंधमूक बाईपास हाई स्कूल का छात्र है। 12वीं में सीएम राइज स्कूल गढ़ा के कार्तिक गुप्ता ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 4 था स्थान प्राप्त किया, वहीं मॉडल स्कूल के ओम दुबे ने सातवां, खितौला स्कूल की सिमरन साहू ने छटवां, अमृता पांडे मॉडल स्कूल ने 8वां, ग्रीनवेली स्कूल की सिद्धि शुक्ला ने आठवां स्थान, पाटन स्कूल से कृष्ण बहादुर सिंह ने 9 वां पनागर स्कूल से कहकशा अंजुम ने 10 वां स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि इस वर्ष 9 लाख 53 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से 76.22 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। वहीं 12 वीं की परीक्षा में इस बार 7 लाख 6 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से 74.48 फीसद पास हुए। सतना की प्रियल द्विवेदी ने मैथ-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। शहर के गढ़ा स्थित सीएम राइज स्कूल के छात्र कार्तिक गुप्ता ने गणित समूह में 500 में से 488 अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान हासिल किया। कार्तिक को गणित में 100 में से 100 अंक मिले हैं। इस साल करीब 16 लाख स्टूडेंट्स ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा दी है। जबलपुर में 12वीं कक्षा में करीब 19 हजार छात्र बैठे थे। जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी का कहना है कि रिजल्ट आते ही छात्र अपने-अपने स्कूल पहुंच रहे है। एक दिन पहले ही स्कूल में पदस्थ सभी टीचरों को निर्देश दिए थे कि समय से वो अपने-अपने स्कूल पहुंच जाए।

**परिणाम जानने अधिकृत वैबसाइट का ही करें प्रयोग**- विद्यार्थी बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट के जरिए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। वे ऐप के जरिए भी रोल नंबर और आवेदन क्रमांक दर्ज करके रिजल्ट हासिल कर सकते हैं।

**अनुतीर्ण छात्र न हो निराश, 17 जून को फिर दे सकेंगे परीक्षा**- माशिमं की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज ने कहा, जो छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत की गई। इस तरह का प्रयोग करने वाला मध्यप्रदेश देश का तीसरा राज्य बन गया है। ये फैसला नई शिक्षा नीति-2020 के तहत लिया गया है। इस बदलाव से उन छात्रों को राहत मिलेगी, जिन्हें एक या अधिक विषयों में फेल होने पर पूरे साल इंतजार करना पड़ता था। इससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलते हैं और उनका साल खराब नहीं होता।

### कोई परीक्षा आखिरी नहीं- डॉ. रुचि सोनी

मनोचिकित्सक डॉ. रुचि सोनी ने कहा- 10वीं और 12वीं जैसी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, छात्रों के लिए एक अहम मोड़ जरूर होते हैं लेकिन इन्हें जीवन की अंतिम कसौटी नहीं माना जाना चाहिए। परीक्षाएं हमारे ज्ञान का मूल्यांकन करती हैं। जीवन की सफलता केवल अंकों से तय नहीं होती। अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को यह समझाएं कि असफलता, भविष्य की सफलता की नींव बन सकती है। छात्र अपनी तुलना दूसरों से न करें बल्कि अपनी रुचियों और क्षमताओं को पहचान कर आगे की दिशा तय करें।



कार्तिक



ओम दुबे

### ओम दुबे ने 500 में से 484 नम्बर पाये

12वीं की परीक्षा में कामर्स विषय से ओम दुबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें उन्होंने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये वे मॉडल हाई स्कूल के छात्र हैं, वे **देशबन्धु** परिवार के सदस्य के.के. दुबे एवं मनीषा दुबे के सुपुत्र हैं। भविष्य में वे सीए बनना चाहते हैं। कामर्स विषय की सूची में उन्होंने 7वां स्थान प्राप्त किया है। वे अपनी सफलता के लिये माता-पिता के साथ गुरुजनों का योगदान और आर्शीवाद मानते हैं। ओम तीन सालों से जबलपुर की प्रसिद्ध रामलीला समिति में राम का पात्र अभिनय करते हैं। **देशबन्धु** परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

### तेज आंधी में दो विद्युत टावर गिरे

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी के बुडवा छेत्र अंतर्गत ग्राम सुखाड में तेज आंधी तूफान में दो विद्युत टॉवर बिजली टावर गिर गये हैं। अधिकारी कह रहे ठीक होने में लगेगा दो सप्ताह लग सकता है। तेज हवाओं और बवंडर के कारण इस तरह का हादसा हुआ है। इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 126 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 134 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 140 |

मो.- 9039925999


## मुख्य महाप्रबंधक नीता राठौर द्वारा ऑफिसर पोर्टल का शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) नीता राठौर एवं अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री एस. के. गिरिया द्वारा 6 मई 2025 को 1912 निदान 2.0 ऑफिसर पोर्टल के नवीन संस्करण का विधिवत शुभारंभ किया गया इस अवसर पर केंद्रीयकृत निदान कॉल सेंटर 1912 के उपमहाप्रबंधक रवितोष कुमार शर्मा ने पोर्टल की नई विशेषताओं की जानकारी दी।

उपमहाप्रबंधक श्री शर्मा ने बताया कि मुख्य महाप्रबंधक नीता राठौर एवं अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक एस. के. गिरीया के मार्गदर्शन में उपभोक्ता सेवाओं के साथ-साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों को और अधिक सरल, प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

















**नेशनल हॉस्पिटल**

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग

28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान



**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 144 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 138 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 130 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 130 |

मो.-9039925000, 9425800409